आश्विन शुक्ल पक्ष एकादशी 06:41 उपरांत द्वादशी विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

सोमवार, 14 अक्टूबर 2024
वर्ष 3, अंक 65, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

अयोध्या

एक सम्पूर्ण अखबार



www.amritvichar.com


एनएफओ : म्यूचुअल फंड में निवेश के नए मौके 16

परिवार के साथ श्रीलंका में जन्मदिन मनाएंगी पूजा 15


मूर्ति विसर्जन पर बवाल

# पथराव व फायरिंग, युवक की मौत

## बहराइच के महराजगंज में धार्मिक स्थल पर डीजे बजाने पर विवाद, मौत के बाद वाहनों में तोड़फोड़ और आगजनी

संवाददाता, लखनऊ/बहराइच।

**अमृत विचार :** बहराइच के महसी तहसील के महराजगंज बाजार में रविवार शाम मूर्ति विसर्जन के दौरान धार्मिक स्थल के पास डीजे बजाने और जयकारा लगाने को लेकर समुदाय विशेष ने पथराव शुरू कर दिया। इसके बाद फायरिंग करने लगे। फायरिंग में युवक को गोली लगी, उसे इलाज के लिए मेडिकल कालेज ले जाया गया जहां डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मेडिकल कॉलेज के सामने युवक का शव रखकर लोगों ने प्रदर्शन शुरू कर दिया। डीएम और विधायक के आश्वासन पर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया।वहीं,

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने घटना का संज्ञान लेते हुए लखनऊ में जारी बयान में कहा कि माहौल खराब करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को उपद्रवियों की पहचान कर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। एडीजी गोरखपुर एसकेएस प्रताप, देवीपाटन परिक्षेत्र के डीआईजी अमरेंद्र प्रताप सिंह ने घटनास्थल का मुआयना किया। डीजीपी ने एसपी से पूरे मामले की रिपोर्ट तलब की है। उधर देर शाम थानाध्यक्ष हरदी व चौकी इंचार्ज महसी को निलंबित कर दिया गया है। अन्य पुलिसकर्मियों की भूमिका की जांच की जा रही है।

रेहुआ मंसूर गांव की दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के लिए रविवार शाम जुलूस निकला। जुलूस हरदी थानाक्षेत्र के महाराजगंज बाजार स्थित धार्मिक स्थल और बाजार निवासी अब्दुल हमीद के घर के सामने से निकल रही थी। जुलूस में युवक जयकारा लगा रहे थे। डीजे भी तेज आवाज में बज रहा था। इस पर समुदाय विशेष के लोगों ने मूर्तियों पर पथराव शुरू कर दिया। अचानक हुए पथराव के कारण जुलूस में भगदड़ मच गई। अभी लोग संभल पाते कि अराजकतत्वों ने फायरिंग शुरू कर दी। रेहुआ मंसूर गांव निवासी रामगोपाल मिश्रा (22) घायल हो गए। मेडिकल कॉलेज बहराइच में इलाज के दौरान मौत हो गई। पथराव में बहोरिकापुर के तिवारी पुरवा निवासी मक्कर तिवारी, महाराजगंज निवासी सरोज तिवारी समेत 7 लोगों के घायल होने की सूचना है। वहीं, बवाल के बाद पहुंची पुलिस ने लोगों पर जमकर लाठीचार्ज किया। जिसमें कई लोग चोटिल हो गए। मृतक का नाखून उखाड़ने व 18 से 20 राउंड गोली चलने की बात को पुलिस ने गलत बताया है।



बहराइच के महाराजगंज में विवाद के बाद क्षतिग्रस्त वाहन। ● अमृत विचार

### महसी में माहौल बिगाड़ने वाले नहीं बचेंगे: योगी

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि बहराइच के महसी में माहौल बिगाड़ने वाले नहीं बचेंगे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि उपद्रवियों की पहचान कर कठोर कार्रवाई करें। धार्मिक संगठनों से संवाद कर मूर्ति विसर्जन समय पर करवाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी की सुरक्षा की गारंटी है। उन्होंने प्रशासन और पुलिस अधिकारियों को मौके पर मौजूद रहने के निर्देश दिए। बताया कि सभी को सुरक्षा देने की गारंटी सरकार की है। प्रशासन व पुलिस के अधिकारी मौके पर मौजूद रहें। जिसकी लापरवाही से घटना हुई उनको चिह्नित करें उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई होगी।

- मेडिकल कॉलेज के सामने शव रखकर प्रदर्शन, पीएसी ने किया लाठी चार्ज
- क्षेत्र में तनाव, एसओ हरदी और चौकी इंचार्ज महसी निलंबित, जांच शुरू

मौके पर पुलिस फोर्स तैनात कर दिया गया है। स्थिति नियंत्रण में है। कुछ लोगों को हिरासत में लिया गया है। घटना की रिपोर्ट दर्ज की गई है। आरोपियों के खिलाफ कड़ी करवाई की जाएगी। **-एसकेएस प्रताप,** एडीजी जोन गोरखपुर

### शव रखकर प्रदर्शन, विसर्जन पर रोक

रामगोपाल का शव मेडिकल कॉलेज से संबद्ध महर्षि बालार्क जिला चिकित्सालय के सामने रखकर लोगों ने प्रदर्शन शुरू कर दिया। दो घंटे से अधिक समय तक प्रदर्शनकारियों को समझाने का प्रयास चला। सूचना पाकर देवीपाटन मंडल के मंडलायुक्त शशिभूषण लाल सुशील, जिलाधिकारी मोनिका रानी और महसी विधायक सुरेश्वर सिंह मौके पर पहुंचे। महराजगंज में पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला, एसडीम, एडीएम और एएसपी पुलिस व पीएससी के साथ कैंप कर रहे हैं। हरदी थाना क्षेत्र के महाराजगंज बाजार में गोली और पथराव को लेकर फखरपुर, कैसरगंज, शहर क्षेत्र, शिवपुर में भी लोगों ने विरोध जताया। मूर्तियों का विसर्जन रोक दिया। पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला ने बताया कि थानाध्यक्ष हरदी एसके वर्मा और चौकी इंचार्ज महसी शिव कुमार को निलंबित करते हुए विभागीय जांच का आदेश दिया गया है। अन्य पुलिस कर्मियों की भूमिका की भी जांच की जा रही है।

# बाबा सिद्दीकी की हत्या के पीछे लॉरेंस बिश्नोई गैंग

## सोशल मीडिया पोस्ट में कहा- सलमान की मदद करने वाले हिसाब लगा ले

- हत्याकांड में शामिल 4 लोगों में दो बहराइच के
- छह साल पहले गए मुंबई, पंजाब जेल में की मुलाकात

एजेंसी/राज्य ब्यूरो, मुंबई/लखनऊ

**अमृत विचार :** एनसीपी नेता बाबा सिद्दीकी हत्याकांड में लॉरेंस बिश्नोई गैंग ने जिम्मेदारी ली है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में हत्या की जिम्मेदारी लेते हुए गैंग ने कहा है कि जो सलमान खान की मदद करेगा अपना हिसाब लगाकर रख लेना।

दरअसल राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के नेता बाबा सिद्दीकी (66) को मुंबई में बांद्रा इलाके के खेर नगर में उनके विधायक पुत्र जीशान सिद्दीकी के कार्यालय के बाहर शनिवार रात को गोली मार दी थी। मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। मुंबई पुलिस ने रविवार को कहा कि उस सोशल मीडिया पोस्ट की प्रामाणिकता की जांच की जा रही है। एडीजी कानून-व्यवस्था अमिताभ यश के अनुसार, मुंबई पुलिस के हत्थे चढ़े बहराइच के रहने वाले शिवा गौतम और धर्मराज कश्यप की उम्र 18 से 20 साल के बीच है। इन दोनों के अलावा हरियाणा का गुरमेल भी पकड़ा गया है जबकि चौथा शूटर पंजाब के जालंधर का रहने वाला जीशान अख्तर है। एसपी बहराइच वृंदा शुक्ला ने बताया कि कैसरगंज कोतवाली की टीम दोनों के परिजन से पूछताछ की जा रही है। परिवार के लोग सिर्फ इतना बता रहे हैं दोनों पुणे में कबाड़ का काम करने गए थे।



मुंबई में पोस्टमार्टम के बाहर उपस्थित एनसीपी के नेता व परिवार के सदस्य।

### बालीवुड के सितारों से थे करीबी संबंध

सिद्दीकी को सलमान खान, शाहरुख खान और संजय दत्त सहित बॉलीवुड के कई सितारों के करीबी के रूप में भी जाना जाता था। इससे पहले, अधिकारियों ने बताया कि मुंबई पुलिस ने बाबा सिद्दीकी की हत्या की विभिन्न पहलुओं से जांच शुरू कर दी है, जिसमें सुपारी लेकर हत्या, कारोबारी प्रतिद्वंद्विता या एक बस्ती की पुनर्वास परियोजना को लेकर मिली धमकी के पहलू भी शामिल हैं।



बाबा सिद्दीकी की हत्या में बहराइच के दो शूटरों के नाम सामने आए। इन दोनों को मुंबई पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मुंबई पुलिस के अधिकारी लगातार पूछताछ कर रहे हैं। यूपी पुलिस से जो जानकारी मुंबई पुलिस मांगेगी, उपलब्ध कराई जाएगी। **-अमिताभ यश,** एडीजी लॉ एंड ऑर्डर

## एक नजर

### हरियाणा में नया मुख्यमंत्री चुनने को पर्यवेक्षक बने शाह

**नई दिल्ली।** भाजपा ने हरियाणा में विधायक दल के नेता के चुनाव के लिए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को केंद्रीय पर्यवेक्षक नियुक्त किया है। पार्टी महासचिव अरुण सिंह ने रविवार को बताया कि पार्टी के संसदीय बोर्ड ने हरियाणा में विधायक दल के नेता के चुनाव के लिए शाह और मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव को केंद्रीय पर्यवेक्षक नियुक्त किया है।

### किसानों ने सड़कें जाम कीं रेल पटरियों पर धरना दिया

**लुधियाना/अमृतसर।** पंजाब के किसानों ने चालू खरीफ विपणन सत्र में धान की कथित धीमी खरीद के खिलाफ रविवार को राज्य में कई स्थानों पर सड़कें जाम कर दीं और रेल पटरियों पर धरना दिया। संयुक्त किसान मोर्चा ने जहां दोपहर 12 से तीन बजे तक राज्यव्यापी सड़क नाकेबंदी का आह्वान किया।

# नहीं होने देंगे किसी के साथ अन्याय

## मुख्यमंत्री लोगों की सुनी समस्याएं, कहा- कमजोरों को उजाड़ने वाले न बख्शे जाएं

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** शारदीय नवरात्र और विजयादशमी पर्व के लगातार तीन दिन आनुष्ठानिक कार्यक्रमों में व्यस्तता के बाद रविवार की सुबह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर मंदिर परिसर में लोगों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार किसी के साथ अन्याय नहीं होने देगी।

जनता दर्शन में योगी ने अधिकारियों को दो टूक हिदायत दी है कि किसी की जमीन पर अवैध कब्जा करने वाले और कमजोरों को उजाड़ने वाले किसी भी सूरत में बख्शे न जाएं। उनके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए। साथ ही जो लोग किन्हीं कारणों से सरकार की योजनाओं के लाभ से वंचित हैं, उन्हें लाभ दिलाएं। सरकार किसी के भी साथ अन्याय नहीं होने देने और हर नागरिक के जीवन में खुशहाली लाने को प्रतिबद्ध है।

योगी ने सबके प्रार्थना पत्रों को संबंधित अधिकारियों को संदर्भित करते हुए त्वरित और संतुष्टिपरक निस्तारण के निर्देश दिए।



गोरखपुर में फरियादियों की समस्याओं को सुनते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

# दीपावली बाद होली में भी मिलेगा मुफ्त गैस सिलेंडर

**लखनऊ।** प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत दीपावली के बाद होली में भी एक रसोई गैस सिलेंडर मुफ्त दिया जाएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर यह शासनादेश जारी हो गया है।

सरकार के इस निर्णय का सीधा लाभ प्रदेश के 1.85 करोड़ उज्ज्वला लाभार्थियों को होगा। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना पूरे देश में चलाई जा रही है। पिछले साल साल दो सिलेंडर निशुल्क उज्ज्वला लाभार्थियों को दिए गए थे। इस वर्ष लाभार्थियों की कुल संख्या बढ़कर 1.85 करोड़ हो गई है। पिछले साल करीब 85 लाख महिला लाभार्थियों को इस योजना का लाभ मिला था।

# 9 सीटों पर प्रत्याशी उतारेगी भाजपा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**यूपी उप चुनाव**

- प्रत्याशियों पर हाईकमान ने लगाई मुहर, नए चेहरों पर लगाएगी दांव
- एक सीट पर लड़ेगी रालोद, संजय निषाद को मनाएंगे मुख्यमंत्री

**अमृत विचार:** विधानसभा के उप चुनाव को लेकर भाजपा हाईकमान ने रविवार को सभी प्रत्याशियों के नामों पर मुहर लगा दी। भाजपा 9 सीटों पर लड़ेगी, ज्यादातर नए प्रत्याशी उतारे जाएंगे। एक सीट रालोद को दी गई है। साथ ही, निषाद पार्टी के प्रमुख संजय निषाद को मनाने की जिम्मेदारी मुख्यमंत्री को दी गई है। तय हुआ कि प्रत्याशियों के नामों की घोषणा चुनाव अधिसूचना को ध्यान में रखकर 20 अक्टूबर तक की जाएगी।

नई दिल्ली में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के आवास पर रविवार देर शाम हुई बैठक में गृह मंत्री अमित शाह मौजूद थे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी, दोनों उप मुख्यमंत्री केशव प्रसास मौर्य और ब्रजेश पाठक समते महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह भी पहुंचे। दो घंटे मंथन के बाद केंद्रीय नेतृत्व को सौंपी गई हर सीट से दो-दो प्रत्याशी के पैनल से एक-एक नाम पर सर्वानुमति बनी। सूत्रों का कहना है कि केंद्रीय नेतृत्व ने पहले ही हिदायत दे रखी थी कि प्रदेश कोर कमेटी खुद हर सीट पर प्रत्याशी तय करे, यदि नहीं कर पाती है, तो पैनल में दो से ज्यादा नाम नहीं होने चाहिए। सहयोगी दलों में रालोद और निषाद पार्टी ने दो-दो सीटों पर दावेदारी पहले ही केंद्रीय नेतृत्व को भेज रखी थी।

सूत्रों का कहना है कि इसमें सिर्फ मुजफ्फरनगर की मीरापुर सीट की रालोद के खाते में गई, जहां वह अपने चुनाव निशान पर प्रत्याशी घोषित करेगें, लेकिन प्रत्याशी चयन में भाजपा की सर्वानुमति भी ली जाएगी। यह भी तय हुआ कि पिछली बार 2022 में जिन दो सीटों पर निषाद पार्टी के कोटे से प्रत्याशी उतारे गए थे, वहां इसबार भाजपा प्रत्याशी की ही प्रत्याशी लड़ेगा। इन प्रत्याशियों के नाम भी तय किए गए। साथ ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को निषाद पार्टी के प्रमुख संजय निषाद को मनाने के साथ चुनाव प्रचार में सभी सीटों पर उनका सहयोग लेने को कहा गया।

# ट्रेन से अपहरण कर युवती से सामूहिक दुष्कर्म

## भिंड के सोनी स्टेशन से इटावा आने के लिए कोटा एक्सप्रेस में सवार हुई थी युवती

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार:** इटावा जिले की रहने वाली युवती का शनिवार रात ट्रेन से अपहरण करके सामूहिक दुष्कर्म किया गया। अपराधी देर रात युवती को कानपुर-आगरा हाईवे पर उझियानी गांव के पास फेंक कर फरार हो गए। बाद में युवती ने ग्रामीणों की मदद से परिजनों को फोन कर जानकारी दी। युवती के परिजनों ने बकेवर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने युवती का मेडिकल कराया।

पुलिस के अनुसार इटावा जिले के एक थाना क्षेत्र की रहने वाली युवती शुक्रवार को मध्यप्रदेश के भिंड जिले के एक मंदिर में पूजा अर्चना करने गई थी। वह शनिवार शाम भिंड के सोनी रेलवे स्टेशन से कोटा एक्सप्रेस में इटावा आने के लिए सवार हुई। ट्रेन शाम करीब 6 बजे वहां से चली। युवती ने पुलिस को बताया कि ट्रेन में एक युवक मोबाइल से उसका वीडियो बनाने लगा। युवती ने इसका विरोध किया तो युवक के साथ उसकी कहासुनी हुई। इसके बाद युवक दूसरे कोच में चला गया। थोड़ी देर बाद उसने पुनः कोच में आकर युवती को बहाने से कुछ सुंघा दिया जिससे वह बेहोश हो गई। युवती को जब होश आया तो उसने अपने आप को एक कमरे में बंद पाया। जहां उसे 5 घंटे तक बंधक बनाकर रखा गया। उस कमरे में तीन युवक मौजूद थे। तीनों युवकों ने उससे दुष्कर्म किया। देर रात उसे आगरा-कानपुर हाईवे पर उझियानी के समीप सड़क किनारे फेंक कर फरार हो गए। बकेवर पुलिस ने युवती को रिकवर किया। परिजन भी थाने पहुंच गए।



**दरिंदगी**

- रास्ते में ट्रेन में वीडियो बनाने पर हुआ विवाद तो युवक ने नशीला पदार्थ खिलाकर बेहोश किया
- शनिवार देर रात युवती को कानपुर-आगरा हाईवे पर फेंककर आरोपी फरार

पीड़िता के बयान के आधार पर घटनास्थल का अवलोकन कराया जायेगा। फिलहाल आरोपियों की पहचान नहीं हो पाई है। **- शैलेश निगम,** प्रभारी, जीआरपी इटावा

पीड़िता की शिकायत के आधार पर पुलिस ने बकेवर थाने में मामला दर्ज कर लिया है। आरोपियों की पहचान करने की कोशिश की जा रही है। **- सत्यपाल सिंह एसपी (ग्रामीण)** इटावा

# महापंचायत पर डासना मंदिर के बाहर बवाल, लाठीचार्ज

**गाजियाबाद।** पैगम्बर मोहम्मद साहब पर अभद्र टिप्पणी करने के आरोपी डासना मंदिर के महंत यति नरसिंहानंद के समर्थन में रविवार को महापंचायत करने की कोशिश को पुलिस ने नाकाम कर दिया। पुलिस सूत्रों के मुताबिक नरसिंहानंद के समर्थक डासना मंदिर के बाहर महापंचायत करना चाहते थे जिसके लिए नरसिंहानंद सरस्वती फाउंडेशन की महासचिव डॉ. उदिता त्यागी ने अनुमति मांगी थी, लेकिन जिला प्रशासन ने निषेधाज्ञा लागू होने का हवाला देते हुए इजाजत नहीं दी थी। पुलिस ने बताया कि इसके बावजूद समर्थक कार्यक्रम के आयोजन के लिए जुटे, लेकिन पुलिस ने उन्हें खदेड़ दिया। उसने बताया कि गांवों और शहर से मंदिर को जोड़ने वाली सभी सड़कों पर पुलिस ने एहतियातन सुबह से ही अवरोधक लगा दिए थे। वहीं लोनी से भाजपा विधायक नंद किशोर गुर्जर भी नरसिंहानंद के समर्थन में खुलकर सामने आए।

- उग्र महापंचायत ने नरसिंहानंद के समर्थन में महापंचायत की कोशिश की

# महाकुंभ में 9.15 करोड़ रुपये खर्च करके खुलेगा नेत्र कुंभ

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- आंख के मरीजों को मुफ्त सुविधा, मिलेगा दृष्टि सुधार, मोतियाबिंद सर्जरी और चश्मे

**अमृत विचार :** प्रयागराज महाकुंभ में आंख की बीमारी से पीड़ित श्रद्धालुओं के लिए खुशखबरी है। राज्य सरकार 9.15 करोड़ रुपये खर्च करके 'नेत्र कुंभ' के जरिए दृष्टि सुधार, मोतियाबिंद सर्जरी और चश्मे का वितरण भी मुफ्त करेगी।





महाकुंभ 2025 में रिकॉर्ड संख्या में आ रहे श्रद्धालुओं को आंख से जुड़ी से परेशानियों के इलाज को लेकर 'नेत्र कुंभ' का शिविर लगाकर सरकार और मेला प्रशासन इलाज की विशेष व्यवस्था करने जा रहा है। इसके लिए 9.15 करोड़ से अधिक का बजट प्रस्तावित किया गया है। इसके माध्यम से महाकुंभ के दौरान आने वाले श्रद्धालुओं की नेत्र देखभाल सुरक्षित की जा सकेगी।

### सुरक्षित रखा जाएगा रोगियों का डिजिटल डाटा

श्रद्धालुओं और स्नानार्थियों की जांच के माध्यम से एकत्र किए गए नेत्र स्वास्थ्य डाटा को डिजिटली सेव किया जाएगा। इससे रोगियों की स्थिति पर नजर रखने और आवश्यकता पड़ने पर इसका फॉलोअप किया जा सकेगा। इस सुविधा का लाभ लेने के लिए लोगों को प्रोत्साहित किया जाएगा। आवश्यक उपकरणों के साथ ही पर्याप्त मात्रा में दवाइयों की भी उपलब्धता रहेगी।

# बाढ़ प्रभावित 3,12,866 किसानों को मिले 163.15 करोड़ रुपये

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** राज्य सरकार ने बाढ़ की वजह से फसलों को हुए नुकसान की भरपाई के लिए अब तक 3,12,866 किसानों को 163.151 करोड़ रुपये का मुआवजा दिया है। 34 जिलों में कुल 1,10,989.26 हेक्टेयर फसल प्रभावित हुई थी, जिसमें सर्वाधिक लखीमपुर खीरी के किसान शामिल हैं।

राहत आयुक्त भानु चंद्र गोस्वामी ने बताया कि बाढ़ से 371370 किसानों की फसल प्रभावित हुई। इसके सापेक्ष अब तक 3,12,866 किसानों को 163.151 करोड़ रुपये का मुआवजा दिया जा चुका है। इसमें सबसे अधिक लखीमपुर खीरी के 110105 किसानों को 70.88 करोड़ का भुगतान हुआ है। इसी तरह ललितपुर के प्रभावित 81,839 किसानों में से 54462 किसानों को 21.9 करोड़ रुपये दिए गए हैं। वहीं, सिद्धार्थनगर के 30,144 किसानों की फसल बाढ़ से प्रभावित हुई।

### यह जिले बाढ़ से रहे प्रभावित

लखीमपुर खीरी, अंबेडकरनगर, औरैया, अयोध्या, आजमगढ़, ललितपुर, बदायूं, बहराइच, बलिया, बलरामपुर, बांदा, बाराबंकी, बस्ती, बुलंदशहर, फर्रुखाबाद, गोंडा, गोरखपुर, हमीरपुर, हरदोई, हाथरस, जालौन, झांसी, कानपुर देहात, कुशीनगर, मऊ, मीरजापुर, पीलीभीत, रामपुर, सहारनपुर, शाहजहांपुर, श्रावस्ती, सीतापुर और वाराणसी।

# 1912 पर दर्ज शिकायतों के फर्जी निस्तारण पर ब्रेक

## बिजली विभाग के टोल फ्री नंबर पर लागू होगी ओटीपी व्यवस्था, तीन माह में नई व्यवस्था लागू करने के निर्देश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** अब बिजली आपूर्ति संबंधी शिकायतों के निस्तारण के लिए चल रहे टोल फ्री नंबर 1912 पर दर्ज शिकायतों के फर्जी निस्तारण पर ब्रेक लग सकेगा। इस नंबर पर ओटीपी व्यवस्था लागू होगी। राज्य विद्युत नियामक आयोग ने तीन माह में नई व्यवस्था लागू करने का निर्देश दिया है।

इस सेवा पर दर्ज हो रही शिकायतों के निस्तारण पर सवाल उठते रहे हैं। इसको लेकर उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने नियामक आयोग ने शिकायत दर्ज कराई थी, साथ ही, इस सेवा में ओटीपी की व्यवस्था लागू करने की मांग की थी। उपभोक्ता परिषद का कहना था है कि उपभोक्ताओं के पंजीकृत मोबाइल नंबर पर शिकायत के तुरंत बाद सेल्फ जेनरेटेड ओटीपी जारी किए जाएं। साथ ही शिकायत दूर होने के बाद ओटीपी का नंबर बताने पर शिकायत की निस्तारण प्रक्रिया बंद की जाए। आयोग ने नए टैरिफ आदेश में ओटीपी व्यवस्था हर हाल में तीन महीने में लागू करने का निर्देश दिया है।

**दरों में कमी के लिए जल्द दाखिल होगी याचिका- उपभोक्ता परिषद :** उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने बिजली कंपनियों पर उपभोक्ताओं का करीब 33 हजार करोड़ सरप्लस निकल रहा है। इसके एवज में दरों में कमी नहीं की गई है।



### निस्तारण न होने पर आसानी से मिलेगा मुआवजा

आयोग के निर्देश के तहत अब बिजली बिल के पीछे उपभोक्ताओं को मुआवजा का दावा करने संबंधी जानकारी का उल्लेख करना अनिवार्य कर दिया गया है। साथ ही, बिजली दुर्घटनाओं पर निस्तारण और पीड़ित परिवार को मुआवजा मिलने का समय व प्राप्त धनराशि की जानकारी को वेबसाइट पर सार्वजनिक करना अनिवार्य कर दिया है। इससे शिकायत निस्तारण न होने पर उपभोक्ताओं को मुआवजा मिलना आसान हो सकेगा।

# सड़क हादसे में दो विदेशी महिलाओं सहित 3 की मौत

संवाददाता, बसरेहर (इटावा)

- आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस वे पर अज्ञात वाहन में पीछे से घुसी कार

**अमृत विचार :** आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर शनिवार रात एक कार आगे चल रहे वाहन में पीछे से टकरा गई जिससे कार में सवार दो विदेशी महिलाओं सहित तीन लोगों की मौत हो गई। तीन गंभीर रूप से घायल हो गए।

हादसा करीब सवा दस बजे ऊसराहार क्षेत्र में किलोमीटर 125 खरगुआ गांव के पास हादसा हुआ। दिल्ली के नंबर की कार से तुगलकाबाद एक्सटेंशन निवासी 40 वर्षीय संजीव कुमार लखनऊ से दिल्ली जा रहा था। उसके साथ कार में तुगलकाबाद निवासी राहुल उर्फ देवेंद्र, मूल निवास अफगानिस्तान हाल पता दिल्ली लाजपत नगर की क्रिस्टीन (20) आतिफा (27), नाज (30) तथा मूलरूप से रूस निवासी हाल पता दिल्ली की कैटरीना (22) सवार थीं।

राहगीरों की सूचना पर यूपीडा के सहायक सुरक्षा अधिकारी संतोष कुमार सिंह, मनोहर सिंह एंबुलेंस सहित पहुंचे और सभी घायलों को सैफई मेडिकल कॉलेज के इमरजेंसी ट्रॉमा सेंटर भिजवाया। वहां इलाज के दौरान कार चालक संजीव कुमार, नाज तथा कैटरीना की मौत हो गई।


# चिकित्सकों को ट्रामा कोर्स में मिला आधुनिक तकनीकों का ज्ञान

## जटिल फ्रैक्चर व कूल्हे आदि के इलाज में नई विधियों से विशेषज्ञों ने कराया रूबरू, देश के कई शहरों के डॉक्टरों ने लिया भाग

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** अयोध्या में रविवार को देश के जाने-माने ऑर्थो सर्जन की क्लास चली। तकरीबन छह घंटे तक विशेषज्ञों ने चिकित्सकों को नई तकनीकों से रूबरू कराया। इसके साथ ही जटिल से जटिल फ्रैक्चर व कूल्हे आदि के इलाज में नई विधियों को भी साझा किया। छह सेशन के दौरान अलग-अलग विशेषज्ञों ने हड्डियों की बीमारी और इलाज के बारे में विधिवत जानकारी दी। मन में जिज्ञासाएं लिए चिकित्सकों ने खूब सवाल पूछे।

रविवार को देश भर के ऑर्थो सर्जन का रामनगरी में जमावड़ा लगा। मौका था 10वें यूपीओए ट्रामा कोर्स का। यूपी आर्थोपैडिक एसोसिएशन और अयोध्या आर्थोपेडिक क्लब की ओर से कोर्स का आयोजन किया गया था। सिविल लाइन्स स्थित एक होटल में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. डीडी तन्ना, डॉ. केडी त्रिपाठी, डॉ. पीयूष मिश्र, डॉ. संतोष सेन, डॉ. अनिल जायसवाल, डॉ. जीके पांडेय, डॉ. अतुल वर्मा, डॉ. एसएम द्विवेदी और डॉ. आशीष श्रीवास्तव ने सामूहिक रूप से दीप प्रज्ज्वलन कर किया। ट्रामा कोर्स में पूरे देश के आर्थोपैडिक चिकित्सक शामिल हुए। छह सेशन में चले ट्रामा कोर्स में पहला 10 से 11 बजे तक चला, जिसमें डॉ. मनीषी बंसल, डॉ. नदीम फारुखी, डॉ. विवेक त्रिखा और पीजीआई चंडीगढ़ से पहुंचे डॉ. रमेश सेन ने एसेटाबुलम फ्रैक्चर को टेकल करने की जानकारी दी। डॉ. रमेश ने पुराने टूटे जटिल एसेटाबुलम के नई विधि को चिकित्सकों के बीच साझा किया। दूसरे सेशन में डॉ. संतोष सिंह, डॉ. ज्ञानेश्वर, डॉ. मधुसूदन मिश्र ने कूल्हे की हड्डी का ऑपरेशन और उम्र के हिसाब से प्रयोग होने वाले संसाधनों और ऑपरेशन की प्राथमिकता जानकारी दी। मुंबई के डॉ. राम चड्ढा ने परेशान मरीजों के इलाज और उसको संतुष्ट करने के लिए राहत भरे इलाज की जानकारी दी। डॉ. केडी त्रिपाठी, डॉ. डीडी तन्ना, डॉ. अमित जायसवाल व डॉ. आरपी सिंह ने कूल्हे के इलाज में आज के समय प्रयोग होने वाली नई विधियों को बताया। डॉ. संजय धवन, डॉ. पीके समसेरी आदि ने हड्डियों की बीमारी और इलाज के बारे में विधिवत जानकारी दी। इस दौरान डॉ. अब्बुस सलाम, डॉ. अतुल कुमार वर्मा व अन्य मौजूद रहे।





ट्रामा कोर्स के बारे में जानकारी देते डॉ. डीडी तन्ना।


सिविल लाइन्स स्थित एक होटल के सभागार में मौजूद चिकित्सक। अमृत विचार

### 200 से अधिक चिकित्सक पहुंचे

अयोध्या आर्थोपैडिक क्लब के सचिव डॉ. आशीष श्रीवास्तव ने बताया कि इस तरह के कोर्स चिकित्सकों के लिए बहुत आवश्यक हैं। कोर्स का मकसद था कि अधिक से अधिक जागरूकता बढ़े। देश भर के तकरीबन 200 से अधिक चिकित्सकों ने कोर्स में भाग लिया। कोर्स के समापन के बाद सभी संतुष्ट दिखे। इसके बाद चिकित्सक अयोध्या दर्शन के लिए भी निकले।

## एक नजर

### सम्मेलन को लेकर तैयारी बैठक आज

**अयोध्या, अमृत विचार :** मिल्कीपुर में प्रस्तावित संविधान बचाओ संकल्प सम्मेलन की तैयारी की समीक्षा सोमवार कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव सत्यरारायण पटेल करेंगे। वह 14 अक्टूबर को 12 बजे पार्टी कार्यालय कमला नेहरू भवन पर पदाधिकारियों के साथ बैठक करेंगे।

### यूनियन की बैठक आज धरना 17 को

**अयोध्या, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश रोडवेज इंप्लाइज यूनियन की बैठक 14 अक्टूबर को होगी। इसमें 17 और 24 अक्टूबर को होने वाले धरना-प्रदर्शन की रणनीति बनेगी। यूनियन के क्षेत्रीय मंत्री राजेंद्र प्रसाद पांडेय ने बताया कि शासन स्तर पर यूनियन ने 22 सूत्री मांग पत्र सौंपा था लेकिन अब तक उस पर कार्रवाई नहीं हुई। इसको लेकर 14 अक्टूबर को सोमवार को बैठक होगी। बैठक में आगे की रणनीति तय की जाएगी। उसी के आधार पर आगे की व्यवस्थाएं सुधारी जाएंगी। 17 को शाखा स्तर पर और 24 को क्षेत्रीय स्तर पर धरना-प्रदर्शन के तैयारी की समीक्षा की जाएगी।


रामकोट क्षेत्र स्थित महंत जयरामदास के आश्रम पर कार्यकर्ताओं ने किया शस्त्र पूजन।

# संघ के कार्यकर्ताओं ने किया शस्त्र पूजन

**अयोध्या, अमृत विचार :** विजयदशमी के मौके पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के द्वारा अयोध्या महानगर में शस्त्र पूजा कर स्थापना दिवस मनाया गया। प्रमुख मंदिरों में भी शस्त्र पूजा की गई। दंड, धनुष-बाण, गदा और अन्य शास्त्रों का पूजन विधि-विधान से किया गया। महानगर के 15 उपनगरों में संघ के कार्यकर्ताओं ने जय घोष के साथ ध्वज प्रणाम किया। रामलला नगर में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता महंत वैदेही बल्लभ शरण ने की। शस्त्र पूजन के पश्चात उपस्थित स्वयंसेवकों को सह महानगर कार्यवाह राहुल ने बताया कि संघ 2025 की विजयादशमी से 2026 की विजयादशमी तक के पूरे एक वर्ष को शताब्दी वर्ष के रूप में मनाने की तैयारी कर रहा है। संघचालक महंत जयरामदास, सह नगर संघ चालक द्वारिका प्रसाद, नगर कार्यवाह अभय, सह नगर कार्यवाह प्रमोद शंकर सहित अनेक कार्यकर्त्ता उपस्थित रहे। वहीं मया ब्लॉक के नव बाल गोपाल दुर्गा पूजा समिति दिलासीगंज बाजार मया में सह जिला कार्यवाह आनंद सोनी ने कहा कि समाज की स्वयंसेवकों के प्रति अपेक्षा बढ़ रही है इसलिए अब हमें समाज केंद्रित कार्यक्रमों की योजना बनानी चाहिए।

# मवेशी बना जंगली जानवर का शिकार, बढ़ी गश्त

मिल्कीपुर, अयोध्या

**अमृत विचार :** मिल्कीपुर तहसील क्षेत्र के दर्जनों गांवों के लोग जंगली जानवर के खौफ के साए में जीने को मजबूर हैं। इसी बीच जंगली जानवर ने रात को आस्तीकन बाजार के पास एक गाय के बच्चे पर हमला कर घायल कर दिया है। सचल दल को बुलाकर उसका इलाज करवाया गया।

आसपास के कई लोगों का कहना है कि गाय के बच्चे पर हिंसक जानवर ने हमला किया है, जबकि वन विभाग के कर्मचारियों ने बताया कि किसी कुत्ते ने घायल किया है। फिलहाल वन विभाग की टीम ने अपनी गश्त का दायरा बढ़ा दिया है। वहीं डीह पूरे बीरबल गांव में जंगली जानवर ने बछिया को घायल करने के बाद दहशत आसपास के इलाकों में भी फैल गई है। इसके पहले जंगली जानवर ने तुलापुर में एक गाय की बछिया को अपना निवाला बनाया था तथा गनेशपुर में एक नीलगाय के बच्चे को भी मार डाला था। आदिलपुर में एक पालतू कुत्ता भी हिंसक जानवर के चंगुल में फंस कर अपनी जान गंवा चुका है। अभी भी खौफ में बच्चे स्कूल नहीं जा रहे हैं। जंगली जानवर का खौफ अब बीकापुर एवं मिल्कीपुर दो तहसीलों के करीब चालीस किलोमीटर के परिधि में पहुंच चुका है।



मिल्कीपुर क्षेत्र में रात को निगरानी करती वन विभाग की टीम। अमृत विचार

- ग्रामीणों में हिंसक जानवर को लेकर दहशत बरकरार
- आठ दिन से नहीं लगा कोई सुराग, 40 किमी में फैली दहशत

### बच्चे के घायल होने के बाद सर्च ऑपरेशन में तेजी

हैरिंग्टनगंज ब्लॉक क्षेत्र के बगल बीकापुर ब्लॉक के असकरनपुर गांव में हिंसक जानवर के हमले से एक बच्चे के घायल होने के बाद वन विभाग की सर्च टीम एक्टिव हो गई है। फॉरेस्टर सुनील दुबे ने बताया कि सर्च टीम लगातार हिंसक जानवर के पद चिह्न और उसके संभावित ठिकाने जंगल झाड़ियों में जांच पड़ताल कर रही है। टीम के लोगों ने गश्त का एरिया बढ़ाते हुए अगल-बगल के दर्जनों गांवों में सर्च ऑपरेशन का काम शुरू कर दिया है। वहीं डिप्टी डेंजर मनोज सिंह ने बताया कि टीम हिंसक जानवर को पकड़ने का प्रयास कर रहे हैं।

# अलग-अलग हादसों में दो लोगों की मौत

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** जनपद के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में हुए हादसों में एक किशोरी समेत दो की मौत हो गई , जबकि तीन घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इनमे से एक की हालत गंभीर होने के चलते चिकित्सक ने लखनऊ मेडिकल कालेज रेफर किया है।

बताया गया कि मध्य रात्रि बाद पूराकलंदर थाना क्षेत्र के गांव अरुवावां पलिया निवासी अंजू शर्मा अपनी बहन गुंजन शर्मा (17) पुत्र भगवती प्रसाद शर्मा को लेकर जिला अस्पताल पहुंची तो इमरजेंसी ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक ने किशोरी को मृत घोषित दिया। मृतका की बहन का कहना है कि घटना के समय परिवार के लोग दुर्गा पूजा देखने के लिए निकले थे। देर रात परिवार वापस लौटा तो गुंजन एक रस्सी के फंदे से लिपटी पड़ी थी। वहीं इनायतनगर थाना क्षेत्र के इनायतनगर निवासी राज कुमार गुप्ता (30) पुत्र मंगल प्रसाद को उसका भाई महेंद्र कुमार गुप्ता लेकर जिला अस्पताल पहुंचा तो परीक्षण के बाद डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक के भाई का कहना है कि आपसी पारिवारिक विवाद में धक्का लगने के चलते वह घर में अचानक गिर पड़ा था। जिसके चलते बेहोश हो गया था।

- तीन घायलों को जिला अस्पताल में कराया गया भर्ती

उधर पूराकलंदर थाना क्षेत्र के सिडिहिर निवासी राज कुमार गिरि (50) पुत्र फूलचंद को गंभीर हाल में जिला अस्पताल लाए जाने पर डाक्टर ने हायर सेंटर रेफर किया है। राज कुमार को उसका बेटा नीतीश कुमार लेकर आया था। नगर कोतवाली के फतेहगंज निवासी महाबली (16) पुत्र रंजीत गौड़ को मार्ग दुर्घटना में घायल होने पर उसकी बहन दीपिका ने भर्ती कराया है। वह दुर्गापूजा देखने निकला था और इसी दौरान हादसे का शिकार हो गया। जबकि कैंट थाना क्षेत्र के रायपुर निवासी महिला आशा देवी (45) पत्नी श्रीनाथ को चोटिल होने के चलते उसके बेटे रोहित ने भर्ती कराया हैं। रोहित का कहना है कि परिवार में हुए झगड़े में मां घायल हो गई थी। हालत ठीक होने के चलते डाक्टर ने डिस्चार्ज कर दिया है।

# डॉ. बनौधा प्रेसिडेंट, डॉ. प्रवीण चुने गए आईएमए सेक्रेटरी

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) अयोध्या के चुनाव में इस बार अध्यक्ष पद पर जिले के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. राजेंद्र बनौधा निर्वाचित हुए हैं। सेक्रेटरी पद का ताज बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रवीण कुमार मौर्य के सिर सजा है। उन्हें दोबारा इस पद की जिम्मेदारी मिली है। चुनाव संपन्न होने के बाद सुर्खियों में आ गया है। पूर्व अध्यक्ष डॉ. मंजूषा पांडेय ने चुनाव को लेकर कई सवाल खड़े किए हैं।

शुक्रवार की रात सिविल लाइन्स स्थित एक होटल में चुनाव कराया गया। इस चुनाव में पूर्व प्रेसिडेंट डॉ. मंजूषा पांडेय शामिल नहीं हुईं। हालांकि कई अन्य वरिष्ठ चिकित्सकों के मौजूद रहने का दावा किया जा रहा है। चुनाव अधिकारी डॉ. अफरोज खान ने बताया कि प्रेसिडेंट के लिए शहर के जाने-माने चिकित्सक डॉ. राजेन्द्र कुमार बनौधा और सेक्रेटरी पद के लिए बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रवीण कुमार मौर्य ने अपना नाम दिया था। दोनों का सर्वसम्मति से चुनाव किया गया। डॉ. प्रवीण मौर्य ने कहा कि मेरी कोशिश रहेगी कि सभी चिकित्सकों के हित में कार्य हो और जगह-जगह गरीब मरीजों के लिए कैंप लगाए जाएं। चुनाव के वक्त डॉ. वीरेंद्र सिंह, डॉ. वीके गुप्ता, डॉ. मधुकर, डॉ. सईदा रिजवी, डॉ. नानक सरन व डॉ. हरी ओम यादव, डॉ. वीरेंद्र वर्मा समेत कई वरिष्ठ चिकित्सक मौजूद रहे।


चुनाव के बाद निर्वाचित पदाधिकारी व अन्य सदस्य।

- आईएमए के चुनाव पर पूर्व अध्यक्ष ने उठाए सवाल

### असंवैधानिक तरीके से हुआ चुनाव : डॉ. मंजूषा पांडेय

आईएएम अध्यक्ष रहीं डॉ. मंजूषा पांडेय ने चुनाव को असंवैधानिक करार दिया है। उनका कहना है चुनाव में बाईलॉज का ध्यान नहीं रखा गया। गिनती के चिकित्सकों को बुलाकर वोटिंग करा ली गई। नियमानुसार चुनाव दिसंबर में तीसरे सप्ताह में होना चाहिए। मैंने इसकी तिथि आगे बढ़ाने को कहा था। एक एडवाइजरी कमेटी बनाने को कहा था। उसमें चिकित्सक अपना नाम रखते, लेकिन बिना मुझसे पूछे डेट रख दी गई। कोई भी सीनियर चिकित्सक वहां नहीं गया था। मैंने भी नॉमिनेशन नहीं किया था। लोगों ने ग्रुप में ही बायकॉट कर दिया था। 14 अक्टूबर को चुनाव कराने के लिए कहा गया था। क्योंकि इधर, नवरात्र और दुर्गा पूजा महोत्सव उसके बाद चिकित्सकों की एक बड़ी कॉन्फ्रेंस होनी थी, लेकिन कुछ लोगों ने चुनाव करा दिया। मैं एसोसिएशन में दरार नहीं चाहती हूं। खूब अच्छे से साल भर चलाया। मेरी प्रदेश अध्यक्ष से भी बात हुई थी। उन्होंने बाईलॉज के हिसाब से इलेक्शन कराने को कहा था। इस बारे में फिलहाल चर्चा होनी चाहिए, ताकी आगे ऐसा न हो।

> चुनाव के दौरान वन थर्ड की मेजारिटी मौजूद थी। हालांकि वोटिंग नहीं हुई, लेकिन सर्वसम्मति से चुनाव हुआ है। सिर्फ प्रेसिडेंट व सेक्रेटरी पद के लिए दो नाम आए थे। दोनों का चुनाव कर लिया गया है। वरिष्ठ चिकित्सकों की मौजूदगी में दोनों को प्रमाण पत्र दिया गया है। कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा। -डॉ. अफरोज खान, चुनाव अधिकारी

# भाकियू की पंचायत में लगा गन्ना समिति चुनाव में धांधली का आरोप

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार:** भारतीय किसान यूनियन ने शुक्रवार को शहीद उद्यान में पंचायत की। बैठक में संगठन की मजबूती के साथ ही समस्याओं के समाधान के लिए बड़ा आंदोलन खड़ा करने की बात कही गई।


पंचायत में मौजूद भाकियू पदाधिकारी। अमृत विचार

पंचायत में राष्ट्रीय महासचिव घनश्याम वर्मा ने कहा कि शासन- प्रशासन किसानों की समस्या का समाधान करने के बजाय समस्या पैदा कर रहा है। इसका जवाब देना होगा। प्रशासन भाजपा का कठपुतली बनकर किसानों मजदूरों के साथ अन्याय कर रहा है। इसके लिए यूनियन को मजबूत करने के साथ ही संगठित होना होगा। कहा कि प्रदेश सरकार के इशारे पर प्रत्येक जिले में प्रशासन और पुलिस ने गैर भाजपाइयों व किसानों को नामांकन नहीं करने दिया। कई होम अरेस्ट जैसी स्थिति में तो कई को उम्मीदवारों को मारपीट कर बंद किया गया। कुछ के नामांकन बिना किसी कारण के खारिज कर दिया गया। जिलाध्यक्ष राम गणेश मौर्य ने प्रत्येक पदाधिकारी को सक्रिय सदस्य बनने के लिए अपने-अपने गांव में 25 साधारण सदस्य बनाने के लिए कहा। कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता पदाधिकारी किसान पंचायत में पूरे वर्दी व लाठी के साथ आएगा। कहा कि 25 अक्टूबर को कलेक्ट्रेट के पास किसान महापंचायत की जाएगी। पंचायत में अभयराज ब्रह्मचारी, सूर्यनाथ वर्मा, भागीरथी वर्मा, देवी प्रसाद वर्मा, संतोष वर्मा, जितेंद्र, प्रेम शंकर, राम अवतार चौहान, रामबचन भारती, जगदीश, दशरथ, शिव बहादुर पासवान, मंशाराम, राहुल, उर्मिला निषाद, लल्लू राम शर्मा आदि मौजूद रहे।

- कहा-वर्दी और लाठी के साथ पंचायत में आएंगे कार्यकर्ता

# परिषदीय विद्यालयों में बड़ी परीक्षाओं की तर्ज पर होगी नैट

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** परिषदीय विद्यालयों में पढ़ रहे कक्षा एक से आठ के बच्चों का लर्निंग आउटकम आधारित आकलन करने के लिए निपुण एसेसमेंट टेस्ट (नैट) का आयोजन 18 से 23 नवंबर तक किया जाएगा। परख एप के माध्यम से ओएमआर आधारित टेस्ट का आयोजन अलग-अलग मंडल में अलग-अलग तिथि में किया जाएगा। अयोध्या मंडल में 18 और 19 अक्टूबर की तिथि निर्धारित की गई है। इस आकलन के माध्यम से छात्र-छात्राओं के वर्तमान अधिगम स्तर (जोड़कर शब्दों व अंक को पढ़ना, उनकी पहचान आदि) का पता लगाया जाएगा। जिला मुख्यालय से ओएमआर सीट व प्रश्न पत्र सीलबंद पैकेट में तीन दिन पहले ब्लॉक संसाधन केंद्र पर भेजे जाएंगे। राज्य परियोजना निदेशालय ने कहा है कि टेस्ट की गोपनीयता व शुचिता बनाए रखते हुए प्रश्न पत्रों व ओएमआर शीट का मुद्रण व वितरण जिला परियोजना कार्यालय से कराया जाएगा। इसके लिए शिक्षकों को ऑनलाइन प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार राय ने बताया कि यहां के लिए आगामी 18 और 19 अक्टूबर की तिथि निर्धारित की गई है।

- ओएमआर शीट के साथ होगा प्रश्न पत्र


भरत मिलाप की प्रस्तुति देते कलाकार। अमृत विचार

# शोभा यात्रा व भरत मिलाप का हुआ भव्य आयोजन

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** 14 वर्ष वनवास काल में रावण का वध करने के बाद मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम, भाई लक्ष्मण और जनक नंदिनी सीता के साथ अयोध्या पहुंचे । इस मौके पर अयोध्या वासियों ने बड़े हर्ष और उल्लास के साथ उनका स्वागत किया। अयोध्या पहुंचने पर राम की शोभायात्रा हाथी घोड़े और बैंड बाजे के साथ निकाली गई। यह शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरी।

अयोध्या के भगवताचार्य स्मारक सदन से रामलीला कमेटी की ओर से संकट मोचन सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय दास और बड़ा भक्तमाल के महंत अवधेश दास के नेतृत्व में साधु-संतों के साथ शोभा यात्रा निकाली गई। यह शोभायात्रा राम मंदिर की परिक्रमा कर प्रसिद्ध सिद्ध पीठ हनुमान गढ़ी परिसर पर पहुंची। जहां पर परंपरागत रूप से आयोजित होने वाले कार्यक्रम के तहत भरत मिलाप का कार्यक्रम सम्पन हुआ। इस दौरान संरक्षक राधेश्याम गुप्ता, अध्यक्ष नन्द लाल मोक्षवाल, मंत्री सुरेंद्र कुमार मोदनवाल, उपाध्यक्ष जितेंद्र कुमार गुप्ता, पंकज गुप्ता, व्यवस्था प्रमुख सुरेश मोदनवाल, वैजनाथ मोलकल, ओमकार मोदनवाल, रोहित, अचल गुप्ता समेत सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

# देश और हक के लिए लड़ने वाला आतंकवादी नहीं होता : मौलाना जाफरी

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** इमामबाड़ा जवाहर अली खां में शहरे मुस्लिमीन की जानिब से शनिवार रात हसन नसरुल्लाह सहित तमाम शहीदों की इसाले सवाब की मजलिस का आयोजन किया गया। जिसमें शिया सुन्नी दोनों समुदाय के लोगों ने बड़ी संख्या में शिरकत की और जंग में शहीद हुए लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

- हसन नसरुल्लाह सहित सभी शहीदों के इसाले सवाब की मजलिस का आयोजन

इस मौके पर मौलाना जमीर अब्बास जाफरी ने जुल्म के खिलाफ आवाज उठाने की बात कही। उन्होंने कहा कि जिस तरह से कुछ लोग हसन नसरूल्ला को आतंकवादी कह रहे यह सरासर गलत है। उन्होंने कहा कि अपने देश के लिए और हक के लिए लड़ने वाला आतंकवादी नहीं होता, बल्कि मासूम बच्चों और मजलूमों पर जुल्म करने वाला आतंकवादी होता है। अकबर अली, मेजर आजम कादरी, कमर राईनी, मंजर मेहंदी, जाहिद वारसी बाबा, फारूक अहमद, मौलाना शमीम हैदर, वसी हैदर गुड्डू समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# देश व प्रदेश में भाजपा का जंगल राजः श्याम लाल

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल ने कहा कि देश व प्रदेश में भाजपा का जंगल राज है। भाजपा शासन में कहीं भी हमारी बहन बेटियां सुरक्षित नहीं रह गई हैं। बीकापुर से लौटते समय वह रविवार को सर्किट हाउस में पत्रकारों से बात कर रहे थे।

प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि उत्तर प्रदेश में सपा सरकार के दौर में कायम रही सामाजिकता अब तार-तार हो रही है। बोले शीघ्र ही उप्र में सपा की सरकार होगी और प्रदेश में फिर से समाजवाद कायम होगा। कहा कि भाजपा के जंगल राज में किसानों व मजलूमों सहित एस, एसटी पर खुले आम अत्याचार हो रहे हैं। खासकर सपाइयों को हर मौके पर भाजपा टॉर्चर कर रही है। चुनाव हो या कुछ और भाजपा शासन में भारत माता की जय बोलने वाले भाजपाई ही संविधान का पालन नहीं करते। किसानों का बिल पास कर लुभाने वाली भाजपा सरकार में दिल्ली में सैकड़ों किसानों को मौत के घाट उतार दिया गया। उन्होंने देश व प्रदेश की स्थिति पर चिंता व्यक्त की। कहा कि जिस जनता ने उन्हें गद्दी पर बैठाया उसी के घर की बेटियां घर से अकेले जाने में भयभीत रहती हैं। दरिंदों पर भाजपा नकेल कसने में नाकाम है। बहू-बेटियों की सुरक्षा के लिए भाजपा कुछ भी करने में असमर्थ है।


पत्रकारों से बातचीत करते सपा के प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल। अमृत विचार

- बोले-भाजपा शासन में नहीं सुरक्षित बहन-बेटियां, किसान, दलितों व मजलूमों पर हो रहा अत्याचार

उन्होंने कहा कि सपा सरकार में बेटियां सुरक्षित थीं, सबका सम्मान था, कन्या विद्याधन, छात्रवृत्ति, युवाओं को रोजगार आदि सुविधाएं जो मिली थीं वह सब भाजपा ने बंद कर समाज में अराजकता को बढ़ावा दिया है। कहा कि भाजपा के दिन पूरे हो गए हैं। अब देश व प्रदेश में सुरक्षित समाज देने के लिए सपा की सरकार बनेगी, तभी खुशहाली व अमन-चैन आएगा। चुनाव के मुद्दे पर कहा कि भाजपा नामांकन करने से रोकने के लिए सारे हथकंडे अपना रही है। उसे डर है कि कहीं उसे पराजय का मुंह न देखना पड़े। संविधान व लोकतंत्र खतरे में है उसे बचाने के लिए सपा को सत्ता की बागडोर संभालनी ही होगी। इस मौके पर सपा के प्रदेश महासचिव जय शंकर पांडेय, पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडेय, छात्र सभा के राष्ट्रीय महासचिव विजय बहादुर वर्मा, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रवीण सिंह, जिलाध्यक्ष पारसनाथ यादव, महिला जिलाध्यक्ष सरोज यादव आदि मौजूद रहे।





## आज का मौसम

आगामी 24 घंटे में मौसम शुष्क बने रहने की संभावना है।

31.5⁰ अधिकतम तापमान | 21.5⁰ न्यूनतम तापमान

## आज के कार्यक्रम

- अखिल भारतीय प्रधान संघ द्वारा मुख्य विकास अधिकारी से भेंट प्रात: 11:00 बजे।
- परिषदीय विद्यालय में शिक्षक – अभिभावकों की बैठक प्रात: 11:00 बजे से।
- मिल्कीपुर में प्रस्तावित संविधान बचाओ संकल्प रैली की तैयारी बैठक पार्टी कार्यालय पर 12:00 बजे।
- सक्रिय सदस्यता को लेकर भाजपा की कार्यशाला सहादतगंज पार्टी कार्यालय पर 01:00 बजे।
- समाजवादी पार्टी की महानगर ईकाई की मासिक बैठक गुलाबबाड़ी कार्यालय पर अपराह्न 02:00 बजे से आयोजित होगी।
- अयोध्या धाम में सरयू आरती शाम 06:00 बजे से।

# विवाद में चली गोली, चाकू भी चला


### एक घायल मेडिकल कॉलेज रेफर, दूसरे का 48 घंटे बाद भी नहीं लगा सुराग | बीकापुर कोतवाली क्षेत्र के खजुरहट-मिल्कीपुर रोड के अमावां मोड़ के पास का मामला

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** बीकापुर कोतवाली क्षेत्र के खजुरहट-मिल्कीपुर रोड पर अमावां मोड़ के पास स्थित एक मकान के विवाद में दो गुट आपस में भिड़ गए। दोनों पक्षों के बीच गोली और चाकू चला। गोली लगने से घायल युवक को जिला अस्पताल से मेडिकल कालेज रेफर किया गया है, जबकि चाकू से घायल युवक का अभी घटना के 48 घंटे बाद भी सुराग नहीं लग पाया है। कोतवाली पुलिस ने घायल युवक की तहरीर पर जानलेवा हमले की धारा में रिपोर्ट दर्ज की है और घटना की गुत्थी सुलझाने तथा आरोपियों की तलाश में जुटी है।

शुक्रवार की रात किराए के कमरे में गोली चलने की जानकारी के बाद मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने गोली लगने से घायल सुल्तानपुर जिले के गोसाईगंज थाना क्षेत्र निवासी कृष्ण कुमार (36) को रात करीब 2 बजे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बीकापुर पहुंचाया था। प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने के चलते चिकित्सक ने उसको जिला अस्पताल रेफर कर दिया था। जहां से शनिवार को दूसरी पहर जिला अस्पताल के डॉक्टरों ने उसको मेडिकल कालेज रेफर कर दिया था। मौके पर पहुंची पुलिस को किराए के कमरे में इधर-उधर बिखरा काफी मात्रा में खून का निशान मिला था। दरवाजे पर भी खून के निशान थे। प्रकरण में गोली से घायल कृष्ण कुमार ने साथ ही रहने वाले सुल्तानपुर जिले के ही निवासी शेर अली समेत अन्य के खिलाफ जानलेवा हमले की रिपोर्ट दर्ज कराई है। घायल कृष्ण कुमार ने खुद को मोबाइल टावर रिपेयरिंग का मिस्त्री बताया है। वहीं क्षेत्रीय लोगों का कहना है कि शेर अली भी चाकू के हमले से गंभीर रूप से घायल हुआ है और अपने दो साथियों की मदद से बाइक पर सवार होकर मौके से भाग निकला। प्रकरण में पुलिस ने पूछताछ के लिए दो लोगों को हिरासत में लिया है। हालांकि अभी वारदात का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है।

एसपी देहात बलवंत चौधरी ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस तहकीकात में जुटी है। घायल के बयान की पुष्टि कराई जा रही है। साथ ही विभिन्न पहलुओं पर जाँच कराई जा रही है। दोनों साथी थे, किस बात पर झगड़ा हुआ और नौबत यहां तक जा पहुंची, इसका खुलासा तो आरोपी के मिलने के बाद ही हो पाएगा।


मुख्य दरवाजे पर लगा खून।


घटनास्थल पर फैला खून। अमृत विचार

### दोनों का दामन है दागदार

प्रकरण की लेकर चर्चा में आए कृष्ण कुमार और शेर अली दोनों का दामन दागदार है। पड़ोसी जनपद में एक के खिलाफ दस और दूसरे के खिलाफ 11 आपराधिक मामले दर्ज मिले हैं। इतना ही नहीं दोनों कुछ दिन पूर्व पुलिस से मुठभेड़ में गिरफ्तार हुए थे और जमानत पर रिहा होकर यहां बीकापुर कोतवाली क्षेत्र में किराए का आवास लेकर रह रहे थे। जानकारों का यह भी कहना है कि वारदात के बाद घायल कृष्ण कुमार भी मौके से भाग निकला था। हालांकि बाद में वह वापस लौट आया।

### अब गोली मारने की दे रहे धमकी

**तारुन, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के हुसेनपुर नंसा बाजार निवासी शिकायतकर्ता मोहम्मद इस्लाम ने जनसुनवाई पोर्टल के माध्यम से एसएसपी को शिकायत दी है और कार्रवाई की मांग की है। उनका आरोप है कि बेटे को गोली मारने की धमकी दी जा रही है। शिकायत में मो. इस्लाम का कहना है कि दो दिन पूर्व उनका बेटा मो. फिरोज गांव निवासी बेलाल अहमद के साथ राम लीला देखने नंसा बाजार गया था। जहां बेलाल अहमद ने खुद भी शराब पी और उनके बेटे को भी पिलाई। फिर अपने भाई मेराज को फोन कर 6 लोगों को बुलाया तथा बेटे पर हमला करवाया। स्थानीय लोगों ने बीच बचाव किया। मारपीट की जानकारी बेलाल के तीसरे भाई मोहम्मद आजाद को लगी तो उसने मारपीट में घायल मोहम्मद फिरोज की मोबाइल पर फोन कर गोली मारने की धमकी दी। जिससे परिवार दहशत में है।

### अधिवक्ता पर हमला, चेन और नकदी की लूट

**पूरा बाजार, अयोध्या। अमृत विचार :** थाना महाराजगंज की पुलिस चौकी पूराबाजार अंतर्गत पूरा बाजार चौराहे पर शनिवार को सायं एक अधिवक्ता के साथ लूट की घटना अंजाम दी गई। एफआईआर के अनुसार शनिवार शाम एडवोकेट विजय प्रताप सिंह राकेश के दरवाजे पर बैठे थे। इसी बीच सरायराशी निवासी सचिन सिंह, सत्यम सिंह, अभय सिंह, निर्भय सिंह और 8-10 अन्य लोग दो गाड़ियों में सवार होकर आए। आरोप है कि अचानक से विजय प्रताप सिंह और वहां उपस्थित अन्य लोगों को गालियां दीं और उन पर हमला कर दिया। हमलावरों ने विजय प्रताप सिंह का मोबाइल छीनकर तोड़ दिया, उनकी सोने की चेन और करीब 5000 नकद भी लूट ली। इस दौरान विजय प्रताप सिंह को जान से मारने की धमकी भी दी गई। थानाध्यक्ष महाराजगंज राजेश सिंह ने बताया कि सभी आरोपियों के खिलाफ केस पंजीकृत कर आरोपियों की तलाश की जा रही है।

# कोई भी चुनाव लोकतांत्रिक तरीके से नहीं होने देना चाहती सरकार : माता प्रसाद पांडेय

अयोध्या कार्यालय


सर्किट हाउस में घायल सपा कार्यकर्ता से भेंट करते नेता विरोधी दल माता प्रसाद पांडेय।

**अमृत विचार :** विधानसभा में विरोधी दल के नेता माता प्रसाद पांडेय शनिवार को अचानक यहां पहुंचे। उन्होंने विगत दिनों सरकारी गन्ना समिति में हुई मारपीट को लेकर सर्किट हाउस में सीओ सिटी व एसडीएम सदर से जानकारी ली। पदाधिकारियों से मारपीट में घायल सपा कार्यकर्ता रविंद्र पाल के बारे में भी जानकारी ली।

इस मौके पर उन्होंने कहा कि पुलिस की मौजूदगी में मारपीट होने का मतलब है सरकार का रवैया बदल गया। सरकार किसी भी चुनाव को लोकतांत्रिक तरीके से कराना नहीं चाहती है। उसे हार का भय है। इसलिए हार के डर से जबरदस्ती एक पक्षीय चुनाव कराना चाहती है। उन्होंने कहा कि घटना को लेकर सीओ सिटी व एसडीएम सदर कोई जानकारी नहीं दे पाए यह पुलिस की नहीं सरकार की कमजोरी है। सरकार अपने को इतना कमजोर मान रही है कि मारपीट करके चुनाव लड़ना चाहती है। उन्होंने बताया कहा कि लोकतंत्र में दो पक्ष होते हैं, एक सत्ताधारी पार्टी होती है एक विपक्ष होता है। सत्ताधारी दल अपने नीतियों के हिसाब से काम करता है और विपक्ष उनकी कमियां निकाल कर लोगों को जागरूक करता है। उन्होंने कहा कि सरकार का लोकतंत्र में विश्वास नहीं है, भाजपा केवल लोकतांत्रिक व्यवस्था अपनी सरकार बनाने के लिए करती है। उन्होंने घायल सपा कार्यकर्ता रविंद्र पाल से भी मुलाकात कर हाल जाना। इस दौरान पूर्व विधायक जयशंकर पांडेय, सपा जिला अध्यक्ष पारसनाथ यादव आदि मौजूद रहे।

**गन्ना समिति में चुनाव के दौरान मारपीट में घायल सपा कार्यकर्ता के बारे में ली जानकारी**

# गन्ना समिति के चेयरमैन पद को लेकर जोड़-तोड़

### डायरेक्टर पद के प्रत्याशी आज ले सकेंगे नाम वापस

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** सहकारी गन्ना विकास समिति के अध्यक्ष पद को लेकर जोड़ तोड़ शुरू हो गई है। डायरेक्टर पद के लिए नामांकन दाखिल करने वाले 14 अक्टूबर को अपना नाम वापस ले सकेंगे।

सहकारी गन्ना विकास समितियों के डेलीगेट के बाद प्रबंध समिति सदस्य पद के लिए चुनाव प्रक्रिया चल रही है। यह डायरेक्टर ही समितियों के चेयरमैन का चुनाव करेंगे। प्रत्येक समिति में डायरेक्टरों की संख्या कुल 11 है। मसौधा, फैजाबाद और गनौली समिति के डायरेक्टर पद के लिए नामांकन और नामांकन पत्रों की जांच हो चुका है। 14 अक्टूबर सोमवार को प्रत्याशी अपना नाम वापस ले सकेंगे। इसके बाद मतदान कराया जाएगा। अब समितियों के अध्यक्ष का चुनाव लड़ने वाले ज्यादा से ज्यादा अपना डायरेक्टर जितवाने के लिए पेशबंदी में लग गए है। फैजाबाद समिति में मतदान की जरूरत नहीं होगी। यहां सभी 11 पदों के लिए केवल एक-एक नामांकन हैं। ऐसे में सभी का निर्विरोध चुना जाना तय है। मसौधा और गनौली में भी कुछ डायरेक्टर पद पर एक ही नामांकन हुआ है। कुछ पर एक से ज्यादा नामांकन भी हैं। ऐसे में समर्थक अपने प्रत्याशी के पक्ष में सक्रिय है।

# पुलिस पर युवक की बेरहमी से पिटाई का आरोप

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** रिकाबगंज चौकी पुलिस पर एक युवक की बेरहमी से चौकी लाकर पिटाई का आरोप लगा है। पीड़ित युवक को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। रविवार को भाजपा से जुड़े उसके पिता पूर्व सभासद ने अन्य लोगों के साथ एसएसपी से मुलाकात कर दोषी चौकी प्रभारी समेत चार को निलंबित किए जाने की मांग की है। एसएसपी ने चौकी प्रभारी रिकाबगंज समेत दो के खिलाफ कार्रवाई की है।

शुक्रवार की रात तेली टोला निवासी नमन सोनी (27) पुत्र अनिल सोनी अपनी पत्नी और बच्चे के साथ रिकाबगंज से चौक की ओर जा रहा था। नमन का आरोप है कि रूट डायवर्जन के चलते पुलिस ने उसको रिकाबगंज चौराहे पर रोक लिया। उन्होंने पास में ही घर होने और शेर गली से मुड़कर अपने घर जाने की बात कही। इसके बाद पुलिस कर्मियों ने अभद्रता और गाली-गलौच शुरू कर दी। फिर पुलिस कर्मी उसे घसीटते हुए रिकाबगंज चौकी के पीछे स्थित कमरे में ले गए और गला दबा पानी के पाइप से ताबड़तोड़ वार कर पिटाई की। मौके पर नौ पुलिस वाले थे, जिसमें से चौकी प्रभारी प्रवीण मिश्रा, उपनिरीक्षक पंकज कनौजिया, आरक्षी अभय सिंह व राहुल कुमार को वह पहचान पाया। स्थानीय लोगों के चौकी घेराव के बाद शनिवार की भोर 4.05 बजे उसे पुलिस ने अस्पताल पहुंचाया। हालांकि डॉक्टर पर ठीक से मेडिकल न करने का दबाव बनाया। घटनाक्रम आदि का वीडियो उसके पास मौजूद है। प्रकरण को लेकर पीड़ित युवक के पिता और नगर पालिका के पूर्व सभासद अनिल सोनी ने पार्टी व दुर्गा पूजा समिति और कारोबार से जुड़े लोगों के साथ एसएसपी से मुलाकात की है। उधर पुलिस का कहना है कि रूट डायवर्जन का हवाला देने के बाद युवक ने मौके पर मौजूद पुलिस, पीएसी व यातायात कर्मियों से गाली-गलौच की, जिसमें पुलिसकर्मियों की वर्दी भी फट गई। प्रकरण के तूल पकड़ने के बाद एसएसपी ने रिकाबगंज चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक प्रवीण मिश्रा व उपनिरीक्षक पंकज कनौजिया को निलंबित किया है। हालांकि अभी किसी अधिकारी ने इसकी पुष्टि नहीं की है।

नगर कोतवाल अश्विनी कुमार पांडेय ने बताया कि प्रकरण में उनको किसी पक्ष की शिकायत नहीं मिली है। शिकायत मिलने पर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जाएगी।


पिटाई से पड़े निशान दिखाता पीड़ित।

### पूर्व सांसद ने कसा था पुलिस का पेंच

स्थानीय कारोबारी टंकल सरदार के साथ स्कूटी से दुर्गा प्रतिमा विसर्जन शोभायात्रा का जायजा लेने निकले भाजपा के पूर्व सांसद लल्लू सिंह ने रिकाबगंज चौराहे के पास नमन सोनी प्रकरण में पुलिसिया कृत्य को लेकर एसपी सिटी मधुबन सिंह से कड़ी आपत्ति जताई थी। स्थानीय लोगों का कहना है कि सार्वजनिक रूप से एसपी सिटी ने क्षमा याचना की है और मामले की जांच कराने को कहा। पूर्व सांसद ने प्रकरण को लेकर सीओ सिटी का भी पेंच कसा है। ताजा कार्रवाई पूर्व सांसद की नाराजगी का ही परिणाम माना जा रहा है।

**प्रवेश के लिए रिकाबगंज चौराहे पर हुआ था विवाद, चौकी प्रभारी रिकाबगंज समेत दो पर कार्रवाई**

## 13 ओवर स्पीड वाहनों का किया गया चालान

**अयोध्या, अमृत विचार:** 11वें दिन परिवहन विभाग द्वारा सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के तहत 13 ओवर स्पीड वाहनों का चालान किया गया। इसके अतिरिक्त 26 चालकों की ड्रंक एंड ड्राइव की जांच की गई, जिसमें तीन चालक नशे की हालत में मिले, जिनके वाहनों को सीज किया गया। एआरटीओ प्रवर्तन प्रवीण कुमार सिंह ने कहा कि विद्यालय वाहनों के लिये सर्वोच्च न्यायालय की गाइडलाइन है जिसके अनुरूप ही विद्यालय वाहनों का संचालन होगा। स्कूली वाहन पीले रंग का ही होना चाहिए साथ ही वाहन पर विद्यालय का नाम, प्रबंधक का मोबाइल नम्बर तथा यांत्रिक दशा सही होना चाहिए तथा स्कूली बसों में अग्निशामक यंत्र होना चाहिए।

## सार-संक्षेप

### आज कार्यशाला में आएंगे भाजपा के प्रदेश महामंत्री

**अयोध्या, अमृत विचार :** सोमवार को भाजपा में सक्रिय सदस्यता को लेकर कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। इसमें शामिल होने के लिए भाजपा के प्रदेश महामंत्री व क्षेत्रीय प्रभारी संजय राय भाग लेंगे। जिला महामंत्री राघवेंद्र पांडेय के मुताबिक कार्यशाला का आयोजन सहादतगंज स्थित पार्टी कार्यालय पर होगा। प्रदेश महामंत्री इसे संबोधित करेंगे। सक्रिय सदस्यता के बारे में जानकारी देंगे। साथ ही अब तक की गई सदस्यता की समीक्षा भी करेंगे।

### आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का शोषण बर्दाश्त नहीं : सरोज सिंह

**पूरा बाजार, अयोध्या। अमृत विचार :** आंगनबाड़ी कर्मचारी संघ की ब्लॉक स्तरीय बैठक ब्लाक सभागार पूरा बाजार में हुई। इस मौके पर जिला अध्यक्ष सरोज सिंह ने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों से अन्य विभागों के कार्य कराए जा रहे हैं जो अनैतिक हैं। अन्य विभागों के कार्य करने से हमारा मूल दायित्व प्रभावित हो रहा है। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का शोषण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को मिलने वाले मोबाइल को लेकर तमाम परेशानियां आ रही हैं। विभाग को सूचना देने के बावजूद भी कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। अगर यही चलता रहा तो हम लोग आंदोलन को बाध्य होंगे। संरक्षक राकेश मिश्र, महामंत्री कुसुम गौड़, ब्लॉक अध्यक्ष आशा सिंह, गीता देवी, मीना देवी आदि मौजूद रहीं।

### मनरेगा की फीडिंग न होने से प्रधान संघ नाराज


सिविल लाइन स्थित एक होटल में पत्रकारों से बातचीत करते प्रधान संघ अध्यक्ष राजेश प्रताप सिंह व ब्लॉक प्रमुख संघ के अध्यक्ष शिवेंद्र सिंह।

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** प्रधान व क्षेत्र पंचायतों की जनपद स्तर की विभिन्न समस्याओं को लेकर प्रधान संघ पूरी तरह से लामबंद हो गया है। प्रधानों ने मनरेगा फीडिंग समेत विभिन्न मांगों को लेकर 15 अक्टूबर को धरने की चेतावनी दी है। रविवार को ब्लॉक प्रमुख संघ जिलाध्यक्ष शिवेंद्र सिंह व अखिल भारतीय प्रधान संगठन के जिलाध्यक्ष राजेश प्रताप सिंह ने संयुक्त पत्रकार वार्ता की। प्रमुख संघ के अध्यक्ष शिवेंद्र सिंह ने कहा कि हमारा संघ प्रधान संघ के समर्थन में है और हम लोग एकसाथ मिलकर ही गांवों का विकास करा सकते हैं। प्रधान संघ के जिलाध्यक्ष राजेश प्रताप सिंह ने प्रधान संगठन को प्रमुख संघ समर्थन देने के लिए प्रमुख संघ जिलाध्यक्ष का आभार प्रकट किया। ब्लॉक प्रमुख बीकापुर दिनेश वर्मा, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अमानीगंज पवन सिंह, प्रधान संघ ब्लॉक अध्यक्ष पूरा अंकुर सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष मसौधा मोहम्मद नईम, कार्यकारी ब्लॉक अध्यक्ष सुनील शंकर, ब्लॉक अध्यक्ष बीकापुर विशाल सिंह, जिला उपाध्यक्ष रक्षाराम यादव, जिला महासचिव जुनैद अंसारी, कोषाध्यक्ष शेखर सिंह, प्रधान बदरुद्दीन, प्रधान राजेश तिवारी, प्रधान ऊदल यादव सहित कई प्रधान पदाधिकारी मौजूद रहे।

### शॉर्ट सर्किट से लगी आग, अनाज, ठेला व भूसा जला


आग लगने से जला ठेला।

**मिल्कीपुर, अयोध्या। अमृत विचार :** तहसील क्षेत्र के ग्राम सागर पट्टी पंधिला में बिजली की शार्ट सर्किट से आग लगने के कारण एक किसान का चारपाई, बिस्तर, ठेला, साइकिल, अनाज तथा भूसा जलकर राख हो गया। पीड़ित किसान ज्ञानेन्द्र तिवारी पुत्र गिरीश चंद्र तिवारी ने बताया कि घर में लगी लाइट में शार्ट सर्किट हुई, जिसके बाद छप्पर में भीषण आग लग गई। चपेट में आकर छप्पर के मकान में रखा भूसा और भूसे में रखे गेहूं, सरसों, डीएपी खाद व ठेला जलकर राख हो गया। ग्रामीणों ने आग बुझाई, लेकिन तब तक सब कुछ जल चुका था।

### सदस्यता को लेकर भाजपा का विशेष अभियान शुरू

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** सदस्यता को लेकर भाजपा का रविवार से विशेष अभियान शुरू किया गया है। यह अभियान 15 अक्टूबर तक चलेगा। इसे मंडल स्तर पर चलाया जा रहा है। अब तक जारी की गई सूचना के मुताबिक सामान्य सदस्यता के लिए 15 अक्टूबर तक का समय दिया गया है। जिले व महानगर के लिए अलग-अलग लक्ष्य तय किया गया है। जिले के लिए सदस्यता 3.30 लाख का लक्ष्य है। अभी इसमें थोड़ी कमी रह गई है। इसे पूरा करने के लिए रविवार से विशेष अभियान शुरू किया गया है। यह अभियान 15 अक्टूबर तक चलेगा। इसे मंडल स्तर पर शुरू किया गया है। जिला महामंत्री राघवेंद्र पांडेय के मुताबिक जिन बूथों पर सदस्यता दो सौ से कम है। उन पर संख्या को पूरा करने के लिए विशेष अभियान शुरू किया गया है। सदस्यता कराने के लिए प्रत्यके मंडल से 15 से 20 लोगों की टीम को लगाया गया है। टीम में जनप्रतिनिधियों के साथ ही पदाधिकारियों को लगाया गया है। टीम के सदस्य बूथों पर जाकर प्रत्येक बूथ पर सदस्यता की संख्या दो सौ को पूरा कराएंगे। बताया कि लक्ष्य में थोड़ी ही कमी रह गई है। तीन दिन चलने वाले विशेष अभियान में इसे पूरा कर लिया जाएगा। इसके बाद मोर्चा और प्रकोष्ठ से भी सदस्यता कराए जाने की योजना है।

# धर्मांतरण की कोशिश नाकाम पुलिस ने 8 को हिरासत में लिया

मसौधा अयोध्या।

**अमृत विचार :** पुलिस ने रविवार दोपहर संभावित धर्मान्तरण को उस समय नाकाम कर दिया, जब ईसाई धर्म को अपनाने वाले थाना क्षेत्र के पश्चिमी इलाके के सिड़िहिर नरसिंहपुर गांव में चंगाई सभा कर रहे थे।

एक शिकायत पर पहुंची पुलिस ने सभा स्थल से ढोल, मंजीरा ईसाई धर्म से संबंधित दर्जनों पुस्तकें और ईसाई ग्रंथ बरामद कर आठ लोगों को हिरासत में लिया है। हिरासत में लिए गए लोगों को पूराकलंदर थाने लाया गया है। पुलिस पूछताछ कर रही है। सभा की भनक लगते ही सरियामा मजरा पूरे इच्छा तिवारी का पुरवा निवासी पुष्कर तिवारी ने पुलिस को सूचित करते हुए तहरीर दी। रविवार दोपहर करीब 12:30 बजे घटना की जानकारी होते ही सीईओ अयोध्या आशुतोष तिवारी के नेतृत्व में थाना प्रभारी पूराकलंदर देवेंद्र सिंह दलबल के साथ मौके पर पहुंच गए और धर्मांतरण के इरादे से आयोजित की गई सभा को समाप्त कराया। मौके से दर्जनों पुस्तकों के साथ कुछ ग्रंथ भी बरामद कर आठ लोगों को हिरासत में लिया। सीओ अयोध्या आशुतोष तिवारी का कहना है कि धर्मांतरण के बाबत सूचना पर सिड़िहिर नरसिंहपुर गांव में आयोजित सभा में पहुंचकर ईसाई धर्म से संबंधित दर्जनों पुस्तकें बरामद की गई। ईसाई धर्म के प्रचारकों की टीम से जुड़े आठ लोगों को हिरासत में लिया गया है। उन्होंने बताया कि प्रभारी निरीक्षक देवेंद्र सिंह सहित अन्य पुलिस टीम पूछताछ कर रही है। सभा आयोजकों के बारे में जानकारी के लिए तीन टीमें गठित की गई है।

**ढोल, मंजीरा, ईसाई धर्म पर आधारित दर्जनों पुस्तकें बरामद**

# कुश्ती प्रतियोगिता में नंदनी नगर गोंडा का दबदबा

पूराबाजार, अयोध्या

**अमृत विचार :** ग्राम सरायराशी में दशहरा के दिन कुश्ती का आयोजन किया गया। गोसाईगंज के विधायक अभय सिंह ने अभिषेक आजमगढ़ व अमित नंदिनी नगर का हाथ मिलाकर शुभारंभ कराया।

कुश्ती दंगल में नंदनी नगर गोंडा का ही दबदबा दिखा। अधिकतर पहलवान नंदनी नगर के जीते। वहीं आजमगढ़, बहराइच, गोरखपुर, प्रतापगढ़, अंबेडकर नगर, अयोध्या, सैफई, बस्ती, मेरठ, बहराइच सहित अन्य जिलों के पहलवान ने अपने दांव दिखाएं। प्रमुख कुश्ती में इरफान नंदिनी नगर व हरिओम बहराइच के बीच कुश्ती हुई। हरिओम विजयी रहे। कुलदीप बहराइच व आयुष नंदनी नगर के बीच हुई आयुष विजयी रहे। जीशान अलनपुर व शकीर मेरठ की कुश्ती बराबरी पर छूटी। महिला कुश्ती में आरती बनारस व रोली नंदिनी नगर की कुश्ती दर्शनीय थी। जिसमें रोली नंदिनी नगर विजयी रहीं। आखिरी कुश्ती पर एक लाख का इनाम था जो रामेश्वर सैफई तथा ज्ञान सिंह गोरखपुर की बीच हुई जो बराबरी पर छुटी। दंगल में विधायक प्रतीक भूषण सिंह, ब्लॉक प्रमुख संघ के जिलाध्यक्ष शिवेंद्र सिंह, रणधीर सिंह लल्ला, राजमणि यादव, शंभू नाथ सिंह, स्वाति सिंह, प्रधानाचार्य अविचल सिंह, गुरु प्रसाद सिंह सहित क्षेत्रीय गणमान्य लोग मौजूद रहे। निर्णायक की राष्ट्रीय कुश्ती संघ के कोच सुभाष चंद्र व संचालन अनिल सिंह ने किया। ग्राम प्रधान अनीता सिंह ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया।


दशहरा पर सरायराशी गांव में आयोजित कुश्ती में दांव लगाते पहलवान।

**दशहरा पर्व पर सरायराशी में हुई कुश्ती प्रतियोगिता**

### तैयारी | शासन से मिली हरी झंडी, इसके लिए 89 करोड़ का बजट भी किया अवमुक्त

# पुलिसकर्मियों को मिलेगी राइफल और पिस्टल

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** पुलिस विभाग में सिपाही भर्ती प्रक्रिया के बीच जवान व अधिकारियों के लिए राइफल और पिस्टल की खरीद योजना को शासन की हरी झंडी मिल गई है। इसके साथ 89 करोड़ का बजट भी अवमुक्त किया गया है। योजना के तहत 9 एमएम पिस्टल और 5.66 एमएम रायफल के साथ बड़ी तादात में इनके लिए कारतूस की खरीद की जानी है।

पुलिस आधुनिकीकरण योजना के तहत पुलिस को आधुनिक साधन-संसाधन और उपकरण उपलब्ध कराए जा रहे हैं। एक ओर सुचारु संचार के लिए रेडियो शाखा को पूरी तरह डिजिटलाइज्ड किया जा रहा है तो पुलिस बल को तेज रफ़्तार वाहन के साथ दंगा नियंत्रण वाहन उपलब्ध कराया जा रहा है। कार्यालय गतिविधियों के लिए कंप्यूटर सेट और प्रिंटिंग मशीन की खरीद हुई है तो अब फील्ड ड्यूटी में लगे पुलिस अधिकारियों और जवानों के लिए असलहा और कारतूस की खरीद योजना पर प्रक्रिया आगे बढ़ी है।

**खरीदे जाएंगे विभिन्न प्रकार के कारतूस भी**


प्रतीकात्मक फोटो

> मुख्यालय स्तर पर पुलिस आधुनिकीकरण योजना के तहत विभिन्न योजनाओं पर कार्रवाई चल रही है। असलहों और कारतूस की खरीद मुख्यालय स्तर पर होनी है। – प्रवीण कुमार, आईजी

### अधिकारियों के लिए रहेगी 9 एमएम पिस्टल

योजना के तहत पुलिस जवानों के लिए 5.66 एमएम इंसास राइफल (कीमत 1,21,000 रूपये) और इसके लिए बाल सीटीएन पैक्ड व बाल ब्लैंक कारतूस की खरीद की जा रही है। वहीं अधिकारियों के लिए 9 एमएम पिस्टल और इसका बाल एमके टू मार्का कारतूस खरीदा जाना है, जबकि सुरक्षा जरूरतों के मद्देनजर 7.62 एमएम बाल सीटीएन पैक्ड व 8.6 गुने 70 एमएम एम बाल (.338 लापुरा एवं 2300 ग्रैन) कारतूस भी क्रय किया जाएगा। गौरतलब है कि पुलिस में थ्री नॉट थ्री राइफलों का इस्तेमाल बंद होने के बाद इंसास (भारतीय लघु शस्त्र प्रणाली) का इस्तेमाल किया जा रहा है। सिंगल शॉट व थ्री राउंड बर्स्ट फायर वाली यह रायफल हल्की (4.15 किलो), क्रोम प्लेटेड बैरेल वाली, मरम्मत मुक्त, आसानी से एसेंबल व डिस्मेंटल होने वाली और विभिन्न परिस्थितियों के लिए अनुकूल है। फिक्स और फोल्डेबल बट वाली 20 राउंड की इस राइफल की मारक क्षमता 400 मी है।

# मालगाड़ी के आगे पटरी पर लेटा किशोर, धड़ से अलग हुआ सिर

**अमृत विचार, अयोध्या :** प्रयागराज रेल प्रखंड स्थित खजुरहट रेलवे स्टेशन के पास रविवार को एक किशोर मालगाड़ी के आगे रेलवे ट्रैक पर लेट गया। ट्रेन की चपेट में आने से उसका सिर धड़ से अलग हो गया और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। मृतक की शिनाख्त इनायतनगर थाना क्षेत्र के हैरिंग्टनगंज चौकी क्षेत्र स्थित सराय मजरा निवासी बृजेश कुमार (15) पुत्र गंगादीन के रूप में हुई।

परिवारीजनों का कहना है कि बृजेश घर से अपनी मौसी के लड़के को तारुन थाना क्षेत्र के रामपुर भगन छोड़ने गया था। वहां से लौटा और कुछ देर बाद बृजेश कुमार बगैर कुछ बताए मोटर साइकिल लेकर घर से कहीं चला गया। लोगों ने सोचा कि शायद दुकान पर सामान लाने गया होगा और कुछ देर में आ जाएगा। काफी देर तक वापस नहीं लौटा तो उसका फोन मिलाया गया, लेकिन फोन नहीं उठा। परिवार का कहना है कि पूर्व में उसकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी, लेकिन इलाज के बाद ठीक हो गया था। जीआरपी थाने के प्रभारी समर सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजवाया गया है। उसकी बाइक मौके पर मिली है, छानबीन कराई जा रही है।

## एक नजर

### महिला ने फंदे से लटक कर दी जान

**नवाबगंज, गोंडा, अमृत विचार।** संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। थाना क्षेत्र के खड़ौआ गांव लोनियन पुरवा निवासी पूजा चौहान पत्नी रमेश चौहान का शव शुक्रवार की रात्रि में घर के कमरे में लगे हुक में लटकता हुआ पाया गया। परिजनों की सूचना पर मौके पर पहुंची कोल्हमपुर चौकी की पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मृतका के भाई जोगराम चौहान निवासी ग्राम बढ़या थाना मोतीगंज ने थाने पर दी। बताया कि उसके बहन के पति रमेश चौहान ने शराब पीने के बाद रात्रि में उसे मार कर लटका दिया है। उन्होंने बताया कि उनकी बहन की शादी करीब दस साल पहले शादी मसकनवां थाना क्षेत्र के झेलहना गांव में हुई थी। पति के छोड़ देने के बाद करीब दो महीना पहले एक मंदिर में उसकी बहन ने रमेश चौहान के साथ में शादी किया था। प्रभारी निरीक्षक निर्भय नारायण सिंह ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

### बच्चों के विवाद में मारपीट

**तरबगंज, गोंडा, अमृत विचार।** स्थानीय थाना क्षेत्र के बनगांव में बच्चों के विवाद में पैर से ठोकर मार दी जिससे एक किशोर घायल हो गया। इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। शुक्रवार की रात स्थानीय थाना क्षेत्र के बनगांव के मजरा कंचनपुर में दुर्गापूजा का आयोजन हो रहा था जहाँ गाँव के बच्चे पूजा देखने गए थे रात विवाद हो गया तो गाँव के सुरेश ने अर्जुन को पैर से मार दिया जिससे अर्जुन का बांया हाथ टूट गया है। जब घरवालो ने पूछा तो सुरेश गालियां देने लगे व जानमाल के साथ फर्जी मुकदमे में फंसाने की धमकी देते हुए चले गए। गांव के ही राम मूरत यादव ने थाने पर तहरीर दी है। थानाध्यक्ष राजेश कुमार सिंह ने बताया कि मुकदमा पंजीकृत कर जांच की जा रही है।

### निकाली गई झांकी

**रुपईडीह, गोंडा, अमृत विचार :** स्थानीय कस्बा आर्यनगर सहित क्षेत्र के रुपईडीह, बनगांई, बौनापुर, इमिलिया छीटू व कौड़िया मे दशहरा के अवसर पर राम, लक्ष्मण, मेघनाथ व कुम्भकरण आदि की झांकी निकाली गई तथा राम रावण युद्ध के बाद रावण का पुतला जलाया गया। शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिलाधिकारी द्वारा नियुक्त सेक्टर मजिस्ट्रेट प्रभारी खंड विकास अधिकारी आज़म खान, पुलिस चौकी आर्यनगर के प्रभारी राजेश कुमार दुबे व पिपरा बाजार के मृत्युंजय सिंह मय पुलिस फोर्स उपस्थित रहे।

### हत्या कर शव जलाने का आरोप, महिला ने दी तहरीर

**इटियाथोक, गोंडा, अमृत विचार।** महिला ने पति की हत्या कर शव जलाने का आरोप लगाते हुए पुलिस चौकी भवानीपुर खुर्द पर तहरीर दी है। ग्राम चुरकिहवा विश्रामपुर बरेली की काजल देवी ने आरोप लगाया है कि उनके पति मायाराम से उसका विवाह 8 वर्ष पूर्व हुआ था। गांव के ही छेदी, गंगाराम, भगतराम, मालती व दया राम ने शनिवार को पति की हत्या कर शव जला दिया। मायके में होने से इस घटना की जानकारी रविवार को हुई तो पुलिस चौकी भवानी खुर्द पर तहरीर देकर सूचना दी गई। चौकी प्रभारी विवेक मौर्य ने बताया कि महिला काजल देवी ने पति के मौत की सूचना दी थी जानकारी करने पर पता चला कि युवक शराब पीकर आया था। इस वजह से उसकी मौत हो गई।उसकी पत्नी को यह जानकारी हुई तो प्रार्थना पत्र दिया है। जांच पड़ताल की जा रही है।

# पटाखों के जखीरे में विस्फोट, युवक की मौत

## किराना स्टोर के गोदाम में रखे थे पटाखे, बिजली के मीटर में शॉर्ट सर्किट बताई जा रही वजह

संवाददाता, इटियाथोक, गोंडा

**अमृत विचारः** शनिवार को दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दौरान इटियाथोक थाना क्षेत्र के तेलियानी बाजार मोड़ के समीप स्थित एक किराना स्टोर के गोदाम में रखे गए पटाखों के जखीरे में भीषण विस्फोट हो गया। विस्फोट इतना जबरदस्त था कि दुकान का शटर व टिन शेड हवा में उड़ गये। इस घटना में किराना स्टोर के मालिक का बेटा गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल ले जाया गया लेकिन डॉक्टरों ने उसकी हालत को नाजुक बताते हुए उसे लखनऊ रेफर कर दिया। लखनऊ ले जाते समय रास्ते में उसकी मौत हो गयी।

धमाके की वजह दुकान में लगे बिजली के मीटर में हुए शॉर्ट सर्किट को बताया जा रहा है। पुलिस की डॉग स्क्वायड व फॉरेंसिक टीमें घटना की पड़ताल में जुटी हैं। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि मीटर में शॉर्ट सर्किट होने के बाद चिंगारी दुकान में रखे पटाखे तक पहुंच गयी और भीषण धमाका हो गया। घटना शनिवार देर रात करीब 10 बजे के आसपास हुई। कुछ देर पहले ही दुकान के सामने से विसर्जन जुलूस निकला था। गनीमत रही कि विसर्जन जुलूस के आगे निकल जाने के बाद यह हादसा हुआ वरना बड़ी घटना हो सकती थी।

**हादसा**

▸▸ विस्फोट से उड़कर दूर जा गिरा गोदाम का शटर व टिन शेड कार के शीशे चकनाचूर



दुर्गेश गुप्ता (फाइल फोटो)।



घटना में ध्वस्त हुआ किराना गोदाम। अमृत विचार

गोंडा बलरामपुर राजमार्ग पर तेलियानी मोड़ के पास रामजी गुप्ता की किराना दुकान का गोदाम एक किराये के मकान में है। यहां दोना-पत्तल व गिलास सहित अन्य सामानों का भंडारण किया जाता है। शनिवार रात करीब 10 बजे मां दुर्गा प्रतिमा का विसर्जन जुलूस निकाला गया था। बड़ी संख्या में लोग गाजे बाजे के साथ नाचते गाते जा रहे थे। विसर्जन जुलूस मोड से आगे निकला ही था कि दुर्गेश किराना स्टोर के गोदाम में हुए जबरदस्त विस्फोट से पूरा इलाका दहल उठा। गोदाम का शटर व टिनशेड उड़कर दूर जा गिरा और आसपास खड़े वाहनों के शीशे चकनाचूर हो गये। किराना स्टोर के गोदाम में मौजूद रामजी का बेटा दुर्गेश गुप्ता (28) गंभीर हालत में घायल हो गया। उसे आनन फानन में इलाज के लिए ले जिला अस्पताल ले जाया गया जहां से उसे लखनऊ रेफर कर दिया गया लेकिन लखनऊ ले जाते समय दुर्गेश ने रास्ते में दम तोड़ दिया।

मौके पर मौजूद लोगों का कहना है कि रात 10 बजे जैसे ही लाइट आई दुकान में लगे मीटर में शार्ट सर्किट हो गया और मीटर से निकली चिंगारी गोदाम में रखे पटाखों तक पहुंच गई जिससे भीषण धमाका हो गया। तेज धमाके से पूरा इलाका दहल उठा। जुलूस के साथ मौजूद एसओ शेषमणि पांडेय पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और घायल दुर्गेश को अस्पताल पहुंचाया। धमाके मे किराने के गोदाम में रखा सामान, मोबाइल व एक बाइक क्षतिग्रस्त हुई है। एसओ का कहना है कि शॉर्ट सर्किट हादसे की वजह बताई जा रही है। फिलहाल घटना की जांच शुरू कर दी गयी है। जांच के बाद ही पता चलेगा सही स्थिति का पता चलेगा। वहीं दुर्गेश की मौत से उसके परिवार में कोहराम मचा है।

### बेलसर डीहा गांव में तीन लोगों की हो चुकी है मौत

अभी एक सप्ताह पहले जिले के बेलसर डीहा गांव में अवैध पटाखा फैक्ट्री में जबरदस्त विस्फोट हुआ था। इस घटना में तीन लोगों की मौत हो चुकी है जबकि दो अभी अस्पताल में हैं। पटाखों के अवैध भंडारण के खिलाफ एसपी के निर्देश पर दो दिनों तक अभियान भी चलाया गया जिसमें करीब 30 क्विंटल पटाखा बरामद किया जा चुका है कौड़िया में संचालित एक अवैध पटाखा फैक्ट्री भी पकड़ी जा चुकी है। पुलिस अवैध रूप से पटाखा व्यापार करने वाले 13 आरोपियों की गिरफ्तारी भी कर चुकी है इसके बावजूद अवैध पटाखा भंडारण पुलिस प्रशासन के लिए मुसीबत बना हुआ है।

# अज्ञात वाहन ने मारी ठोकर, युवक की मौत

**मनकापुर, अमृत विचारः** मेला देख कर घर लौट रहे 36 वर्षीय युवक को अज्ञात चार पहिया वाहन ने ठोकर मार दी। ठोकर लगने से युवक की मौके पर मौत हो गयी।

ग्राम अंधियारी निवासी फूल चंद्र (36) पुत्र स्व गौतम सिंह शनिवार को मनकापुर-दतौली मार्ग पर स्थित मनवर नदी पर विसर्जन मेला देख कर देर रात पैदल घर जा रहा था। मनकापुर से जा रहे अज्ञात चार पहिया वाहन चालक ने पीछे से ठोकर मार दी। इसमें उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। जिगना चौकी प्रभारी सुनील पाल ने शव को कब्जे में लेकर आस-पास से लोगों से शव की शिनाख्त कराई, जिसमें मृतक की शिनाख़्त फूल चंद्र के रूप में हुई। पुलिस ने मृतक के परिजनों को सूचित कर शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार मिश्र ने कहा कि शव को पीएम के लिए मुख्यालय भेजा गया है। मृतक की माता शारदा देवी के तहरीर पर अज्ञात वाहन चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है।

# दो सड़कों के निर्माण को मिली स्वीकृति

**रुपईडीह, अमृत विचार।** ब्लॉक के बिछूड़ी गांव से ककरहा तक जाने वाली लगभग डेढ़ किलोमीटर, जगदीशपुर संपर्क मार्ग व बेलभरिया से कस्बा कौड़िया बाजार होते हुए लगभग पांच किलोमीटर सड़क मार्ग को आर्यनगर-कर्नलगंज हाइवे से जोड़ने के लिए प्रधानमंत्री योजना के अंतर्गत स्वीकृत कर दिया गया है। यह जानकारी बेलवभान गांव निवासी भाजपा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष हरीश शुक्ल ने देते हुए बताया कि उक्त दोनों सड़कों का ग्रामीण सेवा अभियंत्रण विभाग के अधिशासी अभियंता द्वारा अवर अभियंता के साथ निरीक्षण भी किया जा चुका है। शीघ्र ही निर्माण कार्य शुरू कर किया जाएगा।

## सार-संक्षेप

### भाजपा पूर्वांचल मोर्चा के प्रदेश मंत्री बने दया शंकर ओझा



**गोंडा, अमृत विचार :** भाजपा नेता दयाशंकर ओझा को भारतीय जनता पार्टी ने दिल्ली प्रदेश के पूर्वांचल मोर्चा में नई और बड़ी जिम्मेदारी दी है। नव नियुक्त प्रदेश अध्यक्ष संतोष ओझा ने पूर्वांचल मोर्चा प्रदेश कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए दयाशंकर ओझा को प्रदेश मंत्री की जिम्मेदारी सौंपी है। मूल रूप से जिले के तरबगंज विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत माधवपुर के निवासी दयाशंकर ओझा इससे पूर्व में संगठन के विभिन्न दायित्वों जैसे प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, प्रवक्ता और ज़िला प्रभारी का निर्वहन कर चुके हैं। ओझा के प्रदेश मंत्री बनाए जाने पर भाजपा जिला अध्यक्ष अमर किशोर कश्यप बमबम युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष दीपक गुप्ता जिला मीडिया प्रभारी राघवेंद्र ओझा पट्टू सोशल मीडिया प्रभारी अविनाश जायसवाल, मनीष द्विवेदी, पूर्व सिविल बार एसोसिएशन अध्यक्ष उपेन्द्र मिश्रा, अधिवक्ता अखिलेश तिवारी, दिलीप पांडेय, प्राणशंकर तिवारी, राधेश्याम पांडेय, पवन पांडेय, दिनेश तिवारी, अवधेश पांडेय और डा. राघवराम तिवारी ने बधाई दी।

### ऑनलाइन उपस्थिति का एएनएम ने किया विरोध



सीएचसी अधीक्षक को ज्ञापन देतीं एएनएम। अमृत विचार

**खरगूपुर :** ऑनलाइन उपस्थिति का विरोध सहित 11 सूत्री मांगों को लेकर एए एम व अन्य स्वास्थ्य कर्मियों ने मुख्य चिकित्साधिकारी को सम्बोधित सीएचसी अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा। रविवार को मुख्य चिकित्साधिकारी गोंडा को सम्बोधित एएनएम स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा खरगूपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक डॉ अजय यादव को दिए गए ज्ञापन में मांग किया गया है कि ऑनलाइन उपस्थिति बंद कर ऑफलाइन हस्ताक्षर शुरू कराया जाय। इसके साथ ही समान कार्य समान वेतन, संविदा ए एन एम को स्थायी नियुक्ति, स्वास्थ्य बीमा का लाभ, स्वास्थ्य उपकेंद्र पर प्राप्त होने वाला अनटाइड फंड देने, ऑनलाइन फीडिंग के लिए डाटा रिचार्ज, उपकेंद्र तथा क्षेत्र में टीकाकरण के दौरान सुरक्षा व्यवस्था देने व सरकार द्वारा दी जाने वाली मांगें शामिल है। मांग पत्र में ये कहा गया है कि एएनएम स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा टीकाकरण, आर सी एच फीडिंग, यू विन फीडिंग, आभा कार्ड, आयुष्मान कार्ड, बाढ़ में ड्यूटी, चुनाव में ड्यूटी आदि कार्य का निर्वहन रुचिपूर्ण किया जा रहा है।

### दो पक्षों में मारपीट, आधा दर्जन लोग घायल

**नवाबगंज।** इस्माइलपुर के महावीरना निवासी राम सूरत यादव ने थाने पर दी गई तहरीर में बताया कि शनिवार की दोपहर में करीब साढ़े बारह बजे रास्ते के विवाद को लेकर गांव के रामचंदर, मुकेश, मोहन तथा ढप्पू आये और गाली देने लगे मना करने पर लाठी डंडों से मारने लगे शोर सुनकर बीच-बचाव करने वाले परिवार के उसके पुत्र कल्पनाथ, पत्नी पूनम पुत्री पुष्पा तथा भाना को भी मारा पीटा जिससे सभी को काफी चोटें आई। जिसमें कल्पनाथ की हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। वहीं दूसरे पक्षा के रामचंदर ने बताया कि रास्ते के विवाद को लेकर गांव की कला देवी, कल्पनाथ, भाना देवी तथा पुष्पा आए और गाली देते हुए लाठी डंडों से मारने लगे बीच बचाव करने आए परिवार के रामसूरत, राजेश, महेश, बृजमोहन तथा मांसी को भी मारा पीटा जिससे सभी को काफी चोटें आई।उसके बाद जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए। प्रभारी निरीक्षक निर्भय नारायण सिंह ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# 51 कुंडीय गायत्री महायज्ञ के भूमि पूजन का आयोजन



यज्ञ कुंड के सामने बैठे श्रद्धालु। अमृत विचार

**करनैलगंज, अमृत विचार :** करनैलगंज के कटरा शहबाजपुर मेला क्षेत्र में गायत्री परिवार के तत्वावधान में 51 कुंडीय गायत्री महायज्ञ व संगीतमय प्रवचन को लेकर रविवार को भूमि पूजन का कार्यक्रम उपजिलाधिकारी भारत भार्गव की मौजदूगी में सम्पन्न हुआ।

व्यवस्थापक रामतेज मिश्र ने बताया कि पूरे क्षेत्र के लोगों के कल्याण के लिए वातावरण शुद्ध करने के उद्देश्य से 26 अक्टूबर को करनैलगंज मेला क्षेत्र कटरा शहबाजपुर गांव में 51 कुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन होना सुनिश्चित हुआ। जिसमें 1000 से अधिक माताओं बहनों बेटियों के द्वारा विशाल कलश यात्रा निकाली जाएगी। सुबह 7 बजे से यज्ञ व सायं 4 बजे से संगीतमय प्रवचन शांतिकुंज हरिद्वार से आए हुए संतों द्वारा किया जाएगा। रविवार को भूमि पूजन का कार्यक्रम अवसर पर देव वृक्ष पीपल, बरगद सहित 51 छायादार वृक्षों को रोपित किया गया। कार्यक्रम में केंद्रीय उपभोक्ता सहकारी भंडार लिमिटेड गोंडा बलरामपुर के अध्यक्ष अधिवक्ता त्रिलोकी नाथ तिवारी, जिला पंचायत सदस्य विवेक सिंह, एडवोकेट हृदय नारायन मिश्र, एडवोकेट अरविन्द शुक्ल, हर्षित सिंह, राजेश त्रिवेदी, रामकृपाल सिंह, अमिताभ मिश्रा, ठाकुर प्रसाद तिवारी, अभिषेक सिंह, मनीष मिश्रा, प्राची, दीपाली, नागेश, आदर्श मिश्र आदि उपस्थित रहे।

# राशन वितरण में घटतौली का आरोप, पांच पर केस

संवाददाता, तरबगंज, गोंडा

▸▸ गड़बड़ी करने वालों में तीन कोटेदार शामिल

**अमृत विचार :** तरबगंज विकासखंड के तीन कोटेदार समेत पांच लोगों पर खाद्यान्न वितरण में गड़बड़ी करने का आरोप लगा है, जिस पर स्थानीय पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

नगर पंचायत तरबगंज के कटहा व सेमरा जमालखानी तथा करनीपुर कोटे की दुकान के वितरण व अन्य मामले को लेकर न्यायालय में प्रार्थना पत्र दिया गया था। आरोप है कि कोटेदार दूसरे हैं और राशन वितरण दूसरे व्यक्ति पिता-पुत्र कर रहे हैं जो खुलेआम घटतौली करते हुए पांच किग्रा की जगह तीन किग्रा दे रहे हैं। पूछने पर भद्दी भद्दी गाली देकर भगा देते हैं। जिससे गांव वाले परेशान हैं। अन्त्योदय कार्ड धारकों को 35 किग्रा की जगह 15 किग्रा दे रहे हैं जो सरासर गलत है। नगर पंचायत तरबगंज के कटहा गांव निवासी शिवम सिंह ने न्यायालय में दिये शिकायत में आरोप लगाया कि उनके गांव उचित दर विक्रेता लालबाबू हैं लेकिन राशन वितरण दूसरे गांव के पिता पुत्र कर रहे हैं। धमकी देकर अंगूठा लगवा लेते हैं और राशन पांच किग्रा की जगह तीन किग्रा देते हैं। धोखाधड़ी व जालसाजी करते हुए सरकारी धन का गबन कर रहे हैं। नगर पंचायत तरबगंज के सेमर जमालखानी निवासी रामबाबू ने आरोप लगाया कि उचित दर विक्रेता कान्ति देवी हैं और राशन वितरण दूसरे गांव के पिता पुत्र कर रहे हैं जो खुलेआम घटतौली करते हुए धमकी भी देते हैं। पूरे गांव के लोग परेशान हैं।

ग्राम पंचायत करनीपुर निवासी लक्ष्मी नारायण तिवारी ने आरोप लगाया कि उनके गांव के उचित दर विक्रेता पारसनाथ हैं और उनकी पत्नी सितावा प्राथमिक विद्यालय में रसोइया के पद पर तैनात हैं और उनके नाम अन्त्योदय कार्ड बना हुआ है, जबकि राशन वितरण गांव के पिता-पुत्र कर रहे हैं। तीन गांव के राशन का वितरण पिता-पुत्र काफी दिनों से कर रहे हैं। घटतौली, भ्रष्टाचार, जालसाजी आदि में लिप्त हैं फिर भी बचे रहे। इस प्रकरण पर थानाध्यक्ष राजेश कुमार सिंह ने बताया कि न्यायालय के आदेश पर मुकदमा पंजीकृत किया गया है। जांच की जा रही है।


## वर्ग पहेली-221

**बाएं से दाएं**

1. 1. गीदड़, सियार 2. चरवाहा।
3. 1. सुंदर, ख़ूबसूरत 2. अच्छी शक्लवाला, सुंदर आकृतिवाला 3. विद्वान।
5. 1. साधन संबंधी, साधन का 2. (वह व्यक्ति) जो किसी राज्य या संस्था के प्रबंध
7. 1. लकड़ी को छीलकर या गढ़कर दरवाज़े
8. 1. किसी को कुढ़ाने या जलाने के लिए कही गई व्यंग्यपूर्ण बात 2. उक्त उद्देश्य हेतु दिखाया जाने वाला हाथ का अंगूठा, ठेंगा।

**ऊपर से नीचे**

2. 1. एकत्र या संचित करना 2. उन्नति; बढ़ती, वृद्धि 3. राशि, ढेर 4. चयन, चुनना।
3. 1. वह लेखक जो अच्छा तथा उत्तम लिखता हो 2. विख्यात लेखक या रचनाकार।
4. 1. कुलीन या सम्मानित जन के पास उठने-बैठने वाला व्यक्ति 2. राजा का परामर्शदाता 3. ख़ुशामदी।
6. 1. जिसके संबंध में विवाद हो; विवादास्पद 2. निज़ाअ संबंधी; निज़ाअ का।



### वर्ग पहेली -220 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 छु | | | | |
| | 2 अ | भं | 3 ज | न | |
| | न | | न | | |
| 4 ख़ा | | | यि | | 5 झ |
| 6 न | चि | 7 के | ता | | प |
| दा | | वाँ | | | का |
| नी | | 8 च | चो | ड़ | ना |

## सुडोकू-134

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | | | | 8 | | 9 | 6 |
| | | 4 | | | | | 7 | |
| 8 | 6 | 9 | | 5 | | | 1 | |
| | 4 | | 8 | | 7 | | 2 | |
| | 9 | | | | | | 3 | |
| | 1 | | 9 | | 2 | | 4 | |
| | 8 | | | 4 | | 9 | 6 | 3 |
| | 2 | | | | | 1 | | |
| 4 | 3 | | 6 | | | | 5 | |

### सुडोकू - 133 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 6 | 3 | 2 | 5 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 2 | 5 | 9 | 8 | 3 | 4 | 6 | 1 | 7 |
| 8 | 7 | 4 | 6 | 1 | 9 | 2 | 5 | 3 |
| 4 | 2 | 7 | 1 | 8 | 5 | 3 | 6 | 9 |
| 5 | 3 | 8 | 7 | 9 | 6 | 1 | 4 | 2 |
| 9 | 1 | 6 | 4 | 2 | 3 | 7 | 8 | 5 |
| 6 | 9 | 2 | 5 | 7 | 1 | 8 | 3 | 4 |
| 3 | 8 | 1 | 9 | 4 | 2 | 5 | 7 | 6 |
| 7 | 4 | 5 | 3 | 6 | 8 | 9 | 2 | 1 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 14 अक्टूबर सोमवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-आश्विन, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-एकादशी 06.41 तक तत्पश्चात द्वादशी 15 अक्टूबर 03.42 तक तत्पश्चात त्रयोदशी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल-पूर्व। ऋतु-शरद।
चन्द्रबल-मेष, वृषभ, सिंह, कन्या, धनु, कुंभ।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-शतभिषा 15 अक्टूबर 00.43 तक तत्पश्चात पूर्व भाद्रपद।

**मेष** — आज व्यापार में नए साझेदार जुड़ सकते हैं। कड़ी मेहनत का सार्थक परिणाम प्राप्त होगा। अपने विचारों में स्पष्टता रखें। राजनीति से जुड़े लोगों को उच्च पद मिल सकता है। आपको कुछ शुभ समाचार मिलने के योग बन रहे हैं।

**वृष** — आज जॉब में आपको जिम्मेदारी वाला पद मिल सकता है। धन के लेन-देन को लेकर समझदारी रखें। नया निवेश करने से पहले आपको सभी पहलुओं पर विचार कर लेना चाहिये। व्यवसाय में कड़ी प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ेगा।

**मिथुन** — आज आपकी दिनचर्या संयमित रहेगी। समाज के उच्च वर्ग के लोगों से आपका मेल-मिलाप बढ़ेगा। बौद्धिक चर्चाओं में आप भाग ले सकते हैं। बच्चे पढ़ाई में काफी अच्छा प्रदर्शन करेंगे। परिजनों का व्यवहार आपके प्रति काफी विनम्र रहने वाला है।

**कर्क** — आज स्वार्थवश काम करने के कारण आपकी आलोचना हो सकती है। मित्रों के साथ मनमुटाव हो सकता है। किसी की भावनाओं का तिरस्कार न करें। यदि तनाव आपकी कार्यक्षमता को प्रभावित कर रहा है तो मोटिवेशन वीडियोज का सहारा लें।

**सिंह** — आज दोपहर के बाद कहीं घूमने-फिरने की योजना बना सकते हैं। अजनबी लोगों पर ज्यादा विश्वास करना हानिकर हो सकता है। लड़कियों के विवाह को लेकर आ रही अड़चनें दूर होंगी। उच्च अधिकारी आपके अनुकूल रहेंगे।

**कन्या** — आज योजनाबद्ध तरीके से किए गए कार्यों में सफलता मिलेगी। दूसरों के उलझे मामलों को आपको सुलझाना पड़ेगा। घरेलू खर्चों को लेकर थोड़ा तनाव उभर सकता है। जॉब में आपका वर्चस्व काफी अच्छा रहेगा।

**तुला** — आज शेयर मार्केट से काफी अच्छा धन लाभ हो सकता है। आलस्य और प्रमाद से आपको बचना चाहिए। किसी भी चलते कार्य को अधूरा छोडने की प्रवृत्ति से बचें। नई योजनाओं के विषय में मित्रों से चर्चा करेंगे। व्यवसाय में लाभ की स्थितियां बढ़ेंगी।

**वृश्चिक** — आज दिन थोड़ा उबाऊ रहेगा। लोग आपकी समस्याओं को हल्के में लेंगे, जिससे आपको बुरा लग सकता है। पैतृक संपत्ति के विवादों को लेकर शांत रहना ज्यादा हितकर है। व्यवसाय में अपेक्षानुकूल परिणाम न मिलने से मन थोड़ा निराश रहेगा।

**धनु** — आज धार्मिक कार्यों में आपका मन लगेगा। कारोबार को लेकर की गई यात्राओं से काफी अच्छा लाभ मिलेगा। आप अपने खर्चों पर नियंत्रण पाने का प्रयास करेंगे। कार्यक्षेत्र में अधिकारी आपका काफी सहयोग करेंगे। व्यापार में नए अनुबंध हो सकते हैं।

**मकर** — आज पैसों के अभाव के कारण जो काम रुके थे वो शुरू हो सकते हैं। रचनात्मक कार्यों में आप काफी सक्रिय रहेंगे। कानूनी विवादों का समाधान निकल सकता है। परिवार की जिम्मेदारियों का निष्ठापूर्वक निर्वाह करें।

**कुंभ** — आज साझेदारी में आप काम शुरू कर सकते हैं। आपके मन में परोपकार की भावना रहेगी। आकस्मिक धन लाभ होने की संभावना बन रही है। व्यावसायिक परेशानियों का निपटारा होगा। ऑफिस का माहौल बहुत ही अच्छा रहेगा।

**मीन** — आज आपको दौड़धूप अधिक करनी पड़ेगी। आलस्य के कारण आपके प्रदर्शन में कमी आएगी। जल्दबाजी में आपको निर्णय लेने से बचना चाहिए। गूढ़ विषयों को लेकर नए अनुभव प्राप्त होंगे। समाज में सम्मानित लोगों को कुछ परेशानी का अनुभव होगा।

## आज की फिल्में

**B4U Movies**
लश्कर — सुबह : 09.00
हाफ गर्लफ्रेंड — शाम : 06.00

**&pictures**
अंदाज — सुबह : 10.56
सूर्या द सोल्जर — रात : 08.00

**Sony Pix**
द फाउंडर — सुबह : 11.30
व्हाइट हाउस डाउन — रात : 08.45

**Zee Cinema**
फटा पोस्टर निकला हीरो — सुबह : 08.40
खिलाड़ी 786 — शाम : 06.00

**Zee Action**
चेजिंग — सुबह : 11.27
सैमी 2 — रात : 07.30

### आज की सुपरहिट फिल्म




जी सिनेमा पर शाम : 06.00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

बिल्ली- तुम्हारी उम्र क्या है
हाथी - पांच साल
बिल्ली-लेकिन तुम तो बड़े दिखते हो
हाथी-आई एम ए कॉम्प्लान बॉय और तुम्हारी उम्र क्या है?
बिल्ली- 25 साल
हाथी- लेकिन तुम तो बहुत छोटी दिखती हो कैसे?
बिल्ली- झंडू केसरी जीवन,बढ़ती उम्र मानों थम सी जाए।

बीवी बादाम खा रही थी।
पति बोला- मुझे भी टेस्ट कराओ
बीवी ने एक बादाम दे दिया।
पति- बस एक
बीवी- हां, बाकी सबका भी ऐसा ही टेस्ट है।

## एक नजर

### अज्ञात युवक के शव का हुआ पोस्टमार्टम

**बहराइच,अमृत विचार।** कोतवाली नगर के रोडवेज बस अड्डे के निकट तीन दिन पूर्व एक युवक का शव मिला था। पुलिस के काफी प्रयास के बाद भी शव की पहचान नहीं हुई। जिस पर रविवार को 72 घंटे बाद कोतवाली नगर की पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवा दिया है।

### श्री परशुराम सेवा संस्थान के जिला संरक्षक बने पुण्डरीक

**बहराइच,अमृत विचार।** शिवपुर क्षेत्र के किशुनपुर मीठा में आयोजित जिला स्तरीय बैठक में परशुराम सेवा संस्थान के प्रदेश अध्यक्ष पं महेन्द्र नाथ तिवारी ने पंडित पुंडरीक पाण्डेय को जिला संरक्षक मनोनीत कर भेंट किया शौर्य का प्रतीक भगवान परशुराम का शस्त्र फरसा प्रदान किया।

# खाद समय से कराएं उपलब्ध : लोकेंद्र सिंह

संवाददाता, बहराइच

**अमृत विचार।** संयुक्त कृषि निदेशक देवीपाटन मंडल गोंडा ने जिले में स्थित गोदाम का निरीक्षण किया। इसके बाद उन्होंने कृषि विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक कर कहा कि किसानों को मांग के सापेक्ष समय से खाद उपलब्ध करवाएं।

रबी अभियान के तहत कृषकों को सुगमतापूर्वक निर्धारित दरों पर गुणवत्तयुक्त उर्वरक उपलब्ध कराये जाने के लिए जनपद बहराइच को डीएपी/ एनपीके की एक रैक 2000 मीट्रिक टन प्राप्त हुई है। जिसका भंडारण पीसीएफ के बफर गोदाम जसाला में की गई है। इसका निरीक्षण रविवार को संयुक्त कृषि निदेशक लोकेंद्र सिंह ने की। उन्होंने मॉग के अनुसार जनपद की सभी समितियो पर सहकारिता विभाग द्वारा उपलब्ध कराए जा रहे खाद के बारे में जानकारी ली। तत्काल उपलब्ध कराया जा रहा है। जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि जनपद मे यूरिया की उपलब्धता 24015 मीट्रिक टन, डीएपी 3596 मीट्रिक टन, एनपीके की उपलब्धता 3845 तथा एसएसपी की उपलब्धता 10489 मीट्रिक टन है। जनपद में किसी भी प्रकार के उर्वरको की कोई कमी नही है। कृषको भाई सन्तुलित मात्रा में उर्वरको का प्रयोग करे और अनावश्यक रूप से किसी भी प्रकार के उर्वरको का भण्डारण न करे। उर्वरको की संतुलित मात्रा फसलो के किसान भाई अपनी फसल में उर्वरको का प्रयोग करे। जिससे भूमि की उर्वरा शक्ति बनी रही। जिला कृषि अधिकारी ने कहा कि बिना पास मशीन और खतौनी से खाद बिक्री की गई तो संबंधित के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।



संयुक्त निदेशक ने की गोदाम की जांच। अमृत विचार

### बाइक की टक्कर से युवक की मौत

**बौंडी, बहराइच, अमृत विचार।** बौंडी थाना क्षेत्र के मंझारा तौकली के मजरा राम बक्शपुरवा गांव निवासी शैलेन्द्र कुमार पुत्र राम लखन ने थाने में तहरीर देकर कहा है कि बाइक से भरत कुमार (40) और अंकित कुमार (32) जा रहे थे। तभी विपरीत दिशा से आ रहे बाइक सवार रामतेज सोनी ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार भरत कुमार की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि पीछे बैठा अंकित घायल हुआ है। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। थानाध्यक्ष सूरज राणा ने बताया कि तहरीर पर दुर्घटना का केस दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। उन्होंने बताया कि हादसे में बाइक दुर्घटना ग्रस्त हुई है। जिसे कब्जे में ले लिया है।

## सार-संक्षेप

### रामकृष्ण परमहंस पीजी कॉलेज में हुई सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता

**कैसरगंज,बहराइच, अमृत विचार।** रामकृष्ण परमहंस पीजी कॉलेज कैसरगंज में एग्जाम नाथ सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन कोशिश फाउंडेशन की ओर से रविवार को हुआ। परीक्षा के आयोजक शेखर श्रीवास्तव ने बताया कि इस त्रिस्तरीय सामान्यज्ञान प्रतियोगिता में प्राइमरी, जूनियर व सीनियर वर्ग के लगभग आठ सौ छात्र छात्राओ बच्चों ने प्रतिभाग किया।इस प्रतियोगिता का निरीक्षण किसान स्नातकोत्तर महाविद्यालय स्वायत्तशासी संस्था के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. सत्यभूषण सिंह ने किया। उन्होंने बताया कि इस प्रकार के आयोजन से कैसरगंज क्षेत्र में प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का अवसरझ मिलेगा। उनके द्वारा भी कई साल पूर्व तक 11 वर्ष इस प्रकार का सफल आयोजन किया जा चुका है। इस अवसर पर शिक्षास्थली फाउंडेशन जयपुर के डायरेक्टर डा. पंकज शुक्ला, शैलेंद्र सिंह, आलोक सिंह, पंकज शुक्ला, शीबा, स्वाती सिंह, जितेंद्र, निशांत ,कुणाल, मोहित मिश्रा , वीरेंद्र नाथ, अजय मौर्य आदि के साथ साथ पुलिस बल भी मौजूद रहा।

### फिल्मी गाने का विरोध करने पर ग्राम प्रधान को पीटा

**बहराइच, अमृत विचार।** जनपद के ग्राम पंचायत सेमरी मलमला के ग्राम प्रधान को धार्मिक कार्यक्रम में फिल्मी गाने न लगाए जाने का विरोध करना भारी पड़ गया। दबंगों ने ग्राम प्रधान को जमकर पीटा ग्राम प्रधान के तहरीर पर पुलिस ने सगे भाइयों समेत चार के विरुद्ध गंभीर धाराओं में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाली मुर्तिहा अंतर्गत ग्राम पंचायत सिमरी मलवाला के ग्राम प्रधान मनोज कुमार गोंड पुत्र अशोक कुमार गोंड हैं। ग्राम प्रधान ने कोतवाली में तहरीर देकर कहा है कि नवरात्र के मौके पर क्षेत्र के भुलभुलिया बाबा मंदिर परिसर में धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन चल रहा था। 2 दिन पूर्व रात 10 :30 बजे गांव निवासी रविंद्र, कमलेश, नीटूवा पुत्र तिवारी निषाद और राकेश पहुंच गए। सभी ने चल रहे धार्मिक कार्यक्रम में फिल्मी गाना बजाने के लिए दबाव बनाया। जिसका ग्राम प्रधान मनोज कुमार ने विरोध किया तो सभी ने ग्राम प्रधान को जमकर पीट दिया, जिससे ग्राम प्रधान घायल हो गए। वहां मौजूद आसपास के लोगों ने बीच भराव कराया इसके बाद ग्राम प्रधान अपने घर चले गए। फिर भी दबंगों ने फोन कर धमकी देते हुए अपशब्दों का प्रयोग किया। ग्राम प्रधान ने कोतवाली में तहरीर दी। प्रभारी निरीक्षक अमितेंद्र कुमार ने बताया कि ग्राम प्रधान की तहरीर पर सगे भाइयों समेत चार के खिलाफ गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया गया है। पुलिस क्षेत्राधिकारी की जांच के बाद गिरफ्तारी की जायेगी।

### राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने मनाया स्थापना दिवस

**संवाददाता, बहराइच। अमृत विचार :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के चितौरा खंड के स्वयंसेवकों ने धरसवा ग्राम सभा में अपने संघ के 99 वर्ष पूर्ण होने पर संघ का स्थापना दिवस शस्त्र पूजन के माध्यम से श्री विजयादशमी उत्सव मनाया। कार्यक्रम का संचालन खंड कार्यवाह धर्मेंद्र ने किया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के विभाग पर्यावरण संयोजक डॉक्टर देवेंद्र जी रहे। डॉ देवेंद्र ने स्वयं सेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि संघ की स्थापना को 99 वर्ष पूर्ण हो चुके हैं और संघ 100 वे शताब्दी वर्ष में प्रवेश कर रहा है। डॉक्टर देवेंद्र ने कहा कि आज के परिवेश में अगर हिंदू विभिन्न प्रकार के मतभेदों में उलझ कर रहेगा तो आने वाला भविष्य बहुत ही प्रतिकूल दिखाई दे रहा है किंतु यदि हम अपनी जात-पात के भेदभाव को भुलाकर सर्वत्र हिंदू समाज एकत्र होकर चलेगा तो इस देश में हम सुरक्षित जीवन यापन कर सकते हैं। हिंदू समाज यह संकल्प लें की विभिन्न प्रकार के छुआछूत जात-पात के भेदभाव को मिटाकर एक होकर एक संस्कार युक्त समाज का निर्माण कर विकसित राष्ट्र का संकल्प ले। कार्यक्रम में खंड के पलक अधिकारी एवं जिला सेवा प्रमुख रमेश कुमार ,खंड संघ चालक धनंजय, बजरंगबली शिव प्रताप सिंह ,राजकुमार सिंह, अरविंद पांडे, उपेंद्र तिवारी ,रामकिशन,पंकज, अरुण इत्यादि सैकड़ो की संख्या में स्वयंसेवक उपस्थित रहे।



आरएसएस के कार्यक्रम को संबोधित करते वक्ता।

### तालाब में डूबकर युवक की मौत

**संवाददाता, बहराइच, अमृत विचार :** क्षेत्र के कल्याणपुर गांव निवासी एक युवक की नित्य क्रिया के दौरान तालाब में डूब कर मौत हो गई। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। रुपईडीहा थाना क्षेत्र के कल्यानपुर गांव निवासी मुख्तियार पुत्र शहादत अली रविवार शाम को नित्य क्रिया के लिए गांव के निकट स्थित तालाब के पास गया था। नीति क्रिया के दौरान युवक पैर फिसलने से तालाब में चला गया जिससे पानी में डूब कर उसकी मौतहो गई। काफी देर बाद गांव के लोगों ने शव बरामद किया।

### दंत रोग चिकित्सक जिला अस्पताल रेफर

**मिहीपुरवा, बहराइच, अमृत विचार :** सीएचसी मोतीपुर में तैनात एक डॉक्टर की ड्यूटी विसर्जन में लगाई गई। डीजे बजाने पर उन्हें दिल का दौरा पड़ गया। मोतीपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में दंत रोग विशेषज्ञ उपेंद्र कुशवाहा की तैनाती है। उनकी ड्यूटी रविवार को दुर्गा पूजा विसर्जन के लिए गायघाट में लगाया गया था। ड्यूटी के दौरान तेज ध्वनि में डीजे बजने पर दिल के दौरा पड़ गया। सीएचसी से डॉक्टर को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। प्रभारी अधीक्षक रोहित गौतम ने बताया कि मूर्ति विसर्जन ड्यूटी पर गए उपेंद्र कुशवाहा को डीजे के ध्वनि से दिल का दौरा पड़ने की घटना सूचना में आई है।

# घटना से आक्रोशित लोगों ने सड़क पर शव रखकर किया प्रदर्शन

## महाराजगंज में धार्मिक स्थल पर डीजे बजाने पर हुए विवाद का मामला, शहर और कुछ ग्रामीण क्षेत्रों में रुका मूर्तियों का विसर्जन

संवाददाता, बहराइच

**अमृत विचार:** महाराजगंज में रविवार को समुदाय विशेष के घर और धार्मिक स्थल के सामने डीजे बजाते और जयकारा लगाते हुए मूर्ति से विसर्जन जुलूस निकाला जा रहा था। इसी दौरान पथराव शुरू हो गया। कुछ देर बाद गोली चला दी गई, जिसमें एक युवक की मौत हो गई। मेडिकल कॉलेज के सामने शव रखकर सभी ने प्रदर्शन शुरू कर दिया। रात 8.30 बजे डीएम और विधायक के आश्वासन पर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। हालांकि मूर्ति विसर्जन रुका हुआ है।

राम गांव थाना क्षेत्र के रेहुआ मंसूर गांव की दुर्गा प्रतिमा रविवार शाम को विसर्जन के लिए रवाना हुई। जुलूस हरदी थाना क्षेत्र के महाराज गंज बाजार में पहुंची। धार्मिक स्थल और बाजार निवासी अब्दुल हमीद के घर के सामने से निकल रहे जुलूस में लोग जयकारा लगा रहे थे। डीजे भी बज रहा था। इसी को लेकर समुदाय विशेष के लोगों ने मूर्तियों पर पथराव शुरू कर दिया। पथराव से भगदड़ मच गई। पथराव के बीच ही उपद्रवियों ने गोली चला दी। गोली लगने से रेहुआ मंसूर गांव निवासी राम गोपाल मिश्रा (22) पुत्र कैलाश नाथ उर्फ पुताई घायल हो गए। उन्हें गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। लेकिन मेडिकल कॉलेज बहराइच में इलाज के दौरान मौत हो गई। यह सूचना महाराज गज बाजार पहुंची तो लोगों ने वाहनों में तोड़फोड़ कर आग लगा दिए। चार मकान जलकर राख हो गए। मौके पर कई थानों की पुलिस फोर्स के साथ पीएससी के जवान पहुंचे हैं। गांव से लेकर जिला जिला मुख्यालय की मूर्तियों का विसर्जन रोक दिया गया। मृतक का शव मेडिकल कॉलेज से संबद्ध महर्षि बालार्क जिला चिकित्सालय के सामने रखकर सड़क जाम कर दिया। जाम दो घंटे से अधिक चला। सूचना पाकर जिलाधिकारी मोनिका रानी और महसी विधायक सुरेश्वर सिंह मेडिकल कॉलेज पहुंचे। सभी ने परिवार के लोगों को शांत करवाकर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजवाया। वहीं मूर्ति विसर्जन शहर के साथ गांव में रुका हुआ है। उधर महाराजगंज में पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला, एसडीम, एडीएम और अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण पुलिस और पीएससी के साथ कैंप कर लोगों को शांत करवाने में लगे हैं। इस मामले में सीओ रूपेंद्र गौड़ से बात की गई तो उन्होंने बताया कि गोली लगने से युवक की मौत हुई है। जांच चल रही है। जिनके द्वारा गोली चलाई गई है, उनको चिन्हित कर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

नाखून उखाड़ने की उड़ी अफवाह बताया जा रहा है कि घटना में दम तोड़ने वाले युवक के नाखून उखाड़ने की अफवाह उड़ी है। साथ ही 18 से 20 राउंड गोली मारने की अफवाह उड़ी। हालांकि युवक को कई छर्रे लगे हैं। दूसरे समुदाय होने के चलते स्थानीय पुलिस इस मामले में कुछ भी बताने से बच रही है।



महसी के हरदी थाना क्षेत्र के महाराजगंज में बवाल के बाद निरीक्षण करतीं एसपी वृंदा शुक्ला। अमृत विचार



प्रदर्शनकारियों से वार्ता करतीं डीएम मोनिका रानी। अमृत विचार



मेडिकल कॉलेज के बाहर प्रदर्शन करने वाले लोगों से वार्ता के लिए आए विधायक सुरेश्वर सिंह। अमृत विचार



महाराजगंज में बवाल के दौरान उपद्रवियों ने लगाई आग।

### विसर्जन रुका, पुलिस ने किया लाठीचार्ज

हरदी थाना क्षेत्र के महाराजगंज बाजार में गोली और पथराव को लेकर फखरपुर, कैसरगंज, शहर क्षेत्र, शिवपुर में भी लोगों ने विरोध जताया। मूर्तियों का विसर्जन रोक दिया। बवाल के बाद पहुंची पुलिस ने लोगों पर जमकर लाठीचार्ज किया। जिसमें कई लोग चोटहिल हो गए। सभी ने हरदी पुलिस ऐप आरोप भी लगाए। मृतक युवक की मां ने रोते हुए पुलिस पर लाठी मारने की आरोप लगाया है।



मटेरा के इंटहा में नदी में प्रतिमा विसर्जित करते श्रद्धालु। अमृत विचार

# गाजे-बाजे के साथ विसर्जित प्रतिमाएं

संवाददाता, बहराइच

**अमृत विचार।** जिले के शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में स्थापित मां दुर्गा के साथ अन्य प्रतिमाओं का विसर्जन रविवार को हुआ। कड़ी सुरक्षा के बीच विसर्जन जुलूस निकाला गया। अबीर गुलाल के साथ लोगों ने माता के जयकारे लगाए। माता की विदाई के दौरान लोगों में उदासी छा गई।

मां की हो रही आज विदाई बह रही है आंसुअन की धार जैसे गीत लगाकर लोग नदी के तट पर पहुंचे। पूजा अर्चना के बाद माता को अंतिम विदाई दी। जरवल रोड, जालिम नगर, गायघाट, शहर के झिंगहा घाट, हुजूरपुर, पयागपुर, बिछिया, मिहिपुरवा और विशेश्वरगंज समेत अन्य क्षेत्रों में लोगों ने नम आंखों से विदाई दी। नदी के तट पर प्रकाश व्यवस्था के साथ सुरक्षा के इंतजाम किए गए थे।



शहर में मां दुर्गा का निकला विसर्जन जुलूस। अमृत विचार



बाबागंज में विसर्जन जुलूस में शामिल लोग। अमृत विचार



महसी के भगवानपुर क्षेत्र में विसर्जन के लिए ले जायी जाती प्रतिमा। अमृत विचार



पयागपुर नगर पंचायत में विसर्जन जुलूस के दौरान प्रसाद वितरित करते लोग।



सुजौली के चहलवा गांव में प्रतिमा विसर्जित करते श्रद्धालु।

# धूमधाम से मनाया गया दशहरा का पर्व



जरवल रोड में जलता रावण का पुतला।



नवाबगंज में प्रभु राम ने किया रावण का वध। अमृत विचार

नवाबगंज/जरवलरोड/पयागपुर

**अमृत विचार।** जिले के शहर ग्रामीण क्षेत्रों में चल रहे राम लीला का का समापन रावण वध के साथ हो गया। प्रभु श्रीराम के बाण से जमीन पर रावण के गिरते ही पुतले में आग लगा दी गई। श्री राम के जयकारे से क्षेत्र गुंजायमान हो गया।

जरवलरोड में श्री राम द्वारा रावण के दस सिरों का वध और अंत में उसकी मृत्यु का दृश्य देखकर जनसमूह भावविभोर हो गया। जैसे ही रावण का पुतला जलाया गया, पूरा मैदान जय श्री राम के नारों से गूंज उठा। इस अवसर पर रामलीला अध्यक्ष चंदन गुप्ता, महामंत्री प्रदीप जायसवाल, कोषाध्यक्ष मुकेश यज्ञसैनी, वरिष्ठ उपाध्याय जीतू श्रीवास्तव किसान इंटर कॉलेज प्रबंधन भूपेंद्र प्रताप सिंह कृष्ण कुमार गुप्ता, भाजपा जिला प्रतिनिधि ओम प्रकाश अवस्थी, विनोद शुक्ला, जितेंद्र सिंह, चंद जैन, विजय कुमार, सुनिधि देव मिश्रा, रामलीला समिति के पदाधिकारी मौजूद रहे। नवाबगंज स्थित श्री मंगली नाथ धाम मंदिर में अयोध्या से आए नाट्य कला कारों के द्वारा विगत पांच दिन से मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम चरित मानस पर आधारित उनके जीवन पर रामलीला का मंचन कर विभिन्न प्रकार झांकियां दिखाया जा रहा था। रात्रि में भरत मिलाप व राज गद्दी नाटक का मंचन किया गया। जिसमें भरत ने पुरुषोत्तम राम को राज्यसिंहासन सौंपने की झांकी प्रस्तुति की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख जेपी सिंह, को माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। रामलीला समिति के विजय कुमार सिंह , बलवंत सिंह,पिन्टू गुप्ता , संजय पाल सिंह ,फौजदार वर्मा, विशाल सिंह, मुन्ना गुप्ता मौजूद रहे। पयागपुर में 24 स्थानों पर विशाल दशहरा मेला का आयोजन किया गया।



पयागपुर में जुटी भीड़। अमृत विचार

## मुठभेड़ में डेढ़ लाख का इनामी ढेर, एसओ और सिपाही घायल

अमृत विचार, लखनऊ : रविवार तड़के बुलंदशहर में हुई मुठभेड़ में पुलिस ने डेढ़ लाख के इनामी राजेश जाटव को ढेर कर दिया। इस दौरान फायरिंग में एसओ अहार और सिपाही घायल हो गए। वहीं सीओ अनूपशहर और स्वाट प्रभारी बुलेटप्रूफ जैकेट के कारण बाल-बाल बचे। मुठभेड़ में ढेर बदमाश राजेश अहार थानाक्षेत्र का सोरिया उर्फ सिहाली नगर का रहने वाला था। उस पर बुलंदशहर पुलिस ने एक लाख व अलीगढ़ पुलिस ने 50 हजार का इनाम घोषित किया था। रविवार सुबह स्वाट टीम और सीओ अनूपशहर गिरजा शंकर त्रिपाठी व थाना प्रभारी यंग बहादुर सिंह ने मामन चुंगी चौराहे पर बाइक पर आ रहे दो व्यक्तियों को रोका। फायरिंग में एसओ अहार यंग बहादुर और हेड कांस्टेबल आरिफ घायल हो गए। वहीं, सीओ और स्वाट प्रभारी को एक-एक गोली लगी, लेकिन बुलेटप्रुफ जैकेट पहने होने के कारण दोनों बच गए। बदमाश राजेश घायल हो गया। उसे अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# कबाड़ में रोजगार तलाश रहे दो युवक बन गए शूटर

**बाबा सिद्दीकी हत्याकांड**

## सुर्खियों में आया कैसरगंज का गंडारा गांव, परिजन से पुलिस टीम कर रही पूछताछ

संवाददाता, बहराइच

**अमृत विचार:** मुंबई में पूर्व मंत्री व एनसीपी नेता बाबा सिद्दीकी की हत्या में बहराइच के कैसरगंज स्थित गंडारा गांव के दो युवकों का नाम सामने आया। मुख्यालय से करीब 40 किमी दूरी पर स्थित यह गांव पूरे देश की सुर्खियों में आ गया। मुंबई पुलिस ने दोनों युवकों को गिरफ्तार कर लिया है। दोनों पुणे में कबाड़ का काम करते थे। इनका कनेक्शन लारेंस विश्नोई गिरोह से बताया जा रहा है। रविवार सुबह से बहराइच पुलिस और एसटीएफ की टीम पूछताछ और ब्योरा जुटाने में लगी हुई है।

मुंबई में एनसीपी नेता और बॉलीवुड के बेहद करीबी बाबा सिद्दीकी की शनिवार रात में गोली मारकर हत्या कर दी गई। इस मामले में बहराइच के कैसरगंज स्थित गंडारा गांव के धर्मराज और शिवा गौतम को गिरफ्तार किया है। इसकी जानकारी होते ही बहराइच पुलिस भी सक्रिय हो गई। पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला को दी गई। पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला के निर्देश पर कैसरगंज कोतवाली की पुलिस ने दोनों के घर पहुंच कर पूछताछ की है। माता पिता से उप निरीक्षक उमाशंकर सिंह समेत अन्य ने जानकारी हासिल की। लेकिन यहां से ज्यादा कुछ लोगों को पता नहीं चल सका है। परिजन के मुताबिक दोनों पुणे में कबाड़ बीनने और उसे बेचने के नाम पर यहां से गए थे। कोतवाल राजनाथ सिंह ने बताया कि शिवा के पिता बाल किशन को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।



बहराइच में कैसरगंज के मंझारा तौकली गांव में आरोपी धर्मराज के घर के सामने जुटी भीड़। अमृत विचार

▸▸ **लारेंस विश्नोई गिरोह से कनेक्शन की बात सामने आई**

### शिवा और धर्मराज का नहीं है आपराधिक इतिहास

कैसरगंज कोतवाली पुलिस के अनुसार धर्मराज और शिवा कुमार के विरुद्ध कोई अपराधिक इतिहास नहीं है न ही उन दोनों के विरुद्ध कोई केस थाने में दर्ज है। दोनों सामान्य परिवार के युवा हैं। धर्मराज पांच भाइयों में सबसे छोटा है। जबकि शिवा सबसे बड़ा भाई है। दोनों को प्रधानमंत्री आवास मिल चुका है।

### दो माह पहले गया था धर्मराज

आरोपी धर्मराज की मां ने बताया कि बेटा दो माह पहले ही कबाड़ का काम करने गया था। लेकिन उसे यह नहीं पता कि उसका बेटा वहां कौन काम कर रहा है। सुबह पुलिस के आने पर जानकारी हुई। बेटा ज्यादा फोन नहीं करता था।



कैसरगंज के मंझारा तौकली गांव निवासी शिवा गौतम का परिवार। अमृत विचार

### शिवा पर थी पूरे परिवार की जिम्मेदारी

मुंबई के बाबा सिद्दीकी के हत्यारोपी शिवा गौतम छह भाई बहनों में सबसे दूसरे नंबर पर था। उससे बड़ी उसकी बहन पूजा है, जिसका विवाह हो चुका है। इसके बाद सभी भाई बहनों से शिवा बड़ा है और पिता बाल किशुन उर्फ ननकुन्ने के बाद परिवार के भरण पोषण की जिम्मेदारी उसकी थी। बालकिशुन मजदूरी करते हैं। पूजा और शिवा के बाद उसके घर में पार्वती, सत्यम, सुंदरम व दुर्गा हैं।

### मजदूरी से मिलती है दो वक्त की रोटी

पूर्व मंत्री के हत्या में दूसरे आरोपी धर्मराज कश्यप भी आर्थिक रुप से काफी कमजोर है। पिता राधेश्याम मछली बेंचकर परिवार चलाते थे, लेकिन आंखों से कम दिखने के चलते वह भी बंद है। धर्मराज के बड़े भाई शिवाजीन, सुखराम व गोली की शादी हो चुकी है और तीनों मां बाप से अलग रहते हैं। वहीं अनुराग व धर्मराज की अभी शादी नहीं हुई है और दोनो मां बाप के साथ रहते हैं। परिवार मुख्य रुप से मजदूरी करता है।

# पुलिस हिरासत में युवक की मौत दरोगा समेत चार पर रिपोर्ट दर्ज

## भड़के लोग, सीतापुर रोड पर शव रखकर किया हंगामा, पुलिस ने फटकारीं लाठियां

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** विकासनगर में शुक्रवार देर रात को पुलिस हिरासत में अमन गौतम की मौत हो गई थी। भड़के परिजनों ने आसपास के लोगों के साथ सीतापुर हाइवे पर शव रखकर प्रदर्शन और हंगामा किया। उन्हें हटाने के लिए पुलिस ने लाठियां फटकारनी पड़ीं। पुलिस अधिकारियों के सख्त कार्रवाई के आश्वासन के बाद रविवार दोपहर को अंतिम संस्कार किया गया। इस मामले में दरोगा समेत चार पुलिसकर्मियों के खिलाफ गैर इरादतन हत्या की रिपोर्ट दर्ज की गई है।।

विकासनगर सेक्टर-8 में शुक्रवार रात जुआ खेले जाने की सूचना पर पुलिस पहुंची थी। पार्क के पास मौजूद अमन गौतम (24) और उनके दोस्त सोनू को उठा ले आई थी। कुछ देर बाद अमन की मौत हो गई थी। परिजनों ने पुलिस पर पीटकर मारने का आरोप लगाया था। तहरीर भी दी थी। तहरीर के आधार पर सिपाही शैलेंद्र सिंह व अन्य तीन अज्ञात पर गैर इरादतन हत्या का रिपोर्ट दर्ज किया।पोस्टमार्टम रिपोर्ट के अनुसार दावा किया गया कि मौत कार्डियोजेनिक शॉक से हुई। हालांकि परिजन का आरोप है कि पुलिस की पिटाई की वजह से अमन बेहोश हुआ और उसकी मौत हो गई।

## दोषी पुलिसकर्मियों पर हो कार्रवाई : मायावती

**लखनऊ,अमृत विचार:** बसपा की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने अमन की मौत के जिम्मेदार पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है। उन्होंने शनिवार को जारी अपने बयान में कहा कि गंजरहापुरवा में एक दलित युवक को शुक्रवार शाम को पुलिस ने बर्बरता से पीटा। इसके कारण युवक की मौत हो गई। वहीं, इस घटना के बाद रविवार को नगीना के सांसद व भीम आर्मी के चीफ चंद्रशेखर पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचे। इसके अलावा मोहनलालगंज के सपा सांसद आरके चौधरी, पूर्व आईपीएस अमिताभ ठाकुर, उनकी पत्नी नूतन ठाकुर परिजन से मिलकर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया।

# छत से बरसाया पत्थर, घर में खींचकर मारी गोली

संवाददाता, बहराइच

**अमृत विचार :** बहराइच के महसी तहसील स्थित महाराजगंज कस्बे में रविवार शाम को मूर्ति विजर्सन में डीजे बजाने को लेकर दो समुदाय आमने-सामने आ गए। युवकों के बीच गाली-गलौज से शुरू हुआ। इसी बीच छत से पत्थरबाजी होने लगी। जिसमें कई प्रतिमाएं खंडित हो गई। मूर्ति विसर्जन के लिए जा रहे लोगों ने प्रदर्शन शुरू किया।

इसी बीच दूसरे समुदाय के कुछ युवकों ने जुलूस में शामिल रामगोपाल को घर के अंदर खींच लिया। उसे गोली मार दी। वहीं, बचाने पहुंचे राजन भी इस हमले में गंभीर रूप से घायल हो गया। इस उपद्रव में एक दर्जन से अधिक लोगों के घायल होने की बात सामने आई है। मौके पर आसपास के आठ से अधिक थानों की पुलिस और पीएसी बुला ली गई है।

### थानाध्यक्ष और चौकी इंचार्ज निलंबित

महसी तहसील क्षेत्र के महाराजगंज बाजार में हुए बवाल में युवक की मौत पर पुलिस अधीक्षक ने कार्रवाई की है। पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला ने बताया कि थानाध्यक्ष हरदी एसके वर्मा और चौकी इंचार्ज महसी शिव कुमार को निलम्बित कर दिया गया है। उधर, एसपी वृंदा शुक्ला के मुताबिक देर रात आरोपियों की तलाश में दबिश दी गई। इस दौरान हमीद के घर से 312 बोर के खोखे बरामद हुए। एक लाइसेंसी असलहा भी बरामद किया गया है। जिसका प्रयोग उपद्रव में किया गया था।

▸▸ **महसी के महाराजगंज बाजार में मूर्ति विसर्जन के दौरान उपद्रव**

घटना को लेकर प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि महसी तहसील की प्रतिमा शांति पूर्वक विसर्जन के लिए जा रही थी। महराजगंज बाजार में पहुंचने पर स्थानीय निवासी सोनार अब्दुल हमीद अपने बेटे सबलू, सरफराज व फहीम के साथ मौके पर पहुंचे और गाली गलौज शुरु कर दी। मूर्ति के साथ चल रहे लोगों ने जब इसका विरोध किया तो छतों से पत्थरबाजी कर दी। जिसमें मां दुर्गा का हाथ खंडित हो गया। जिसके बाद विसर्जन रोक कर लोगों ने प्रदर्शन शुरु कर दिया। आरोप है कि इस दौरान हमीद व उनके साथ मौजूद हजारों की भीड़ मौके पर पहुंची और उपद्रव शुरु कर दिया। जिससे मौके पर भगदड़ मच गई।

एसपी वृंदा शुक्ला भारी पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंची और स्थिति को संभालने का प्रयास शुरु किया। एसपी वृंदा शुक्ला ने बताया कि मौके पर दो प्लाटून पीएसी तैनात की गई है। आठ थानों की पुलिस भी मौजूद है। स्थिति को नियंत्रित करने का प्रयास किया जा रहा है।

## उपचुनाव : उम्मीदवारों की घोषणा जल्द करेगी कांग्रेस

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ, अमृत विचार:** दस विधानसभा सीटों पर होने वाले उपचुनाव को लेकर जल्द ही गठबंधन के कांग्रेस उम्मीदवारों की घोषणा संभव है। हाल ही में हरियाणा में कांग्रेस के विधानसभा चुनाव हारने के बाद सपा ने उत्तर प्रदेश की 10 विधानसभा सीटों में से छह के लिए उम्मीदवारों की घोषणा की थी। कांग्रेस ने इस बार उन पांच सीटों पर चुनाव लड़ने का प्रस्ताव रखा था, लेकिन सपा ने उनमें से दो सीटों पर उम्मीदवार घोषित कर दिए हैं। इस बीच कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव और उत्तर प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडे ने कहा है कि, अगर परिणाम हमारी उम्मीदों के मुताबिक नहीं आए तो हमारे कार्यकर्ताओं और नेताओं में निराशा पैदा होना स्वाभाविक है।

# जयकारों के बीच मां दुर्गा की प्रतिमाएं विसर्जित, उमड़े श्रद्धालु

संवाददाता,बलरामपुर

**अमृत विचार:** शारदीय नवरात्र के बाद दशहरे के दिन पूजा पंडालों व घरों में स्थापित अधिकांश मां दुर्गा की प्रतिमाओं का विसर्जन शनिवार को श्रद्धा और हर्षोल्लाह के साथ किया गया। जगह-जगह विसर्जन जुलूस निकाले गए। जुलूस में भक्तगण मां दुर्गा की भक्ति गीतों पर फिर थिरकते हुए नजर आए। बलरामपुर नगर में वीरविनय चौराहे पर दुर्गा प्रतिमाओं को इकट्ठा किया गया। यहां पर सदर विधायक पलटू राम केंद्रीय दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष राजकुमार श्रीवास्तव तथा एसपी विकास कुमार को नगर पालिका परिषद अध्यक्ष डॉ धीरेंद्र प्रताप सिंह धीरू ने पगड़ी पहनाकर स्वागत किया। बेहतर प्रतिमाओं के संयोजकों को सम्मानित भी किया गया इसके बाद केंद्रीय दुर्गा पूजा समन्वय समिति के पदाधिकारी तथा अन्य अतिथियों ने प्रतिमा विसर्जन जुलूस को झंडी दिखाकर रवाना किया।परंपरागत मार्गो से होता हुआ विसर्जन जुलूस राप्ती नदी के सिसई घाट तट पर पहुंचा। वहां पर सदर एसडीएम संजीव यादव की देखरेख में प्रतिमाओं का विसर्जन क्रेन द्वारा नदी में किया गया। इसी तरह गुमड़ी घाट, पिपरा धाम, गैंसड़ी, तुलसीपुर, हरैया, उतरौला, गैंड़ास बुजुर्ग हरिहरगंज आदि क्षेत्रों में भी जुलूस निकालकर दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन किया पवित्र नदियों और सरोवरों में किया गया।



विसर्जन जुलूस को झंडी दिखाकर रवाना करते अतिथि व केंद्रीय दुर्गा पूजा समन्वय समिति के लोग।



बलरामपुर नगर में निकाले गए दुर्गा प्रतिमा विसर्जन जुलूस मे उमड़े श्रद्धालु। अमृत विचार

**अभद्रता पर जाम कर किया प्रदर्शन :** गैसड़ी नगर पंचायत के साथी वार्ड में स्थापित दुर्गा प्रतिमा को विसर्जन के लिए ले जाते समय रास्ते में कुछ अराजक तत्वों ने अभद्रता की। नाराज दुर्गा पूजा समितियों के लोगों ने गैंसड़ी नगर में मूर्तियों को रखकर चक्का जाम कर दिया। लोग आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही करने की मांग पर अड़ गए। मौके पर पहुंचे एएसपी योगेश कुमार व तुलसीपुर एसडीएम अभय कुमार सिंह ने लोगों को समझा बुझाकर मामला शांत कराया।इस दौरान करीब 3 घंटे तक जाम लग रहा। अधिकारियों के समझाने तथा आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई किए जाने के आश्वासन पर लोगों ने देर रात मूर्तियों का विसर्जन किया।

# लापता किशोरी का तालाब में मिला शव

संवाददाता,बहराइच

**अमृत विचार।** जनपद के बढ़ैया गांव निवासी एक किशोरी अपनी सलामती के लिए व्रत थी, लेकिन नवरात्र में ही उसकी हत्या कर शव तालाब में फेंक दिया गया। जिस तरह शव मिला है, उससे और कई आशंकाएं उत्पन्न हो रही हैं। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

रामगांव थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत बढ़ैया मुंघरिया गांव निवासी काजल (14) पुत्री जीतराम नवरात्र में नौ दिनों की व्रत थी। प्रतिदिन की तरह शुक्रवार को काजल ने माता पिता और अन्य लोगों का खाना बनाया। इसके बाद वह घर से 50 मीटर की दूरी पर स्थित सरकारी हैंडपंप पर स्नान करने के लिए गई। चाचा ने बताया कि स्नान करने के बाद काजल गांव के दुर्गा पूजा पंडाल में पूजा अर्चना करने के लिए जाती थी। लेकिन स्नान करने जाने के दौरान वह लापता हो गई। उसका कुछ पता नहीं चला। परिवार के लोगों ने खोजबीन कर आसपास के लोगों से पूछताछ की, लेकिन कुछ पता नहीं चला। शनिवार सुबह गांव के लोग नित्य क्रिया के लिए जा रहे थे तो सभी प्राथमिक विद्यालय के निकट स्थित तालाब में काजल का शव देखा। इस पर परिवार के लोगों को जानकारी दी गई। परिवार के लोग रोते बिलखते मौके पर पहुंचे। पुलिस को घटना की जानकारी दी गई। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। चाचा ने बताया कि भतीजी के शरीर पर नाखून से खरोच के निशान हैं। चोट के कई जगह निशान हैं। ऐसे में हत्या की गई है। दरिंदगी की भी आशंका लोग जाता रहे हैं। प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार सिंह ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चलेगा। इसके बाद केस दर्ज किया जायेगा।

### अपहरण के बाद हुई हत्या

मृतक काजल के चाचा ने बताया कि भतीजी नवरात्र पूजा पंडाल में स्नान करने के बाद ही जाती थी। कल भी स्नान करने के दौरान उसका अपहरण हुआ। इसके बाद हत्या कर शव फेंक दिया गया। उन्होंने बताया कि शुक्रवार रात को भी बाग और तालाब में खोजबीन की गई, लेकिन कुछ नहीं पता चला। वहीं शनिवार को घर से 300 मीटर की दूरी पर स्थित तालाब में शव मिला।

# तेज रफ्तार पिकप ने तीन को रौंदा, बच्चे की मौत, 2 घायल

संवाददाता, गौरा चौराहा

▸▸ **पुलिस ने पिकप को कब्जे में लेकर दर्ज किया मुकदमा**

▸▸ **मामले की छानबीन में जुटी पुलिस**

**बलरामपुर, अमृत विचार:** स्थानीय थाना क्षेत्र में गौरा त्रिकौलिया गांव से दशहरा मेला देखने जा रहे तीन लोगों को तेज रफ्तार पिकप ने रौंद दिया। घटना मे एक बच्चे की मौत हो गई तथा दो अन्य लड़कियां घायल हो गईं हैं। पुलिस ने पिकप को कब्जे मे लेकर मुकदमा दर्ज कर लिया है।

अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार गत शनिवार गौरा त्रिकौलिया गांव के लोग दशहरे का मेला देखने जा रहे थे। इसी बीच तुलसीपुर से उतरौला की तरफ जा रही तेज रफ्तार पिकप ने अनियंत्रित होकर तीन लोगों को रौंद दिया। घटना मे रुपेश 6 वर्ष की मौके पर ही मौत हो गई। नंदिनी तथा मनीषा नाम की दो लड़कियां घायल हो गई। दोनों का इलाज निजी अस्पताल में चल रहा है। गौरा चौराहा थानाध्यक्ष सत्येंद्र वर्मा ने बताया कि घटना कर भाग रहे पिकप चालक को गाड़ी सहित उतरौला में पकड़ लिया गया है।मृतक के पिता चिनके की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर मामले में अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## सर्पदंश से युवक की गयी जान

**सादुल्लाह नगर, बलरामपुर, अमृत विचार:** स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्राम सभा अचलपुर रूप निवासी पीड़ित अरून कुमार वर्मा ने बताया कि शुक्रवार को हमारा छोटा भाई 26 वर्षीय अजय कुमार वर्मा बढयापुरवा के पास किराना की दुकान में दोपहर को सो रहा था तभी जहरीले सांप ने काट लिया। उसे सादुल्लाहनगर के एक निजी चिकित्सक के पास निजी वाहन से इलाज के लिए ले जाया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद गोण्डा रेफर कर दिया गया गोण्डा ले जाते समाय रास्ते में दम तोड दिया। प्रभारी निरीक्षक रेहराबाजार ओपी सिंह चौहान ने बताया कि घटना की जानकारी मिली है मृतक अजय कुमार वर्मा के परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से इंकार कर दिया है।

# प्रभु के ध्यान में लगाएं मन



जय गुरुदेव सत्संग में पंकज जी महाराज का प्रवचन सुनते श्रद्धालु। अमृत विचार

संवाददाता,सादुल्लाह नगर

**बलरामपुर, अमृत विचार :** जयगुरुदेव धर्म प्रचारक संस्था मथुरा के राष्ट्रीय अध्यक्ष संत पंकज जी महाराज ने बलरामपुर के सहजौरा में आयोजित सत्संग सभा में कहा कि माया की छाया में जीने की बजाय प्रभु का भजन और खुदा की इबादत करना चाहिए। उन्होंने कहा कि मनुष्य शरीर में जीवात्मा बैठी है और तीसरा नेत्र और तीसरा कान होने के बावजूद हमें उसे पहचानने की जरूरत है। संत जी ने साधना करने के लिए मानव धर्म और इंसानी मजहब अपनाने की जरूरत पर बल दिया। उन्होंने शाकाहारी बनने, शराब जैसे नशों को त्यागने और आंखों में मां-बहन-बेटी की पहचान कायम रखने की अपील की। इस अवसर पर बलरामपुर संगत के अध्यक्ष शेषराम यादव सहित कई संभ्रांत व्यक्ति मौजूद रहे। संत पंकज जी महाराज ने आगामी 8 से 12 दिसंबर तक जयगुरुदेव आश्रम मथुरा में आयोजित विशाल पावन वार्षिक भंडारा मेला में आने का न्योता दिया।

## राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 12 को

**बलरामपुर, अमृत विचार :** सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ज्ञानेन्द्र कुमार ने बताया कि अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण/जनपद न्यायाधीश के दिशा निर्देशन में 12 नवम्बर को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत मे अन्य लम्बित एवं प्री-लिटिगेशन वादों के साथ आर्बिट्रेशन के निष्पादन वादों का भी अधिक से अधिक संख्या में निस्तारण किया जायेगा जिसके सम्बन्ध में जनपद के समस्त नगरवासियों को सूचित करते हुये उन्होंने कहा कि वादकारी अपने आर्बिटेशन के निष्पादन वादों को राष्ट्रीय लोक अदालत मे आपसी सुलह समझौते के आधार पर निस्तारण करा सकते है।

### बालिका और बुजुर्ग की पानी में डूबकर मौत

**बहराइच/पयागपुर, अमृत विचार।** जिले के पयागपुर और मोतीपुर थाना क्षेत्र में हुई घटना में दो लोगों की पानी में डूबकर मौत हो गई। इनमें एक बालिका शामिल है। पुलिस ने दोनों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पयागपुर थाना क्षेत्र के ग्राम ककरहा कुट्टी गांव निवासी राम जियावन (54) पुत्र राम अचल शाम को टेढ़ी नदी में स्नान कर रहे थे। स्नान करते समय उनका पैर फिसल गया। जिससे वह नदी में डूब गए। कुछ देर बाद उनका शव बरामद हो गया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। उधर थाना मोतीपुर क्षेत्र के ग्राम पकड़िया दीवान निवासी आफरीन (9) पुत्री अब्दुल बारीक अज्ञात कारणों से तालाब में चली गई। बालिका की पानी में डूबकर मौत हो गई। गांव के लोगों ने शव बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्रभारी निरीक्षक आरके पांडेय ने बताया कि खेलते समय हादसा हुआ है।

# जिले भर में रावण के पुतले का दहन कर मनाया गया दशहरा

संवाददाता,बलरामपुर

**अमृत विचार:** जनपद में बुराई पर अच्छाई का प्रतीक दशहरा का त्योहार बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सनातन धर्म सभा द्वारा 74वां दशहरा महोत्सव बड़ा परेड ग्राउंड में मनाया गया। नगर पालिका परिषद द्वारा विशेष रूप से मंच व परेड सजावट के साथ आतिशबाजी की व्यवस्था की गई।

नगर के सिटी पैलेस रोड से भगवान श्रीराम सहित वानर सेना की शोभायात्रा निकाली गई। बड़ा पुल, चौक, सब्जी, सराय फाटक, वीर विनय चौराहा, पीपल तिराहे से होते हुए बड़ा परेड ग्राउंड पहुँची। जहां पर महाराजा जयेन्द्र प्रताप सिंह व देवी पाटन के महंत मिथलेश नाथ योगी ने प्रभु राम का तिलक लगाकर स्वागत किया। उसके बाद बड़ा परेड ग्राउंड में दशहरा पर राम रावण युद्ध का मंचन किया गया। देखते ही देखते राम के अग्निबाण से रावण, कुम्भकर्ण, मेघनाद के पुतले धू-धूकर जलने लगे। रावण वध होते ही पूरा परेड ग्राउंड जय श्रीराम के नारों से गूंजायमान हो उठा। इस दौरान लाखों की संख्या में लोग मौजूद रहे। बतौर मुख्य अतिथि महाराजा जयेन्द्र प्रताप सिंह व देवी पाटन के महंत मिथलेश नाथ योगी, डीएम पवन अग्रवाल स्वागत उपाध्यक्ष राज कुमार श्रीवास्तव, नगर पालिका अध्यक्ष डॉ धीरेंद्र प्रताप सिंह धीरु व सनातन धर्म सभा के मंत्री संजय शर्मा ने माला पहनाकर अंगवस्त्र भेंट कर स्वागत किया। सदर विधायक पल्टूराम, तुलसीपुर विधायक कैलाश नाथ शुक्ला, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि श्याम मनोहर तिवारी, आरएसएस जिला प्रचारक जितेंद्र, सदर एसडीएम संजीव यादव, सीओ सिटी बृजनंदन राय, संगठन मंत्री राकेश शर्मा विक्की, महामंत्री रमेश पाहवा, कोषाध्यक्ष सुनील सिंह, अविनाश मिश्रा, डॉ तुलसीश दुबे, रघुनाथ शुक्ला अनिल सिंह, गोमती प्रसाद त्रिपाठी, मंगल बाबू, रघुनाथ अग्रवाल, प्रीत पाल सिंह, अनिल श्रीवास्तव, डॉ जेपी पाण्डेय, डॉ देवेश चंद्र श्रीवास्तव, डॉ विमल त्रिपाठी, केपी सिंह, डीपी सिंह, संजय शुक्ला, शुभेन्द्र, जय प्रकाश, शिवम सहित बड़ी संख्या में नगरवासी मौजूद रहे।



प्रभु श्रीराम की आरती करते महाराज जयंत प्रताप सिंह, देवीपाटन शक्तिपीठ महंत मिथलेश नाथ।



बड़ा प्रेयर ग्राउंड में धू-धू कर जलते रावण, कुंभकरण और मेघनाथ का पुतला। अमृत विचार

## अनुपस्थित मिले तीन कर्मचारी, रुका वेतन



आरोग्य स्वास्थ्य मेले का निरीक्षण करते सीएमओ डॉ. मुकेश रस्तोगी। अमृत विचार

**बलरामपुर अमृत विचार।** रविवार को जनपद बलरामपुर के चौबीस प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेलों का आयोजन किया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी बलरामपुर डॉ. मुकेश कुमार रस्तोगी ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र महराजगंज तराई तथा गुलरिहा हिशामपुर में आयोजित मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले का निरीक्षण किया। निरीक्षण में तीन स्वास्थ्य कर्मी राजेंद्र प्रसाद, दिनेश कुमार लैब टेक्नीशियन तथा अखिल कुमार वार्ड ब्वॉय अनुपस्थित पाए गए। अनुपस्थित पाए गए सभी कर्मियों का वेतन रोकने का आदेश मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने अधीक्षक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तुलसीपुर डॉ विकल्प मिश्रा को दिया। जनपद में आयोजित मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले में कुल 2099 लाभार्थियों को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान किया गया। मौके पर अधीक्षक सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तुलसीपुर डॉ विकल्प मिश्रा एवम् प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गुलरिहा हिशामपुर व महराजगंज तराई के स्टाफ मौजूद रहे।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

विद्यामदो धनमदस्तृतीयोऽभिजनो मदः।
मदा एतेऽवलिप्तानामेत एव सतां दमाः॥

विद्या का अहंकार, धन-संपति का अहंकार, कुलीनता का अहंकार तथा सेवकों के साथ का अहंकार बुद्धिहीनों का होता है, सदाचारी तो दमन द्वारा इनमें भी शांति खोज लेते हैं।

## संपादकीय

# पीएम गति शक्ति पहल

देश में विश्व स्तरीय बुनियादी ढांचा तैयार करने के उद्देश्य से शुरू की गई पीएम गति शक्ति योजना के तीन वर्ष पूरे हो गए हैं। इस बीच देश के लॉजिस्टिक्स क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। इसमें वैश्विक रैंकिंग में सुधार, डिजिटलीकरण प्रयास और दक्षता में वृद्धि शामिल है। पीएम गति शक्ति और राष्ट्रीय लॉजिस्टिक्स नीति जैसी प्रमुख पहलों ने प्रतिस्पर्धात्मकता और व्यापार सुविधा को बढ़ाने में योगदान दिया है। 44 से अधिक केंद्रीय मंत्रालय और 36 राज्य व केंद्र शासित प्रदेश इसमें शामिल हुए। यह एकीकरण भारत की 2070 तक नेट ज़ीरो प्रतिबद्धताओं को पूरा करने के लिए महत्वपूर्ण है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि राष्ट्रीय लॉजिस्टिक्स नीति (एनएलपी) के साथ मिलकर, पीएम गतिशक्ति ने महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे की कमियों को दूर करने, लॉजिस्टिक्स लागत को कम करने और भारत के लॉजिस्टिक्स प्रदर्शन को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। गति शक्ति की बदौलत देश विकसित भारत के सपने को पूरा करने के लिए तेज गति के साथ आगे बढ़ रहा है। यह प्रगति, एंटरप्रेन्योरशिप और नवाचार को प्रोत्साहित करेगा।

एक अध्ययन के अनुसार, भारत में लॉजिस्टिक लागत सकल घरेलू उत्पाद का लगभग 13 प्रतिशत है, जो कि विकसित देशों की तुलना में काफी अधिक है। उच्च लॉजिस्टिक लागत के कारण भारत के निर्यात प्रतिस्पर्द्धात्मकता बहुत कम हो जाती है। वास्तव में पीएम गतिशक्ति ने लॉजिस्टिक्स लागत को कम किया है और बेहतर सेवा वितरण को सक्षम किया है। बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की योजना बनाने और उन्हें लागू करने के तरीके में एक बड़ा बदलाव आया है। एक समग्र एवं एकीकृत परिवहन कनेक्टिविटी रणनीति ने 'मेक इन इंडिया' का समर्थन किया है और परिवहन के विभिन्न तरीकों को एकीकृत किया है, जो आत्मनिर्भर भारत दृष्टिकोण के लिए महत्वपूर्ण है। इससे कई लोगों के लिए रोजगार के नए अवसर पैदा हुए हैं। यह पहल भारत के बुनियादी ढांचे को और ज्यादा स्मार्ट तथा मजबूत कर रही है। साथ ही भारत में आर्थिक विकास को बढ़ावा और विकास के भविष्य को आकार दे रही है। इसके अलावा लंबे समय से चली आ रही समस्याओं जैसे- असंबद्ध योजना, मानकीकरण की कमी, मंजूरी संबंधी चुनौतियां दूर करने के साथ-साथ समय पर बुनियादी अवसंरचना की क्षमता के निर्माण एवं उपयोग में मदद मिली है। कुल मिलाकर पीएम गति शक्ति सही दिशा में उठाया गया एक कदम साबित हुआ है। हालांकि इसे उच्च सार्वजनिक व्यय से उत्पन्न संरचनात्मक और व्यापक आर्थिक स्थिरता संबंधी चिंताओं को दूर करने की आवश्यकता है।

# मिलजुल कर काम करेंगे एआई युक्त रोबोट्स और मानव



डॉ. राजीव अग्रवाल
चिकित्सक, शाहजहांपुर

अब तक 20 करोड़ से अधिक प्रकार के प्रोटीन्स खोजे जा चुके हैं। 2003 में डेविड बेकर ने इन खंडों का उपयोग करके एक नया प्रोटीन तैयार किया, जो किसी अन्य प्रोटीन जैसा नहीं था। तब से उनके शोध समूह ने एक के बाद एक नवीन प्रोटीन संरचनाएं बनाई हैं, जिनमें ऐसे प्रोटीन शामिल हैं।

हमारी पृथ्वी पर जीवन के लाखों प्रकार के रूप दिखाई पड़ते हैं। इन सभी रूपों को बनाने के लिए प्रोटीन्स का बहुत बड़ा महत्व है। ये हमारे जीवन के आधारभूत बिल्डिंग ब्लॉक्स हैं। ये हमारे जीवन की ईंटें हैं। प्रोटीन्स हमारे शरीर के रासायनिक उपकरणों के रूप में अत्यंत अद्भुत क्षमता रखते हैं। वे उन सभी रासायनिक प्रक्रियाओं को नियंत्रित और संचालित करते हैं, जो मिलकर जीवन का आधार बनाती हैं।

प्रोटीन्स हार्मोन, सिग्नल पदार्थ, एंटीबॉडीज और विभिन्न ऊतकों के निर्माण के खंडों के रूप में भी कार्य करते हैं। ये पृथ्वी पर पाए जाने वाले जीवन के लिए आवश्यक हैं। ये पृथ्वी पर जीवन के अरबों वर्ष के विकास के परिणामस्वरूप विकसित हुए हैं। ये प्रोटीन्स करोड़ों प्रकार के पाए जाते हैं। कोई हमारी मांसपेशियां बनाता है, कोई सींग, बाल, पंख, हार्मोन्स, एंटीबॉडीज, एंजाइम्स, खून, विष, हड्डियां और शरीर के तमाम अन्य अंग। ये हमारी कोशिकाओं का साइटोप्लाज्म और उसकी कोशिका झिल्ली बनाते हैं। ये कोशिका झिल्ली पर बैठकर विभिन्न रिसेप्टर्स बनाते हैं। ये विभिन्न संचार चैनल्स बनाते हैं। इनके कामों का अंत ही नहीं है। हमारे जीन्स इनका नियंत्रण करते हैं। ये हमारी कोशिकाओं के राइबोसोम्स में बनते हैं। हमारे जीवन के लिए इतने महत्वपूर्ण घटक प्रोटीन्स की संरचना के बारे में जानना हमें जीवन के बारे में बहुत कुछ बताता है। यह हमारे लिए अनेक प्रकार से बहुत महत्वपूर्ण है, बहुत आवश्यक है।

इस बार का केमिस्ट्री का नोबेल पुरस्कार तीन वैज्ञानिकों को प्रोटीन्स की संरचना की खोज के लिए दिया गया है। ये वैज्ञानिक हैं डेविड बेकर, ब्रिटन डेमिस हसाबिस और जॉन एम. जंपर। इन वैज्ञानिकों की खोजों ने इन अद्भुत प्रोटीनों के निर्माण के बारे में बहुत कुछ बताया है। इसके अतिरिक्त इन खोजों ने 50 साल पुराने सपने को साकार किया है और वह सपना है- एमिनो एसिड्स के परस्पर जुड़ने के अनुक्रमों से प्रोटीन संरचनाओं की भविष्यवाणी करना। इन दोनों खोजों ने व्यापक संभावनाओं के द्वार खोल दिए हैं। सामान्यतः प्रोटीन्स 20 विभिन्न एमीनो एसिड्स से मिलकर बने होते हैं, जिन्हें जीवन के निर्माण खंडों के रूप में वर्णित किया जा सकता है। ये मोटे-मोटे 20 एमीनो एसिड्स विभिन्न संख्याओं और विभिन्न अनुक्रमों में जुड़कर करोड़ों प्रकार के प्रोटीन्स बनाते हैं।

प्रोटीन्स की इस खोज में कृत्रिम बुद्धि अर्थात एआई का बहुत बड़ा हाथ है। यह हमारा एक यंत्र है, एक टूल है, एक उपकरण है। इस कृत्रिम बुद्धि को मानव ने बनाया है और अब यह मानव की अनेक प्रकार से सहायता कर रही है। कभी मानव ने आग को पाया था, उसने पहिए की खोज की थी, उसने पत्थर के अनगढ़ औजार बनाए थे और इन चीजों ने उसकी कितनी सहायता की थी। अब मशीन द्वारा मानव को दी जा रही इन सहायताओं में कृत्रिम बुद्धि और मशीन लर्निंग एक बहुत बड़ा उपकरण बन कर उभरा है। निश्चित रूप से हम आगे चलकर एक ऐसा समाज देखेंगे, जिसमें कृत्रिम बुद्धि युक्त रोबोट्स और मानव मिलजुल कर मानव के हित में काम करेंगे। मानव अपने कदम निरंतर आगे बढ़ा रहा है।

अब तक 20 करोड़ से अधिक प्रकार के प्रोटीन्स खोजे जा चुके हैं। 2003 में डेविड बेकर ने इन खंडों का उपयोग करके एक नया प्रोटीन तैयार किया, जो किसी अन्य प्रोटीन जैसा नहीं था। तब से उनके शोध समूह ने एक के बाद एक नवीन प्रोटीन संरचनाएं बनाई हैं, जिनमें ऐसे प्रोटीन शामिल हैं, जिन्हें औषधियों, टीकों, नैनोमटेरियल्स और छोटे सेंसरों के रूप में इस्तेमाल किया जा सकता है। दूसरी खोज प्रोटीन संरचनाओं की भविष्यवाणी से संबंधित है। प्रोटीन्स में एमीनो एसिड्स लंबी श्रृंखलाओं में जुड़े होते हैं, जो तीन आयामी संरचना बनाने के लिए मुड़ते हैं और यह संरचना प्रोटीन की कार्यक्षमता के लिए, उसके किसी विशेष कार्य के लिए, निर्णायक होती है।

1940 के दशक से शोधकर्ता एमीनो एसिड अनुक्रमों से प्रोटीन संरचनाओं की भविष्यवाणी करने का प्रयास कर रहे थे, लेकिन यह अत्यधिक कठिन साबित हुआ। सन 1950 में कैंब्रिज विश्वविद्यालय के जॉन केंडू और मैक्स पेरुट्ज ने एक्स-रे क्रिस्टलोग्राफी का प्रयोग करके प्रोटीन के थ्री आयामी मॉडल बनाने में सफलता प्राप्त की थी। इस महत्वपूर्ण खोज के लिए उन्हें नोबेल पुरस्कार भी दिया गया था, लेकिन एक्स-रे क्रिस्टलोग्राफी से प्रोटीन्स की संरचना के बारे में जानना एक कठिन कार्य था। इससे अपेक्षाकृत बहुत कम संख्या में प्रोटीन्स के बारे में जाना जा सका था। अब से चार साल पहले एक आश्चर्यजनक सफलता मिली।

सन 2020 में डेमिस हसाबिस और जॉन जंपर ने गूगल की एक शाखा डीप माइंड में काम करते हुए एक आर्टिफीशियल इंटेलिजेंस (एआई मॉडल) प्रस्तुत किया, जिसे अल्फा फोल्ड-2 कहा जाता है। इसकी मदद से वे उन लगभग 20 करोड़ प्रोटीनों की संरचना की भविष्यवाणी करने में सक्षम हुए हैं, जिन्हें शोधकर्ताओं ने पहचाना है। उनकी इस सफलता के बाद, अल्फा फोल्ड-2 का उपयोग 190 देशों के बीस लाख से अधिक लोगों द्वारा किया गया है।

प्रोटीन्स की संरचना जानना हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण है, क्योंकि विभिन्न संरचना के प्रोटीन्स विभिन्न कार्य करते हैं। एमीनो एसिड्स की श्रृंखलाएं विशेष प्रकार से मुड़कर विशेष प्रकार के प्रोटीन्स का निर्माण करती हैं। किस प्रकार के एमीनो एसिड्स को किस प्रकार जोड़ने पर वह किस प्रकार मुड़ेंगे और कौन सी प्रोटीन बनाएंगे, यह जानना हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण है। इन वैज्ञानिकों के कार्यों ने हमारे लिए वह रास्ता खोल दिया है।

अब अनेक वैज्ञानिक अनुप्रयोगों में शोधकर्ता एंटीबायोटिक प्रतिरोध को बेहतर ढंग से समझ सकते हैं और ऐसे एंजाइमों की छवियां बना सकते हैं, जो प्लास्टिक को विघटित कर सकते हैं। वह अनेक प्रकार के एंजाइम्स और हार्मोन्स बना सकते हैं। वह जीवन के बिल्डिंग ब्लॉक्स बना सकते हैं। पृथ्वी पर जिस प्रकार का जीवन हम जानते हैं, वह जीवन प्रोटीनों के बिना संभव नहीं हो सकता। अब जब हम प्रोटीन संरचनाओं की भविष्यवाणी कर सकते हैं और अपने स्वयं के प्रोटीन डिजाइन कर सकते हैं तो यह ज्ञान मानवता के लिए बहुत बड़ा लाभ प्रदान करता है। इन वैज्ञानिकों की ये खोजें वास्तव में क्रांतिकारी खोजें हैं। इस बार का मेडिसिन या फिजियोलॉजी का नोबेल पुरस्कार भी माइक्रो आरएनए की खोज के लिए दिया गया है। यह भी हमारे जींस के नियंत्रण के लिए एक बहुत आवश्यक चीज है। इस बार फिजिक्स का नोबेल पुरस्कार भी कृत्रिम तंत्रिका जाल, कृत्रिम बुद्धि और मशीन लर्निंग में विशेष खोजों के लिए दिया गया है।

प्रोटीन्स की इस खोज में कृत्रिम बुद्धि अर्थात एआई का बहुत बड़ा हाथ है। यह हमारा एक यंत्र है, एक टूल है, एक उपकरण है। इस कृत्रिम बुद्धि को मानव ने बनाया है और अब यह मानव की अनेक प्रकार से सहायता कर रही है। कभी मानव ने आग को पाया था, उसने पहिए की खोज की थी, उसने पत्थर के अनगढ़ औजार बनाए थे और इन चीजों ने उसकी कितनी सहायता की थी। अब मशीन द्वारा मानव को दी जा रही इन सहायताओं में कृत्रिम बुद्धि और मशीन लर्निंग एक बहुत बड़ा उपकरण बन कर उभरा है। निश्चित रूप से हम आगे चलकर एक ऐसा समाज देखेंगे, जिसमें कृत्रिम बुद्धि युक्त रोबोट्स और मानव मिलजुल कर मानव के हित में काम करेंगे।

मानव अपने कदम निरंतर आगे बढ़ा रहा है। वह एक गुफा मानव की स्थिति से आज की स्थिति तक अपनी इस जिज्ञासा, लगन और परिश्रम से पहुंचा है। हमें मानव के स्वयं और इस विश्व को समझने के प्रयासों और परिश्रम को नमन करना चाहिए।

## प्रसंगवश

# जीवन का सत्य

बीते दिनों लखनऊ के गोमतीनगर स्थित सहारा मुख्यालय के सामने से गुजरते समय सहाराश्री की याद आ गई। इस विशाल परिसर में कभी सहाराश्री सुब्रत राय अपने अधीनस्थों के साथ राजसी शान से रहा करते थे। इस परिसर में होने वाले आयोजनों में मुख्यमंत्री से लेकर बड़े-बड़े नौकरशाह तक उपस्थित होने में अपना गौरव समझते थे। आज यह परिसर वीरान और श्रीहीन पड़ा है।

अभी कुछ दिन पूर्व रतन टाटा भी दिवंगत हुए। वह अविवाहित थे, लेकिन उनके सत्कर्मों के कारण उनकी मृत्यु पर पूरा देश दुखी था। हर क्षेत्र के महत्वपूर्ण व्यक्तियों ने उन्हें नम आंखों से अंतिम विदाई दी थी।

सुब्रत राय ने अपनी पोंजी योजनाओं से गरीब जनता की अपार धनराशि एकत्र कर विशाल साम्राज्य खड़ा किया था। वक्त की ऐसी मार पड़ी कि गरीबों का पैसा न वापस करने पर सर्वोच्च न्यायालय ने उन्हें सालों जेल में रखा और अंत में असहाय अवस्था में बीमारी से वह दिवंगत हो गए और उनके अंतिम संस्कार में विदेश में रह रहे उनके बेटे भी सम्मिलित होने नहीं आए। कितने दुर्भाग्यशाली थे वे! कबीर ने सही कहा है-"निर्बल को न सताइए, जाकी मोटी हाय,/ मुई खाल की स्वांस से, सार भस्म हो जाए।" अभी कुछ दिन पूर्व रतन टाटा भी दिवंगत हुए। वह अविवाहित थे, लेकिन उनके सत्कर्मों के कारण उनकी मृत्यु पर पूरा देश दुखी था। हर क्षेत्र के महत्वपूर्ण व्यक्तियों ने उन्हें नम आंखों से अंतिम विदाई दी थी।



बद्री प्रसाद सिंह
सेवानिवृत्त पुलिस महानिरीक्षक उप्र.

जीवन का सत्य यही है कि प्रत्येक व्यक्ति खाली हाथ ही अंतिम यात्रा पर प्रस्थान करता है। किसी के जाने पर लोग दुःखी होते हैं और किसी के जाने पर ...? सब देखते, जानते हुए भी हम अनैतिक कार्यों से धन संचय करने में लिप्त रहते हैं। स्वार्थ के वशीभूत होकर दूसरों का नुकसान करते हैं। परंतु क्यों? यही यक्ष प्रश्न है।

# शेयर बाजार और गांधी का सूत्र



डॉ. अशोक कुमार शुक्ला
सहायक भूमि व्यवस्था आयुक्त, राजस्व परिषद, उत्तर प्रदेश

सेबी का यह विचार था कि शेयर बाजार में छोटे निवेशकों का प्रतिभाग बढ़ जाने से बाजार में बढ़ी धनराशि शेयर बाजार में योजित हो सकेगी।

सेबी की हालिया रिपोर्ट के अनुसार छोटे निवेशकों के मध्य भारतीय शेयर बाजार की बढ़ती हुई लोकप्रियता ने जहां एक ओर देश के छोटे-छोटे कस्बे तक अपनी पहुंच बनाई है, वहीं दूसरी ओर कम समय में बड़ी धनराशि अर्जित करने के मोह के चलते 91.1 प्रतिशत छोटे निवेशकों को अपनी छोटी-छोटी पूंजी से भी हाथ धोना पड़ा। सेबी की रिपोर्ट बताती है कि देश में इस वर्ष मात्र नौ प्रतिशत से भी कम निवेशकों द्वारा ही शेयर मार्केट से लाभ अर्जित किया गया है, जबकि पिछले वित्तीय वर्ष में छोटे निवेशकों के मध्य अपनी पूंजी गंवाने का यह आंकड़ा 89 प्रतिशत के लगभग था।

देश के लिए यह गंभीर चिंता का विषय होना चाहिए कि जहां हम संसार की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर हैं और विश्व के बड़े धन्नासेठों की सूची में भारतीयों के नाम तेजी से बढ़ते जा रहे हैं, वहीं देश में छोटे निवेशकों का 91 प्रतिशत से अधिक हिस्सा अपनी पूंजी गंवाता जा रहा है। आर्थिक असमानता की यह बढ़ती हुई खाई निश्चित रूप से गंभीर चिंता का विषय है, ऐसे में शेयर बाजार में लागू नीतियों के संबंध में महात्मा गांधी द्वारा कहा गया वह सूक्त वाक्य अवश्य याद किया जाना चाहिए, जिसमें उन्होंने देश के नीति-नियंताओं को किसी भी नीति के क्रियान्वयन से पूर्व इस कसौटी पर परखने की आवश्यकता बताई थी कि वह नीति देश के सबसे निचले तबके के व्यक्ति पर क्या प्रभाव डालने वाली है।

सेबी ने पिछले वर्ष ही शेयर बाजार को विभिन्न सूचकांकों में विद्यमान वायदा एक्सपायरी के लिए इतनी अधिक साप्ताहिक तिथियां तय कर दी थीं कि सप्ताह के प्रत्येक दिन किसी न किसी सूचकांक में वायदा कारोबार की एक्सपायरी होने लगी थी। इतना ही नहीं वायदा कारोबार में छोटे निवेशकों के प्रतिभाग को बढ़ाने के लिए निफ्टी, बैंक निफ्टी सहित अनेक सूचकांकों में वांछित न्यूनतम धनराशि को भी कम कर दिया था।

सेबी का यह विचार था कि शेयर बाजार में छोटे निवेशकों का प्रतिभाग बढ़ जाने से बाजार में बढ़ी धनराशि शेयर बाजार में योजित हो सकेगी, परंतु इस नीति को लागू करने से पहले सेबी ने इसे गांधी की उस सूक्ति की कसौटी पर नहीं कसा, जिसमें नीति के क्रियान्वयन से पूर्व समाज के सबसे निचले तबके पर उसके प्रभाव का आकलन किया जाना चाहिए था। इसका परिणाम यह हुआ कि सेबी द्वारा शेयर बाजार की पहल पर लागू की गई इस नीति के चलते देश के तीन प्रतिशत अतिरिक्त छोटे निवेशकों को उनकी पूंजी गंवाने में सहयोगी की भूमिका का निर्वहन किया।

सेबी द्वारा हाल में ही नए निर्देश जारी करते हुए भारतीय वायदा कारोबार में निवेश की सीमा को तीन गुना तक बढ़ाने और प्रति एक्सचेंज एक ही साप्ताहिक एक्सपायरी रखने के निर्देश जारी किए हैं। इस प्रकार अब से केवल निफ्टी सूचकांक में साप्ताहिक एक्सपायरी होगी। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ने 10 अक्टूबर को जारी अपने एक ज्ञापन में यह जानकारी दी है कि आगामी 13, 18 और 19 नवंबर से बैंक निफ्टी, निफ्टी मिडकैप सेलेक्ट और निफ्टी फाइनेंशियल सर्विसेज के साप्ताहिक वायदा संविदाओं (डेरिवेटिव कॉन्ट्रैक्ट्स) को बंद कर दिया जाएगा।

ध्यान देने योग्य तथ्य यह है कि वित्तीय वर्ष 2021-22 से लेकर वित्त वर्ष 2023-24 तक 1.13 करोड़ छोटे निवेशकों ने इस वायदा कारोबार में ट्रेडिंग करते हुए पर 1.81 लाख करोड़ रुपये की अपनी गाढ़ी कमाई को गंवा दिया है। अकेले वित्तीय वर्ष 23-24 में ही छोटे निवेशकों द्वारा अपनी गाढ़ी कमाई के 75 हजार करोड़ रुपये गंवाए जा चुके हैं। इस वित्तीय वर्ष में शेयर बाजार के छोटे निवेश के प्रत्येक कारोबारी द्वारा औसतन एक लाख बीस हजार का वार्षिक नुकसान किया गया है। चूंकि शेयर बाजार का वायदा कारोबार "जीरो सम गेम" होता है अर्थात शेयर बाजार में विद्यमान कारोबारियों के मध्य हानि और लाभ का योग शून्य होता है, इसलिए छोटे निवेशकों को जितनी हानि होती है उतना ही लाभ बड़े निवेशकों को होता है। इसके चलते विगत वित्तीय वर्ष में छोटे निवेशकों की जेब से निकला 75 हजार करोड़ रुपया बड़े निवेशकों की जेब में जा चुका है।

बहरहाल अब 20 नवंबर से सभी एक्सचेंजों में एक ही साप्ताहिक एक्सपायरी होगी, परंतु इस निर्णय को लागू करने से पहले भी हमने इसे महात्मा गांधी द्वारा निर्देशित उस सूक्ति वाक्य की कसौटी पर कसने की औपचारिकता का निर्वहन नहीं किया है, इसलिए छोटे निवेशकों के हित में इसकी सफलता प्रश्नचिन्हित हो सकती है।

## सोशल फोरम

# सिर्फ कमियां देखने वाले

हर इंसान की जिंदगी के अच्छे और बुरे पक्ष को बता सकता हूं, जो लोग किसी की भी जिंदगी में बुरे पक्ष को ही उजागर करते हैं, वह तो पहले ही अपनी बुराई का पता दे देते हैं। बेचारे अपनी कमजोरियों से इतने लाचार हैं कि किसी के लिए दो अच्छे शब्द भी बोलने पर उनका वजूद बिखरने को होता है।

यह मक्खी सिफत लोग होते हैं, जो गंदगी ढूंढकर, उस पर अपने पर फैलाकर भुन-भुन करते हैं। इनके पास लोगों की जिंदगी में अच्छाई नजर नहीं आती। यह सिर्फ बुराई ही देख पाते हैं। जब जमाना किसी को अच्छा कहता है, तब यह बताते हैं कि फलानी रात में, फलानी जगह यह गलत पाए गए थे। अबे कभी तो किसी के लिए मुंह से दो-चार अच्छे शब्द भी बोल दिया करो। यह न करके तुम अपनी तरबियत का पता देते हो, जो यही है कि सिर्फ कमियों पर निगाह रखो। मेरे एक दोस्त हैं, जिन्हें दुनिया की कोई फिल्म अच्छी नहीं लगती। खासकर जिसकी सब तारीफ करें, उसकी बुराई में तो वह बरस भी निकाल सकते हैं। भाईसाहब को जब कोई फिल्म की कहानी, एक्टिंग सब भी

यह अजीब चलन सा निकल भी आया है कि अपनी टांग अलग से दिखाओ। जब तारीफ हो किसी की, तो उसका बुरा पक्ष दिखाओ।

ठीक लगे, तो डायरेक्टर की निजी जिंदगी की खामी निकालकर उसे बुरा कहेंगे। अब इनका क्या ही किया जाए, सिवाए इसके की इनकी इस गंदगी के साथ इन्हें बर्दाश्त करो।



हफीज किदवई
लेखक

यह अजीब चलन सा निकल भी आया है कि अपनी टांग अलग से दिखाओ। जब तारीफ हो किसी की, तो उसका बुरा पक्ष दिखाओ। यह जो अलग दिखने की चाह है, यही उन्हें अक्सर इंसानी जात से भी अलग कर देती है। यह लोगों के चर्चा में आने का इंतजार करते हैं, वह चर्चा चाहे सफलता की हो या मौत की, मगर इन्हें इसी चर्चा में अपने हिस्से को उड़ेलना होता है। जबकि उसी पैमाने पर खुद की जिंदगी को रखकर देंखे तो बचपन में पढ़े इस मुहावरे का अर्थ भी और सूरत भी दिख जाए-सूप तो सूप, चलनी बोले, जिसमें बहत्तर छेद।

-फेसबुक वॉल से

# कम होती सामाजिकता की गुंजाइश

दो दिन पहले शहर में कहीं जाना था। शाम का समय। एक मांगलिक कार्यक्रम में। पहले सोचा अपनी गाड़ी से जाएं, लेकिन फिर शहर में गाड़ी खड़ी करने की समस्या और दीगर बातें सोचकर तय किया कि ओला से चले जाएं। गाड़ी बुक की। तीन बार। तीनों बार ड्राइवर बोला -'आपकी लोकेशन से दूर हैं। कुछ पैसे राइड के अलावा दें तो आएं।' हमने राइड कैंसल कर दी। ये ओला/उबर/रैपिडो वाली गाड़ियां बुक होती हैं तो गाड़ी वालों को पैसा वहीं से मिलता, जहां से सवारी उठाते हैं। सवारी तक पहुंचने की दूरी उनको अपने खर्चे पर तय करनी होती है। कई बार ऐसा भी होता है कि पांच किलोमीटर की दूरी के लिए पांच से ज्यादा किलोमीटर तय करना होता है। ड्राइवर मनाकर देता है या ज्यादा पैसे मांगता है। कंपनियों को इसका इलाज करना चाहिए कुछ।

बहरहाल राइड कैंसल करने के बाद तय किया अपनी गाड़ी से ही चलते हैं। निकल ही रहे थे कि फौन आया-"कहां आना है? किस जगह है घर आपका?" पता चला कि हमारे राइड कैंसल करने के बाद भी अगली गाड़ी बुक हो गई। पता नहीं कैसे? जबकि हमने बुकिंग से मना किया था। खैर हम इंतजार कर रहे थे। गाड़ी नक्शे पर आती दिखी। पास आ गई, लेकिन कहीं कोई कार दिखी नहीं। हमने फोन किया तो पास आ गए दुपहिया वाहन का ड्राइवर बोला -'आ गए। चलिए।' हमारे लिए ताज्जुब की बात थी। अपनी समझ में हमने कार की बुकिंग की थी। वो भी करके कैंसल कर दी थी। ये दुपहिया कहां से बुक हो गई? "हो जाती है जब आप कोई भी गाड़ी का विकल्प क्लिक करते हैं।"-हेलमेट लगाते हुए दुपहिया सवार बोला। हम बमुश्किल तमाम बैठे पीछे। सीट काफी ऊंची लगी। पैर घुमा के बैठने में लगा कि जांघ का जोड़ हिल गया। शायद इसीलिए महिलाएं एक तरफ ही पैर करके बैठती हैं दुपहिया गाड़ियों में। दुपहिया चालक बालक ही था। बताया कि दादानगर में एक कंपनी काम करता है। एकाउंटेंट का। बीकॉम किया है। शाम को कुछ देर गाड़ी भी चला लेता है।



अनूप शुक्ल
कानपुर

ऐसे तमाम लोग मेरी जानकारी में भी हैं, जो किसी बड़े काम लायक काबिल नहीं लगते, लेकिन कोई दूसरा काम करना नहीं चाहते। हाथ में आए काम से बढ़िया काम की तलाश में निठल्ले बैठे हैं, लेकिन सामने दिखने वाले काम को शुरू नहीं करते।

अक्सर दादानगर से कल्याणपुर घर जाते हुए बीच की सवारी उठा लेता है। कभी घर से भी निकल जाता है गाड़ी लेकर। महीने में पांच-सात हजार कमाई हो जाती है इससे। उसको शेयर मार्केट में लगा देता है। पैसा कमाता है, पैसा बचाता है। एक कंपनी के शेयर के बारे में बताया। पंद्रह हजार में शेयर खरीदे थे। सत्रह हजार का फायदा हुआ। वो फायदा निकाल लिया हमने। फिर खरीद लिए दूसरे शेयर। अपने पैसे निकाल लिए। अब पड़े रहेंगे। कुछ न कुछ देंगे ही फायदा। शादी अभी नहीं हुई है। कह रहा था -"अभी कुछ कमाई कर लें। फिर शादी भी हो जाएगी।" बालक ने बताया -"काम की कमी नहीं है आज भी। लड़के करते नहीं। वो घर बैठे आराम का पैसा चाहते हैं। लगी-लगाई नौकरी चाहते हैं, जिसमें कोई मेहनत न करनी पड़े। बस पैसा मिलता रहे, चाहे कम मिले।" अपने भाई के बारे में भी बताया-"वो कुछ करता नहीं। बस टाइम बरबाद करता रहता है।"

ऐसे तमाम लोग मेरी जानकारी में भी हैं, जो किसी बड़े काम लायक काबिल नहीं लगते, लेकिन कोई दूसरा काम करना नहीं चाहते। हाथ में आए काम से बढ़िया काम की तलाश में निठल्ले बैठे हैं, लेकिन सामने दिखने वाले काम को शुरू नहीं करते। गंतव्य पर पहुंचने पर बिल आया 41 रुपए। सात किलोमीटर दूरी तय की थी 41 रुपए में। हमें याद आया कि कार के 150 से ऊपर दिखा रहा था। सौ रुपए बचे। नया अनुभव हुआ सो अलग।

बालक ने हमको छोड़ा उस समय रात के करीब साढ़े नौ बज रहे थे। उसके काम का समय सुबह ग्यारह से शाम चार बजे तक का है। मतलब लगभग दस बजे सुबह से रात दस तक काम में जुटा रहता है बालक। आज के समय शहरों में तमाम युवा ऐसी जिंदगी जी रहे हैं। दिन भर काम। मैं यह सोच रहा था कि जिंदगी की सबसे चमकदार उम्र में उनके मनोरंजन और आनंद के मौके एकदम सिमट गए हैं। सामाजिकता की गुंजाइश कम से कम होती जा रही है। युवाओं के ऐसी जिंदगी कितनी सुकूनदेह है?

# रावण दहन : सिर्फ एक परंपरा

हमने दशहरा यानी विजयादशमी का पर्व मना लिया। देश में रावण के करोड़ों पुतले जलाए गए, यह मानकर कि उस दिन भगवान राम ने रावण का वध किया था और यह तिथि उसी की वार्षिकी है। हालांकि यह पड़ताल कभी नहीं की कि उस दिन रावण वध हुआ भी था या नहीं। देखें कि लगभग पौने नौ लाख साल पहले घटी इस घटना की वास्तविक तिथि क्या है और इसका वार्षिक पर्व मनाना कितना जरूरी है। श्रीराम त्रेता के अंत में हुए और अब कलियुग के पांच हजार वर्ष बीत चुके हैं। बीच में द्वापर होता है, जिसका शास्त्रीय परिमाण आठ लाख चौसठ हजार वर्ष है।



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

इतनी पुरानी घटना की तिथि जानने के लिए हमें रामायणों और प्राचीन धर्म ग्रंथों का ही सहारा लेना पड़ेगा, वही प्रमाण हैं। हमारी गवेषणा में आश्विन शुक्ल दशमी को रावण वध कहीं नहीं हुआ। वाल्मीकि और तुलसीदास ने घटनाओं की तिथियां बारीकी से नहीं लिखीं, किंतु वर्णनों में साफ है कि इस तिथि तक तो सीता जी की खोज भी नहीं हुई थी। आश्विन यानी क्वार शरद ऋतु शुरू हो जाती है और श्रीराम अपने अनुज लक्ष्मण से कहते हैं "वर्षा विगत शरद ऋतु आई। सुधि न तात सीता कै पाई।" फिर, जैसा कि वाल्मीकि और तुलसी दोनों वर्णनों से साफ है कि लक्ष्मण सुग्रीव पर कोप करते हैं, सुग्रीव भयभीत हो देशभर में फैले वानरों को बुलवाते हैं, चारो ओर खोजी वानर दल जाता है, उसे एक महीने का समय दिया जाता है। दक्षिण दिशा में गया वानर दल, जिसमें हनुमान जी भी हैं, एक जगह यह बातें करता है कि "साथियों! निर्धारित एक मास की अवधि से ज्यादा तो हमें अब तक बीत चुका है और हम खाली हाथ हैं"। इस सब के चलते विजयादशमी को रावण वध का सवाल ही नहीं पैदा होता है। अलबत्ता उस दिन राम द्वारा विजय के लिए प्रस्थान के उल्लेख जरूर उपलब्ध हैं। देवी भागवत में नारद ने राम को शारदीय नवरात्र रखने की सलाह दी है, जो उन्होंने किए और नवमी तक व्रत करके दशमी को विजय मुहूर्त में लंका की ओर प्रयाण किया, क्योंकि जटायु यह तो बता ही चुके थे कि रावण ने सीताहरण किया है। ("समाप्य तद्वतं चक्रं प्रयाण दशमी दिने")। तुलसीकृत 'रामचरितमानस' से एक शताब्दी पूर्व बांग्ला में लिखी गई "कृत्तिवास रामायण" भी ऐसा ही कहती है, "दशमी ते पूजा करि विसर्जिया महेश्वरी संग्रामे चलिल रघुपति"। ऐसी दशा में इस तिथि को रावण वध मानना भ्रमोत्पादक है।

स्कंद पुराण में राम वन गमन से लेकर राजतिलक तक की तिथियां दी गई हैं। इसके अनुसार रावण वध चैत्र कृष्ण चतुर्दशी को और अंत्येष्टि अमावस्या को हुई। भगवान का हर अवतार दुष्टों का संहार करता रहा है। राम ने भी रावण के अलावा अन्य अनेक खल संहारे, जिनमें एक शंबूक भी है। श्रीकृष्ण ने कंस आदि कितनों का वध किया, लेकिन उनके पुतलों का वार्षिक दहन नहीं किया जाता और न माता दुर्गा के द्वारा मारे गए महिषासुर, शुंभ निशुंभ आदि के साथ ऐसा व्यवहार किया जाता है। यह बिंदु एक विमर्श की दरकार तो रखता ही है।

## एक नजर

### अवैध पटाखा समेत अभियुक्त गिरफ्तार

सिद्धार्थनगर, अमृत विचार। अवैध पटाखा के साथ एक अभियुक्त को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना कपिलवस्तु पुलिस द्वारा अमित कुमार गुप्ता को 149 पैकेट अवैध पटाखा के साथ गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर आवश्यक कार्यवाही पूर्ण कर न्यायालय भेजा गया।

### पूर्व मंत्री दिनेश सिंह की पुण्यतिथि आज

शोहरतगढ़/सिद्धार्थनगर, अमृत विचार। जिले के विधानसभा शोहरतगढ़ के चिल्हियां में प्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री व विकास पुरुष स्व. दिनेश सिंह की सोमवार को एक कार्यक्रम आयोजित कर पुण्यतिथि मनायी जायेगी। वहीं पुण्य तिथि पर आयोजित कार्यक्रम की जानकारी देते हुए सपा के पूर्व विधानसभा प्रत्याशी उग्रसेन प्रताप सिंह ने कहा कि हमारे पिता की पुण्य तिथि 14 अक्टूबर को है। इसलिए हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी सोमवार को चिल्हियां अपने आवास के बगल में एक कार्यक्रम के रूप में पुण्यतिथि मनाई जायेगी।

### अभियान के तहत महिलाओं को किया जागरूक

सिद्धार्थनगर, अमृत विचार। मिशन शक्ति अभियान के तहत महिला सशक्तीकरण के लिए शक्ति दीदी कार्यक्रम के माध्यम से जनपद में विभिन्न स्थानों पर शक्ति दीदी/महिला बीट अधिकारियों द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं को साइबर क्राइम के बारे में जागरूक किया गया। अभियान के अन्तर्गत बालिकाओं, महिलाओं से वार्ता कर शासन की जन कल्याणकारी योजना के बारे में जानकारी देकर जागरूक किया गया।

# मुख्यमंत्री ने जनता दर्शन में दिया मदद का भरोसा

## शिकायतों के निस्तारण के लिए अधिकारियों को दिए जरूरी निर्देश, कहा - सरकार इलाज के लिए भरपूर मदद करेगी

संवाददाता, गोरखपुर

**अमृत विचार।** शारदीय नवरात्र और विजयादशमी पर्व के उपलक्ष्य में लगातार तीन दिन आनुष्ठानिक कार्यक्रमों में अतिव्यस्तता के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार सुबह जन समस्याओं के निस्तारण को प्राथमिकता दी।

गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन के दौरान मुख्यमंत्री ने लोगों से मुलाकात की, उनकी समस्याएं सुनीं और निस्तारण के लिए अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए। जनता दर्शन में सीएम योगी ने अधिकारियों को दो टूक हिदायत दी है कि किसी की जमीन पर अवैध कब्जा करने वाले,

**हर फरियादी के पास खुद गए योगी, सुनीं समस्याएं**

कमजोरों को उजाड़ने वाले किसी भी सूरत में बख्शे न जाएं। उनके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए। जो लोग किन्हीं कारणों से सरकार की योजनाओं के लाभ से वंचित हैं, उन्हें इसका लाभ दिलाएं। सरकार किसी के भी साथ अन्याय नहीं होने देने और हर नागरिक के जीवन में खुशहाली लाने को प्रतिबद्ध है।

सीएम योगी ने रविवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन के दौरान करीब 300 लोगों से मुलाकात की। गोरखनाथ मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सामने कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक वह खुद पहुंचे और एक-एक करके सबकी समस्याएं सुनीं। सबके प्रार्थना पत्रों को संबंधित अधिकारियों को संदर्भित करते हुए त्वरित और संतुष्टिपरक निस्तारण का निर्देश देने के साथ लोगों को भरोसा दिलाया कि सरकार हर पीड़ित की समस्या का समाधान कराने के लिए दृढ़ संकल्पित है।



जनता दर्शन में लोगों की शिकायतें सुनते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। अमृत विचार

मुख्यमंत्री के समक्ष जनता दर्शन में कई लोग इलाज के लिए आर्थिक सहायता की गुहार लेकर पहुंचे थे। सीएम योगी ने उन्हें आश्वस्त किया कि सरकार इलाज के लिए भरपूर मदद करेगी। उनके प्रार्थना पत्रों को अधिकारियों को हस्तगत करते हुए मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि इलाज से जुड़ी इस्टीमेट की प्रक्रिया को जल्द से जल्द पूर्ण करा कर शासन में उपलब्ध कराया जाए।

राजस्व व पुलिस से जुड़े मामलों को मुख्यमंत्री ने पूरी पारदर्शिता व निष्पक्षता के साथ निस्तारित करने का निर्देश देते हुए कहा कि किसी के साथ भी नाइंसाफी नहीं होनी चाहिए।

### मांगें पूरी न होने पर आंदोलन की चेतावनी

सिद्धार्थनगर, अमृत विचार। विकास खंड ढेबरुआ परिसर में भारतीय किसान यूनियन की बैठक के बाद विकास खण्ड अधिकारी को ज्ञापन देकर ग्राम पंचायत घरुआर व धनधरा के समस्या निस्तारण की मांग करते हुए मांगें पूरी न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी गई है।

खण्ड विकास अधिकारी को दिये ज्ञापन में कहा गया है कि ग्राम पंचायत घरुवार एवम धंधरा में नालियों में गंदे पानी का जलजमाव होता है, उसकी साफ सफाई जरूरी है। इसके अलावा कोटिया बाजार में नाली के निर्माण की गुणवत्ता पर सवाल उठाया। आगे ज्ञापन में विकलांग व विधवा पेंशन इत्यादि की जांच करने आने वाले अधिकारियों के मनमानेपूर्ण रवैये पर रोक लगाने की मांग की है।

# मतदाता सूची में नाम हटाने के दोषियों की वकालत पर रोक

संवाददाता, सिद्धार्थनगर

**अमृत विचार।** सिविल सिद्धार्थ बार एसोसिएशन की मतदाता सूची में मनमाने तरीके से दो दर्जन के करीब अधिवक्ताओं का नाम हटाकर मतदान से वंचित करने के आरोप में एल्डर कमेटी के अध्यक्ष, बार के अध्यक्ष और महामंत्री को प्रथमदृष्टया दोषी पाया गया है। बार काउंसिल आफ उत्तर प्रदेश ने इनके वकालत करने पर रोक लगाते हुए अपने आदेश की प्रति जिलाधिकारी और जिलाधिकारी को देते हुए इसका अनुपालन

**एल्डर कमेटी के अध्यक्ष, बार के अध्यक्ष और महामंत्री प्रथमदृष्टया दोषी करार**

कराने का निर्देश दिया है।

बताते चलें कि वर्ष 2023-2024 में अध्यक्ष राधे श्याम मिश्रा और महामंत्री सिद्धनाथ पाण्डेय ने मनमानी करते हुए एल्डर कमेटी को बदल दिया। बार काउंसिल द्वारा नियुक्त चुनाव संचालन समिति में मनमानी नियुक्त की तथा मतदाता सूची में तमाम सदस्यों का नाम हटा दिया गया। मतदान से वंचित सदस्यों ने इस मनमानी की शिकायत उत्तर प्रदेश बार काउंसिल में की। अतुल कुमार श्रीवास्तव और अन्य की अपील पर लंबी सुनवाई के पश्चात यह बात सामने आई कि एल्डर कमेटी के नवनियुक्त अध्यक्ष अब्दुल सत्तार, बार अध्यक्ष राधेश्याम मिश्रा और महामंत्री सिद्धनाथ पाण्डेय ने यह कार्य किया है और यह लोग प्रथमदृष्टया दोषी हैं। इन तीनों के इस कृत्य के लिए इनकी वकालत करने पर रोक लगाते हुए अपने फैसले का अनुपालन सुनिश्चित कराने के लिए इसकी सूचना जिला जज सहित जिलाधिकारी को प्रेषित की है।

### घर में सो रही किशोरी के साथ छेड़खानी, रिपोर्ट दर्ज

बांसी, सिद्धार्थ नगर अमृत विचार। स्थानीय तहसील क्षेत्र अंतर्गत गोल्हौरा थानाक्षेत्र के एक गांव में 12/13 अक्टूबर की रात्रि में घर में सो रही किशोरी के साथ छेड़खानी का मामला प्रकाश में आया है। पीड़िता की मां की तहरीर पर मुकामी थाने की पुलिस ने पॉक्सो एक्ट का केस दर्ज लिया है। और छानबीन में जुटी हुई है। गोल्हौरा थानाक्षेत्र के एक गांव निवासिनी मां ने तहरीर में कहा है कि उसके गांव का श्याम उर्फ पुजारी निषाद पुत्र कन्हैया लाल बीती रात लगभग 1 बजे जबरदस्ती उसकी 17 वर्षीया पुत्री के कमरे में घुस गया और छेड़खानी करने लगा। पुत्री के चिल्लाने की आवाज सुनकर उसके कमरे में गई तो वह उसे धक्का देकर भाग गया।

# चाकू से गोदकर किशोर की हत्या

संवाददाता, गोरखपुर

**अमृत विचार।** खजनी थाना क्षेत्र के डोमारघाट निवासी 15 वर्षीय अंकुर निषाद पुत्र महेंद्र निषाद विजयदशमी का मेला देखने के लिए आया हुआ था कि बीती रात को पुरानी रंजिश में मनबढ़ युवकों ने चाकू से गोदकर कर हत्या कर दी।

घटना की सूचना मिलने पर मौके पर एसपी सिटी अभिनव त्यागी क्षेत्राधिकारी कोतवाली ओंकार दत्त तिवारी राजघाट थाना प्रभारी नित्यानंद पांडे मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर के निर्देश पर एसओजी टीम और राजघाट पुलिस आरोपियों की तलाश में देर रात तक दबिश

**दशहरा मेला देखने आया था पुरानी रंजिश में घटना को दिया गया अंजाम**

देती रही। आखिरकार पुलिस ने पांच आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पकड़े गए आरोपियों की पहचान विकास निषाद, विशाल निषाद, प्रदीप कुमार, जितेंद्र निषाद और सुग्रीव निषाद के रूप में हुई है। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त आलाकत्ल चाकू को भी बरामद कर लिया है। पांचों आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेज दिया है।

सूत्रों की मानें तो मुख्य आरोपी और मृतक के बीच 6 माह पहले विवाद हुआ था, जिसको लेकर मुख्य आरोपी ने ऑनलाइन चाकू भी मंगवाया था और अपने साथियों के साथ मिलकर 12 अक्टूबर की रात विजयदशमी के दिन घटना को अंजाम दिया। फिलहाल पुलिस ने पांचों आरोपियों को गिरफ्तार करके सलाखों के पीछे भेजने की बाद राहत की सांस ली।

गिरफ्तार करने वाली टीम में राजघाट थाना प्रभारी नित्यानंद पांडेय, एसओजी प्रभारी उपनिरीक्षक मनीष यादव, वरिष्ठ उपनिरीक्षक जयप्रकाश सिंह, उपनिरीक्षक विनय कुमार सिंह, उपनिरीक्षक संतोष सिंह उपनिरीक्षक सुरेंद्र यादव, उपनिरीक्षक राज मंगल सिंह, हेड कांस्टेबल राम इकबाल राव, अरुण खरवार, अरुण यादव, कांस्टेबल अर्जुन शर्मा, रवि शंकर पटेल शामिल रहे।

# बाइक पर ले जा रहे थे पटाखे हो गया विस्फोट, दो घायल

शोहरतगढ़/सिद्धार्थनगर

**अमृत विचार।** जिले के थानाक्षेत्र शोहरतगढ़ अन्तर्गत चौकी कोटिया के सिहोरवा गांव में पटाखों के विस्फोट से मोटरसाइकिल सवार दो युवक गम्भीर रूप से घायल हो गये। बताया जाता है कि दोनों घायल युवक पड़ोसी देश नेपाल के निवासी है। वहीं घायलों का सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र शोहरतगढ़ में उपचार चल रहा है।

मालूम हो कि घायल युवकों के पड़ोसी देश नेपाल निवासी दुर्गेश

**नेपाल निवासी दो युवक अस्पताल में भर्ती**

और राहुल के रूप में पहचान हुई है। युवक पटाखों के साथ अन्य किराना का सामान लेकर मोटरसाइकिल से नेपाल जा रहे थे। सूचना पर दी इंचार्ज मौके पर जांच करने के लिए पहुंचे।

वहीं सीओ शोहरतगढ़ सुजीत राय ने बताया कि थानाक्षेत्र शोहरतगढ़ के चौकी कोटिया बाजार के अन्तर्गत मोटरसाइकिल से दो नेपाली व्यक्ति कोटिया बाजार से दुर्गापूजा के दृष्टिगत हाथ से पटकने वाला पटाखा अपने व्यक्तिगत उपयोग के लिए कुछ पीस लेकर नेपाल जा रहे थे कि कोटिया बाजार रास्ते में आपस में पटाखे टकराकर उसमें विस्फोट हो गया। जिससे राहुल गुप्ता के दाहिने पैर में काफी चोट आ गई। दोनों को सीएचसी अस्पताल शोहरतगढ़ भेजवा दिया गया है, उपचार चल रहा है।

मौके पर जांच में यह भी बताया गया कि मोटरसाइकिल का कार्बोरेटर फट जाने की वजह से यह विस्फोट हुआ है।

# क्षत्रिय महासभा ने किया शस्त्रों का पूजन

संवाददाता, सिद्धार्थनगर

**अमृत विचार।** जिलाध्यक्ष भूपनरायन सिंह उर्फ राजन की अध्यक्षता तथा महामंत्री हरेंद्र बहादुर सिंह के संचालन में अखिल क्षत्रिय महासभा द्वारा विजयादशमी के पावन पर्व पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी सिंहेश्वरी मंदिर पर शस्त्र पूजन का आयोजन कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें शस्त्रों का पूजन कराते हुए पं.दिव्यांशु महाराज व पं.शारदा महाराज द्वारा मंत्रोच्चारण करके सिंहेश्वरी मंदिर पर उपस्थित सभी जनसमूह को सम्मोहित कर दिया।

सभा को संबोधित करते हुए हरेंद्र सिंह ने कहा कि आज समाज को शास्त्र के साथ शस्त्र का भी ज्ञान होना आवश्यक

**शास्त्र के साथ शस्त्र का भी ज्ञान होना आवश्यक : हरेंद्र सिंह**

है, इसके लिए सभी समाज के जनों को एकजुट होकर रहना पड़ेगा। सभा में पंडित सुधीर मिश्रा फरसा बाबा ने या कहते हुए सभी का ध्यान आकृष्ट किया कि राष्ट्र को संगठित करने के लिए समाज को संगठित होकर एक मुट्ठी के तौर पर ताकत बनना पड़ेगा। पुरातन काल में हमारे पूर्वज अगर शास्त्र में निपुण थे तो वह रण क्षेत्र में शस्त्रों का भी सफल संचालन करते थे।

मुख्य अतिथि के तौर पर अपने संबोधन में अखंड प्रताप सिंह प्रदेश उपाध्यक्ष अखिल क्षत्रिय महासभा ने योगी जी की स्पष्टवादिता को समाज के लिए एक नीति मानते हुए यह कहा कि अगर हम शस्त्रों का सफल संचालन नहीं करते तो हम विपरीत परिस्थिति आने पर कमजोर पड़ जाएंगे, इसीलिए राम के युद्ध विजय के बाद विजयदशमी के पर्व पर शस्त्रों का पूजन शुभ माना गया है।

सभा में अजय कसौधन अध्यक्ष व्यापार संगठन व महामंत्री भीमचंद कसौधन, अनिल सिंह जिलाध्यक्ष कर्मचारी संघ, रत्नेश सिंह प्रिंस राष्ट्रीय सचिव अखिल क्षत्रीय महासभा, फतेह बहादुर सिंह जिला उपाध्यक्ष, इंद्रेश त्रिपाठी संगठन मंत्री विहिम, स्वामी दिव्यांशु महाराज व्यवस्थापक व शारदा प्रसाद पाण्डेय पुजारी सिंहेश्वरी मन्दिर, राजमंगल पाण्डेय, अखिलेश तिवारी, आनंद सिंह, पं.विजय मिश्र, पं नितिन मिश्र आदि की उपस्थिति रही।

## सार-संक्षेप

### साप्ताहिक सुपरफास्ट एक्सप्रेस ट्रेन का संचालन

गोरखपुर, अमृत विचार। रेलवे प्रशासन द्वारा यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुये बान्द्रा टर्मिनस एवं लालकुआं के मध्य साप्ताहिक सुपरफास्ट एक्सप्रेस ट्रेन का संचालन किया जायेगा। इसके संचालन की शुरुआत 13 अक्टूबर रविवार को बान्द्रा टर्मिनस से 09015 बान्द्रा टर्मिनस–लालकुआं उद्घाटन विशेष गाड़ी को चलाकर किया जा रहा है। 09015 बान्द्रा टर्मिनस–लालकुआं उद्घाटन विशेष गाड़ी 13 अक्टूबर, रविवार को बान्द्रा टर्मिनस से 16.20 बजे प्रस्थान कर बोरीवली से 16.46 बजे, वापी से 18.24 बजे, सूरत से 19.46 बजे, वडोदरा से 21.36 बजे, दूसरे दिन रतलाम से 02.15 बजे, कोटा से 05.40 बजे, सवाई माधोपुर से 07.10 बजे, भरतपुर से 09.30 बजे, मथुरा जं. से 11.05 बजे, हजरत निजामुद्दीन से 13.45 बजे, गाजियाबाद से 14.32 बजे, हापुड़ से 15.20 बजे, अमरोहा से 16.20 बजे, मुरादाबाद से 17.15 बजे, रामपुर से 17.50 बजे तथा रुद्रपुर सिटी से 18.40 बजे छूटकर लालकुआं 19.45 बजे पहुंचेगी। इस गाड़ी में वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी के 2, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी के 6, शयनयान श्रेणी के 6, जनरेटर सह लगेज यान का 1, एसएलआरडी का 1 तथा साधारण द्वितीय श्रेणी के 2 कोचों सहित कुल 18 कोच लगाया गया है। उक्त जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दी।

### स्वच्छता पखवाड़ा के तहत प्रतियोगिताएं आयोजित

गोरखपुर, अमृत विचार। पूर्वोत्तर रेलवे के मुख्यालय, गोरखपुर तथा लखनऊ, वाराणसी एवं इज्जतनगर मंडलों पर 1 से 15 अक्टूबर तक स्वच्छता पखवाड़ा–2024 का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में स्वच्छता पखवाड़ा के तेरहवें दिन 13 अक्टूबर को पूर्वोत्तर रेलवे पर 'स्वच्छ प्रतियोगिता' थीम के अन्तर्गत विभिन्न स्टेशनों पर प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। विभिन्न स्टेशनों पर 'स्वच्छ प्रतियोगिता' थीम के तहत विनिबन्ध, रंगोली, कला प्रतियोगितायें एवं नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों ने बढ़–चढ़ कर प्रतिभाग किया। इस अवसर पर विजेता प्रतिभागियों एवं सफाई मित्रों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। स्वच्छता पखवाड़ा' के अन्तर्गत 14 अक्टूबर को 'सिंगल उपयोग प्लास्टिक का निषेध' थीम के तहत मुख्यालय एवं मंडलों में स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। उक्त जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दी।

### सांसद ने भंडारे में भक्तों को बांटा प्रसाद

शोहरतगढ़/सिद्धार्थनगर, अमृत विचार। विजयदशमी (दशहरा) के पावन अवसर पर शनिवार को कपिलवस्तु विधानसभा क्षेत्र के अन्तर्गत बर्डपुर के वार्ड नं.–9 चैनपुर में सांसद जगदम्बिका पाल ने सहयोगी जिला पंचायत सदस्य बबलू साहनी द्वारा श्रीश्री नव दुर्गा पूजा समिति के दौरान आयोजित भण्डारे में सम्मिलित होकर मां के भक्तों को प्रसाद वितरण कर प्रसाद ग्रहण किया। वहीं आयोजित भण्डारे के दुर्गा पूजा पंडाल में माता के भक्तों को सम्बोधित करते हुए सांसद जगदम्बिका पाल ने कहा कि अगर भारत में जम्मू से कन्याकुमारी तक कोई लगातार तीन बार भारत का प्रधानमंत्री बना है तो वो नरेन्द्र मोदी हैं और उप्र के जिले में लगातार चौथी बार सांसद बना है तो वो आपका बेटा जगदम्बिका पाल। पाल ने कहा कि मोदी व योगी का सपना है कि 2047 तक भारत एक विकसित राष्ट्र बनें। उन्होंने कहा मेरा और मेरे जीवन का क्षण–क्षण और समय का पल–पल सिद्धार्थनगर के लिये हमेशा समर्पित रहेगा और मोदी व योगी के विकसित भारत बनने के सपने का साकार करने का प्रयास करता रहूंगा। इस दौरान सभी सम्मानित ग्रामवासी एवं क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

# धूमधाम से विसर्जित की गईं मां की प्रतिमाएं

संवाददाता, शोहरतगढ़/सिद्धार्थनगर,

**अमृत विचार।** शारदीय नवरात्रि के पावन पर्व के समापन पर शोहरतगढ़ के ग्रामीण क्षेत्रों में अस्थाई रूप से स्थापित की गईं मां दुर्गा जी प्रतिमाएं को शनिवार के दिन बड़े ही धूमधाम से शान्तिपूर्वक नदी में विसर्जित किया गया।

शोहरतगढ़ क्षेत्र के नरौड़ा गांव में नवमी के दिन अयोध्या धाम से पधारे पंडित विनय कुमार तिवारी ने विधि विधान से माता जी का पूजन-अर्चन श्रद्धालुओं से करवाकर हवन करवाए, फिर माता की स्तुति कर ग्रामीणों ने माता की विदाई की। विसर्जन के दिन माता दर्शन, विशाल भंडारा, माता की झांकी का गांव में भ्रमण और फिर महादेव मन्दिर के पास डोई नदी पर आरती के साथ माता के मूर्ति का विसर्जन किया गया। विसर्जन के दिन शोहरतगढ़ की पुलिस लोगों की सुरक्षा में लगी रही। इस दौरान शोहरतगढ के थानाध्यक्ष विन्देशरी मणि त्रिपाठी, प्रधान संघ जिला अध्यक्ष डॉ. पवन मिश्रा, गणेशकान्त उपाध्याय, उपेन्द्र नाथ उपाध्याय, रमेश कुमार पाण्डेय, धर्मेन्द्र नाथ उपाध्याय, नागेन्द्र नाथ उपाध्याय, राकेश कुमार उपाध्याय, विवेक उपाध्याय, अरुण कुमार उपाध्याय, संजय मिश्रा, रामदेव यादव सहित सैकड़ों माता के भक्त विसर्जन के समय नदी पर उपस्थित रहे।

### पुलिस ने पैदल गश्त कर की सौहार्द की अपील

सिद्धार्थनगर, अमृत विचार। जनपदीय पुलिस द्वारा प्रतिमा विसर्जन के दृष्टिगत अपने–अपने थाना क्षेत्रों में पैदल गश्त कर लोगों से आपस में सौहार्द बनाये रखने की अपील की गयी। पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह, पुलिस अधीक्षक के आदेश के क्रम में दुर्गापूजा व प्रतिमा विसर्जन के दृष्टिगत जनपद में शान्ति व्यवस्था बनाये रखने हेतु अपर पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जनपद के क्षेत्राधिकारी, प्रभारी निरीक्षक थानाध्यक्ष द्वारा अपने–अपने सर्किल थाना क्षेत्रों में पड़ने वाले चिह्नित हॉट स्पाट पर एवं उसके आस–पास के क्षेत्रों में पैदल गश्त चेकिंग किया गया तथा आमजनमानस में सुरक्षा का एहसास कराते हुये जनसंवाद स्थापित किया गया व आपस में सौहार्द बनाये रखने हेतु अपील की गयी।



पैदल गश्त करते पुलिसकर्मी।

# पंडालों की साज-सज्जा ने श्रद्धालुओं का मन मोहा

संवाददाता, गोरखपुर

**अमृत विचार।** शहर से लेकर गांव तक दशहरा तथा दुर्गा पूजा पर्व पर दुर्गाबाड़ी, धर्मशाला, अलीनगर, बरगदवा अन्य जगहों पर माता के जयकारे गूंजते रहे। कुछ जगहों पर यह देखा गया कि शनिवार के दिन ही मूर्ति विसर्जन किया गया। वही कुछ जगहों पर रविवार के दिन मूर्ति विसर्जन किया गया। बताते चलें कि गोरखपुर शहर में गांव से लेकर शहर तक मां दुर्गा की प्रतिमा विभिन्न जगहों पर सजाया गया। शनिवार के दिन मां की प्रतिमाओं का दर्शन करने के लिए श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। दुर्गाबाड़ी में हर साल की तरह इस वर्ष भी श्रद्धालुओं ने मां का दर्शन लाइन में लगकर किया। वहीं दसरी तरफ चिलूवाताल थाना क्षेत्र अंतर्गत बरगदवा चौराहा तथा महेशरा पुल के पास भी विसर्जन करने वाले भक्तों की कतार लगी रही। वहीं देखने को यह भी मिला कि पंडालों की साज सज्जा ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया।



माता के पंडाल की भव्य सजावट।

तैयारी — पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के लिए कार्यशाला आयोजित

# भाजपा के सक्रिय सदस्यता अभियान को सफल बनाएं कार्यकर्ता

संवाददाता, सिद्धार्थनगर

**अमृत विचार।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाये जा रहे सदस्यता अभियान के पश्चात 16 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक चलने वाले सक्रिय सदस्यता अभियान के निमित्त भाजपा जिला कार्यालय पर जिलाध्यक्ष कन्हैया पासवान के अध्यक्षता में जिला कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में मुख्य अतिथि गोरखपुर क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष सहजानंद राय उपस्थित रहे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि ने कहा, भाजपा के सदस्यता अभियान के निमित्त 16 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक चलने वाले सक्रिय सदस्यता अभियान में सभी पार्टी पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि व कार्यकर्ता लगकर कार्यक्रम को सफल बनायें। सहजानंद राय ने कहा, सभी मंडलों से 100 सक्रिय सदस्य बनाना अनिवार्य है, कार्यकर्ता निर्माण से ही पार्टी बड़ी बनती है।

आज भाजपा विश्व की सबसे पार्टी बनी है, जिसका श्रेय पार्टी के देवतुल्य कार्यकर्ताओं को जाता हैं। क्षेत्रीय अध्यक्ष सहजानंद राय ने समय से अपना लक्ष्य पूर्ण करने पर सांसद जगदंबिका पाल व पूर्व मंत्री डॉ. सतीश द्विवेदी को सम्मानित किया। कार्यक्रम के उपरांत जिला प्रभारी हरि चरण कुशवाहा ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम का समापन किया।

उक्त अवसर पर सांसद जगदंबिका पाल, पूर्व मंत्री डॉ. सतीश द्विवेदी, सदस्यता प्रमुख राम कुमार कुंवर, पूर्व जिला अध्यक्ष बृज बिहारी मिश्रा लालजी त्रिपाठी, सह सदस्यता प्रमुख अरविंद उपाध्याय, मंगल चौरसिया, जिला उपाध्यक्ष दीपक मौर्य, घनश्याम मिश्र, जिला महामंत्री विजयकांत चतुर्वेदी, मधुसूदन अग्रहरि, विपिन सिंह, जिला मंत्री अजय उपाध्याय, फतेबहादुर सिंह, जिला मिडिया प्रभारी निशांत पांडेय, चेयरमैन विकास जायसवाल, हेमंत जायसवाल, नगर अध्यक्ष महेश वर्मा आदि लोग उपस्थित रहे।



जिला कार्यालय पर आयोजित कार्यशाला को संबोधित करते पार्टी के पदाधिकारी। अमृत विचार

# बृजभूषण तिवारी ने हमेशा अन्याय का विरोध किया था : मणेन्द्र मिश्रा

संवाददाता, सिद्धार्थनगर

**अमृत विचार।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, पूर्व सांसद बृजभूषण तिवारी की 83वीं जयंती शोहरतगढ़ विधानसभा क्षेत्र में बढ़नी ब्लॉक के मढ़नी चौराहे पर मनाई गई।

इस अवसर पर बृजभूषण तिवारी के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया गया। जयंती पर आयोजित विचार गोष्ठी को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि समाजवादी शिक्षक सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मणेन्द्र मिश्रा 'मशाल' ने कहा कि बृजभूषण

**पूर्व सांसद की 83वीं जयंती पर अर्पित की गई श्रद्धांजलि**

तिवारी समाजवाद के यूनिवर्सिटी थे। सपा संस्थापक मुलायम सिंह यादव के अनन्य सहयोगी के रूप में वे आजीवन विचारधारा को मजबूत करते रहे। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव उनका बड़ा सम्मान करते थे।

एक नेता, जनप्रतिनिधि, आजीवन एक विचारक, लेखक और वकील के रूप में बृजभूषण तिवारी ने हमेशा अन्याय का विरोध किया था। कार्यक्रम का संचालन मसूद खान ने किया।

गोष्ठी में प्रमुख रूप से सर्वश्री इब्राहिम बाबा लोकतंत्र रक्षक सेनानी, जयकरन गौतम राष्ट्रीय सचिव समाजवादी अनुसूचित प्रकोष्ठ, शकील शाह जिला अध्यक्ष अल्पसंख्यक सभा, जावेद अहमद प्रदेश सचिव, सेक्टर प्रभारी हरिनाथ यादव, शारिब खान, राष्ट्रीय सचिव छात्रसभा अजय चौरसिया एवं अतुल शुक्ला, मैनेजर इफ्तिखार, बरसाती, छेदी प्रधान, जहीर आलम, मजहर, विजय यादव, मारूफ, अब्दुल मन्नान, जलाल अहमद, मलिक राम यादव, प्रदीप, पंकज कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# धनघटा के आधा दर्जन गांव अब भी बाढ़ के पानी से घिरे

## निकास न होने से बना हुआ है जलजमाव, लोग परेशान



धनघटा तहसील क्षेत्र के खेतों में भरा बाढ़ का पानी। अमृत विचार

संवाददाता, धनघटा, संतकबीरनगर

**अमृत विचार।** धनघटा तहसील क्षेत्र के आधा दर्जन गांवों में जल निकासी की व्यवस्था नहीं होने से गांवों के चारों तरफ बाढ़ के पानी से भारी जल जमाव हो गया है। जिसके कारण तमाम जल जनित बीमारियों के फैलने का खतरा बढ़ गया है तो वहीं किसानों के खेतों में पक कर हो चुकी तैयार फैसलें भी बर्बाद हो गई हैं।

तहसील क्षेत्र के मौर, बहरा डांड़ी, कंचनपुर, भौवा पार, गुणवतिया, खदहा, खैरगाढ़, खड़गपुर, चकदहा, सरेया आदि गांवों में आज भी बाढ़ का पानी भरा हुआ है। ग्रामीणों का कहना है कि कम्हरिया घाट पर बने पुल में जल निकासी की व्यवस्था नहीं होने के कारण दर्जनों गांवों से बाढ़ का पानी निकलने की कोई स्थाई व्यवस्था नहीं है। जिसके कारण जल जमाव की स्थिति बनी रहती है। ग्रामीण बलिंदर उर्फ पप्पू, हरिराम, अमरजीत, रामनयन, चंद्रभान, इंद्रेश, रंजीत कुमार, रोशन, सूर्यबली, कृष्ण मोहन, अरुण शुक्ला, भोलेनाथ आदि लोगों ने बताया कि तहसील प्रशासन के द्वारा जल निकासी की व्यवस्था तत्काल कराई जाय। अन्यथा हम सभी ग्रामीणों को उच्च अधिकारियों से लेकर मुख्यमंत्री तक पहुंच कर अपनी समस्याओं से अवगत कराना पड़ेगा। समस्या का समाधान नहीं होने पर हम ग्रामीणों को मजबूरन धरना प्रदर्शन करने के लिए बाध्य होना पड़ेगा। जिसकी सारी जिम्मेदारी शासन और प्रशासन की होगी।

### पानी पीने को लेकर हुआ विवाद केस दर्ज

**सांथा, संतकबीरनगर, अमृत विचार।** बेलहर कला थानाक्षेत्र के ग्राम भेड़ौरा पिकौरा में पानी पीने के विवाद को लेकर दो पक्ष भिड़ गए। एक पक्ष के चार लोगों ने दूसरे पक्ष के एक व्यक्ति को मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। तहरीर में राजपाल निवासी भेड़ौरा पिकौरा ने कहा कि रविवार सुबह पानी पीने को लेकर विपक्षी सुनील, अनिल, स्वामीनाथ और अजय से कहासुनी हो गई। विवाद बढ़ने पर आरोपियों ने उसे मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। उनका इलाज बेलहर सीएचसी पर कराया गया। पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है।

## मूर्ति विसर्जन के समय युवक डूबा, तलाश जारी

**कुशीनगर, अमृत विचार:** छोटी गण्डक नदी के कप्तानगंज थाना क्षेत्र के राम जानकी घाट पर मूर्ति विसर्जन के दौरान आशीष अग्रहरि (19) पुत्र राजेश्वर अग्रहरी शनिवार रात मूर्ति विसर्जन में गया था। जो मूर्ति विसर्जन के दौरान 5 बच्चे मूर्ति के साथ ही गिर गए। चार युवक तो तैरकर बाहर आ गए लेकिन आशीष का कहीं पता नहीं चला। पुलिस प्रशासन स्थानीय लोगों व एनडीआरएफ टीम के माध्यम से जाल लगाकर लगभग दस किलोमीटर तक खोज बिन किया गया। लेकिन युवक का अभी तक पता नहीं चला सकता। मौके पर अपर जिलाधिकारी वैभव मिश्रा, उप जिलाधिकारी योगेश्वर सिंह, तहसीलदार दिनेश कुमार, एसओ राजकुमार वरवार मौजूद रहे।

# कबीरदास आज भी समाज के लिए प्रासंगिक

संवाददाता, मगहर, संतकबीरनगर



कबीर अकादमी का अवलोकन करतीं कुलपति डॉ. प्रतिभा गोयल।

### दौरा

▸▸ अवधविवि अयोध्या की कुलपति डॉ. प्रतिभा गोयल ने किया कबीर चौरा का दर्शन

**अमृत विचार।** सदगुरू कबीर दास के विचार समाज के लिए प्रासंगिक थे और हमेशा रहेंगे। उनके विचारों को जीवन में उतारने मात्र से मनुष्य का जीवन सफल हो सकता है। आज कबीर दास जी की समाधि का दर्शन करके धन्य हो गई।

उक्त बातें अवध विश्वविद्यालय अयोध्या की कुलपति डाक्टर प्रतिभा गोयल ने रविवार को कबीर समाधि और मजार पर मत्था टेकने के बाद कही। कहा कि कबीर दास जी समाज से भेदभाव को मिटाने का कार्य जीवन भर करते रहे। उनके विचार हमारे जीवन के लिये प्रेरणादायी हैं। जिसका अनुसरण करने मात्र से मानव जीवन को सफल बनाया जा सकता है। कबीर ने समाज की बुराइयों को दूर करने के लिए आजीवन संघर्ष किया था। उन्होंने कहा कि कबीर दास जी एक ऐसे सूफी संत हुए जिन्होंने सभी धर्मों के लोगों को समझाने का प्रयास किया। वह दिखावे के सख्त विरोधी रहे। उनकी रचनाओं का अध्ययन कर अपने जीवन को सद्मार्ग पर ले जाया जा सकता है। कहा कि कबीर दास हमेशा समाज में व्याप्त ऊंच नीच, बाह्याडंबर और कुरीतियों के शख्त विरोधी थे। कबीर ने अपने भाषा शैली की बदौलत समाज की दिशा और दशा को बदलने का प्रयास किया। जिससे मानव समाज में आपसी प्रेम और सद्भाव बना रहे। उन्होंने कहा कि कबीर ने समाज से जाति-पांति, वर्गभेद और धर्म सम्प्रदाय को मिटा कर एक सूत्र में बांधने की वकालत किया। जिससे मानवता को सही दिशा मिल सके। इस मौके पर समाधि के पुजारी डॉक्टर हरिशरण दास ने उन्हें कबीर चौरा परिसर सहित कबीर के बारे में विस्तार से जानकारी दिया। कुलपति ने संत कबीर अकादमी का भी निरीक्षण किया। इस मौके पर महंत विचार दास, रामशरण दास वैद्य, अतुल सिंह, विजय तिवारी, केशव दास, अजय पांडेय, विनोद दास सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# शहर में नहीं चलेंगे डीजल वाले टैक्सी वाहन

संवाददाता, बस्ती

**अमृत विचार।** शहर की आबोहवा शुद्ध करने में परिवहन विभाग ने भी एक कदम बढ़ाया है। आने वाले दिनों में शहरी क्षेत्र में चलने वाले फ्यूल बेस (डीजल से चलने वाले) टैक्सी वाहन धीरे-धीरे खत्म हो जाएंगे। क्योंकि नई व्यवस्था में अब डीजल से चलने वाले ऑटो एवं अन्य टैक्सी वाहनों को शहरी क्षेत्र में परमिट नहीं दिया जाएगा। यहां केवल सीएनजी और बैट्री चालित ऑटो एवं टैक्सी वाहनों को ही शहरी क्षेत्र में चलने के लिए परमिट मिल सकेगी।

परिवहन विभाग में डीजल से चलने वाले ऑटो वाहनों की संख्या पांच हजार से अधिक हो गई है। इसमें ज्यादातर ऑटो शहर में ही चलाए जा रहे हैं। तीन पहिया ऑटो वाहनों को शहर के आसपास के रूटों पर 15 किमी तक परमिट निर्गत की जा रही है। अब इस व्यवस्था रोक लगेगी। शहरी से 16 किमी के दायरे में किसी भी रूट पर डीजल चालित ऑटो वाहन एवं अन्य किसी टैक्सी वाहन को किसी भी रूट पर परमिट नहीं दी जाएगी। इस दायरे से बाहर ग्रामीण अंचल में इन वाहनों को परमिट निर्गत की जाएगी। शहरी क्षेत्र में सिर्फ सीएनजी एवं बैट्री चालित ऑटो वाहन को ही परमिट मिल सकेगी। इससे शहर को प्रदूषण से बचाया जा सकता है।

नई व्यवस्था में शहरी क्षेत्र में डीजल चालित ऑटो वाहनों को परमिट न मिलने से इसके बिक्री पर भी असर पड़ेगा। जानकार बताते हैं कि सीएनजी एवं बैट्री चालित वाहनों की बिक्री बढ़ जाएगी। अनुमान से ज्यादा खरीदारी होने लगेगी।

### कंपनियां बनाने लगीं सीएनजी व बैट्री चालित वाहन

ऑटोमोबाइल सेक्टर की विभिन्न कंपनियों ने अपनी एजेंसी के माध्यम से सीएनजी एवं बैट्री चालित ऑटो वाहनों को बाजार में उतार दिया है। लेकिन, अभी इसके खरीदार कम मिल रहे हैं। शहरी क्षेत्र के लोग तो इसे पसंद कर रहे हैं लेकिन, आसपास के ग्रामीण इलाके के लोग डीजल चालित वाहन ही खरीद रहे हैं। महसो के रामजनक बताते हैं कि सीएनजी एवं बैट्री चालित वाहन सिर्फ शहर में ही सफल है। क्योंकि ग्रामीण अंचल में सीएनजी पंप न के बराबर है। वहीं बैट्री चालित वाहन के लिए अच्छी सड़क होनी चाहिए। यह भी ग्रामीण क्षेत्र में नहीं है। इसलिए हम लोग डीजल चालित वाहन ही चलाते हैं।

> डीजल चालित ऑटो वाहनों को शहरी क्षेत्र में 16 किमी के दायरे में किसी भी रूट पर नई परमिट नहीं दी जाएगी। अभी सिर्फ परमिट पर रोक लगी है। आदेश के पूर्व तक जिन वाहनों का परमिट जारी हो चुका है उनका संचालन किया जा सकता है। प्रदूषण की दृष्टि से विभाग ने यह फैसला लिया है। जब परमिट जारी नहीं होगा तो आगे चलकर अपने आप प्रदूषण मुक्त वाहनों का चलन बढ़ जाएगा। **–पंकज सिंह,** एआरटीओ, प्रवर्तन

## लोगों ने फोरलेन को ही बना लिया पार्किंग स्थल

**बस्ती, अमृत विचार।** बड़ेबन से कंपनीबाग तक प्रस्तावित फोरलेन सड़क बनने के साथ अतिक्रमण की चपेट में आ गई है। इस मार्ग पर सड़क निर्माण के लिए पीडब्ल्यूडी ने 22 मीटर जमीन कब्जे में ले लिया है। लेकिन जैसे-जैसे सड़क बनकर तैयार हो रही है, वैसे वैसे किनारे स्थित मकान, दुकान, कार्यालय के के लोग फोरलेन सड़क को ही पार्किंग स्थल बना लिए हैं। अब यहां बनी हुई सड़क पर दो पहिया, चार पहिया गाड़ी खड़ी हो रही है। पीडब्ल्यूडी के एक्सईएन इं. अवधेश प्रसाद ने कहा कि नवनिर्मित सड़क पर वाहन खड़ा कर अतिक्रमण करने का मामला संज्ञान में आया है। हरहाल में विभाग अपनी सड़क को खाली कराएगा।

# श्रद्धा व हर्षोल्लास के साथ विसर्जित की गईं प्रतिमाएं



दुर्गा पूजा पंडाल में मौजूद श्रद्धालु। अमृत विचार

संवाददाता कुशीनगर

**अमृत विचार:** शारदीय नवरात्र के बाद दशहरे के दिन पूजा पंडालों व घरों में स्थापित अधिकांश मां दुर्गा की प्रतिमाओं का विसर्जन शनिवार को श्रद्धा और हर्षोल्लाह के साथ किया गया। जगह-जगह विसर्जन जुलूस निकाले गए।

दुर्गा पूजा समिति के लोगों तथा अन्य अतिथियों ने प्रतिमा विसर्जन जुलूस को झंडी दिखाकर रवाना किया। परंपरागत मार्गो से होता हुआ विसर्जन जुलूस छोटी गंडक नदी के हेतिमपुर घाट, मवन नाला, मझना नाला, खिरकिया घाट, सहित अन्य महत्वपूर्ण घाटों व तटों पर पहुंचा। इस दौरान श्रद्धालु डीजे, ढोल नगाड़े की धुन पर नाचते गाते प्रतिमाओं को विसर्जित किया। हाटा नगर पालिका क्षेत्र में स्थापित 193 प्रतिमाओं में 96 का विसर्जन हेतिमपुर के छोटी गंडक नदी में किया गया। वहीं पडरौना, कसया, रामकोला, कप्तानगंज, अहिरौली, फाजिल नगर, सेवरही, खड्डा, तमकुही राज थाना क्षेत्र समेत ज़िले के अन्य क्षेत्रों में भी जुलूस निकालकर प्रतिमाओं का विसर्जन पुलिस प्रशासन व स्थानीय जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में देर शाम तक किया गया।

### 16 अक्टूबर तक रूट डायवर्जन लागू

**कुशीनगर, अमृत विचार:** कुशीनगर में दशहरा पर्व और मूर्ति विसर्जन को ध्यान में रखते हुए जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज व पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा द्वारा लगातार क्षेत्र में निरीक्षण किया जा रहा है। पडरौना व कसया नगर पालिका क्षेत्रों में 16 अक्टूबर तक रूट डायवर्जन लागू किया गया है। वहीं यातायात पुलिस ने निर्देश जारी किए हैं कि सभी वाहन चालकों को निर्धारित मार्गों से ही आवागमन करना होगा। यह कदम भीड़-भाड़ को नियंत्रित करने और यातायात को सुचारु रूप से संचालित करने के लिए उठाया गया है।

# नम आंखों से दुर्गा प्रतिमाओं का किया विसर्जन



भण्डारे में प्रसाद वितरित करते सदर विधायक, डीएम और नगरपालिका चेयरमैन।



गाजे-बाजे के साथ विसर्जन जुलूस निकालते श्रद्धालु। अमृत विचार

संवाददाता, संतकबीरनगर

**अमृत विचार।** नौ दिनों तक पाण्डालों में स्थापित दुर्गा प्रतिमाओं की भक्ति भाव से पूजा आराधना भजन कीर्तन करने के बाद विजय दशमी पर्व पर गाजे-बाजे और भक्तिमय नारों के बीच नम आंखों से जिले की विभिन्न नदियों और अस्थाई जलाशयों में विसर्जन कर दिया गया।

शहर से लेकर गांव तक विसर्जन जुलूस की भव्यता देखते ही बन रही थी। स्त्री, पुरुष, बच्चे और बुजुर्ग सभी उत्साह में नाच रहे थे। प्रतिमाओं के विसर्जन के समय सभी की आंखें नम थीं। सभी ने मां दुर्गा को अगले बरस फिर सेवा करने का आशीर्वाद मांगा। बताते चलें कि इस वर्ष जिले में कुल 1211 जगहों पर दुर्गा प्रतिमाएं स्थापित की गई थीं। अधिकांश प्रतिमाओं को शनिवार को विजय दशमी के दिन विसर्जित करा दिया गया जबकि कुछ प्रतिमाएं सोमवार को और बस्ती जनपद से सटे कुछ जगहों पर स्थापित प्रतिमाएं पूर्णिमा के दिन विसर्जित कराई जाएंगी। मूर्ति विसर्जन को लेकर प्रशासन ने जबरदस्त इंतजाम किया था। चप्पे-चप्पे पर तैनात सुरक्षा कर्मी बड़ी शालीनता के साथ लोगों को सुरक्षा प्रदान करने और यातायात ब्यवस्था संभालने में जुटे थे। जनपद मुख्यालय पर स्थापित दर्जनों प्रतिमाओं को नगर भ्रमण कराने के बाद देर शाम मगहर के लिए प्रस्थान कराया गया। यहां मगहर और उसके आसपास स्थापित प्रतिमाओं को नगर भ्रमण कराते हुए विसर्जन स्थल पर पहुंचाया गया। सभी प्रतिमाओं को आमी नदी के तट पर बनाए गए अस्थाई पोखरे में नम्बर से विसर्जित कराया गया। विसर्जन का दौर देर रात तक चलता रहा। इस मौके पर चेयरमैन प्रतिनिधि नूरूज्जमा अंसारी, ईओ वैभव सिंह, सभासद अवधेश सिंह, पुलिस क्षेत्राधिकारी खलीलाबाद अजीत चौहान, कोतवाली प्रभारी सतीश सिंह समेत तमाम लोग मौजूद रहकर ब्यवस्था दुरुस्त कराने में जुटे रहे।

### कन्या पूजन के बाद भण्डारे की हुई शुरुआत

**संतकबीरनगर।** विजय दशमी महापर्व पर समय माता मंदिर पर कन्या पूजन और विशाल भण्डारे का आयोजन किया गया। सदर विधायक अंकुर राज तिवारी और जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर ने समय माता मंदिर सेवा समिति के अध्यक्ष अमरनाथ रुंगटा के साथ मंदिर परिसर में कन्या पूजन कर उन्हें भोजन कराकर दान दक्षिणा देकर आशीर्वाद लिया। बाद में सदर विधायक, जिलाधिकारी और नगरपालिका चेयरमैन जगत जायसवाल ने विशाल भण्डारे का शुभारंभ कराया। यहां हजारों भक्तों ने भण्डारे का प्रसाद ग्रहण किया।

### जुलूस के दौरान बिजली कटौती से लोगों में आक्रोश

**संतकबीरनगर।** शनिवार की शाम 5 बजे जनपद मुख्यालय पर विसर्जन जुलूस निकाला गया। जुलूस में सबसे आगे समय माता मंदिर पर स्थापित प्रतिमाएं चल रही थीं। जैसे ही विसर्जन जुलूस गोलाबाजार में पहुंचा बिजली काट दी गई। बिजली कटौती के चलते जुलूस वाहनों और डीजे पर लगी लाइटों के सहारे ही सम्पन्न कराया गया। जिसके चलते लोगों को भारी दुश्वारियां झेलनी पड़ी। बिजली कटौती को लेकर आयोजन समितियों और आम नागरिकों में गहरी नाराजगी देखी गई।

### धनघटा व मेंहदावल क्षेत्रों में भी निकले जुलूस

**मेंहदावल/धनघटा, संतकबीरनगर।** मां दुर्गा की 9 दिनों तक उपासना के बाद शानिवार को धूमधाम से भक्तों ने क्षेत्र के विभिन्न मूर्ति विसर्जन स्थलों पर मां दुर्गा प्रतिमाओं को विसर्जित किया। भक्त माता की मूर्तियों को वाहनों में रखकर डीजे की धार्मिक धुनों पर थिरकते हुए मूर्ति विसर्जन स्थल के पास पहुंचे। यहां उन्होंने विधि-विधान के साथ माता की मूर्तियों को विसर्जित किया। शारदीय नवरात्र के समापन के दौरान भक्तों ने पंडालों में सजाई मां की झांकियों में विधि-विधान से हवन-पूजन करने के बाद वाहनों पर माता की मूर्तियों को सजाकर गुलाल उड़ाते हुए आमी नदी, राजघाट आमी नदी, झुडिया पुल, गोनहा घाट, भगौसा और सुल्तानगर में मूर्तियां विसर्जित किया। विसर्जन के दौरान पुलिस की तगड़ी व्यवस्था रही। इसी प्रकार से धनघटा तहसील क्षेत्र में भी भब्यता पूर्वक विसर्जन जुलूस निकाले गए। यहां घाघरा, कुआनो और कठनइया नदी के विभिन्न घाटों समेत तमाम अस्थाई में मूर्तियों को परम्परागत तरीके से विसर्जित किया गया। बिजली कटौती को लेकर आयोजन समितियों और आम नागरिकों में गहरी नाराजगी देखी गई।

## सार-संक्षेप

### प्रदेश उपाध्यक्ष ने लोगों को दिलाई भाजपा की सदस्यता



ग्रामीणों को भाजपा की सदस्यता दिलाते प्रदेश उपाध्यक्ष संतोष सिंह।

**संवाददाता, संतकबीरनगर, अमृत विचार।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष और विधान परिषद सदस्य संतोष सिंह ने रविवार को जिले के भुजैनी गांव में सदस्यता अभियान के अंतर्गत सैकड़ो ग्रामीणों को भारतीय जनता पार्टी का सदस्य बनाया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष और विधान परिषद सदस्य संतोष सिंह ने कहा कि आज भारतीय जनता पार्टी से जुड़ कर लोग गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। भाजपा देश के एकलौती पार्टी है जो राष्ट्रवाद और विकास पर एक साथ काम करती है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश निरंतर आगे बढ़ रहा है। कार्यकर्ताओं का आह्वान करते हुए उन्होंने कहा कि सभी लोग अपने-अपने गांव में सदस्यता अभियान चलाकर हर व्यक्ति को भारतीय जनता पार्टी से जोड़ें और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों को मजबूत करें। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष भाजपा जगदम्बा लाल श्रीवास्तव, जिला प्रभारी अजय सिंह गौतम, ब्लॉक प्रमुख पौली राममिलन यादव, जिला महामंत्री गणेश पांडेय, जिला मंत्री ज्ञानेंद्र मिश्र, ओमप्रकाश यादव, मीडिया प्रभारी समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

### विद्यार्थी विज्ञान मंथन ऑनलाइन परीक्षा 24 व 27 को

**बस्ती, अमृत विचार।** भारत सरकार के राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) तथा राष्ट्रीय विज्ञान संग्रहालय परिषद, कोलकाता के सहयोग से विज्ञान भारती द्वारा आयोजित देश के सबसे बड़े ओलंपियाड विद्यार्थी विज्ञान मंथन में प्रतिभाग कर छात्र-छात्राएं देशभर के उत्कृष्ट शोध संस्थानों में भ्रमण करने और स्कॉलरशिप प्राप्त करने का अवसर पा सकते हैं। इसमें प्रतिभाग करने हेतु कक्षा 6 से 11 तक में पढ़ने वाले छात्र-छात्राएं vvm .org .in वेबसाइट पर जाकर अपना रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं। ऑनलाइन परीक्षा में शामिल होकर विभिन्न प्रकार की सुविधायें प्राप्त कर सकते हैं। यह जानकारी देते हुए विद्यार्थी विज्ञान मंथन के प्रांत समन्वयक डॉ सर्वेष्ट मिश्र ने बताया कि छात्र छात्राओं के बीच विज्ञान को लोकप्रिय बनाने के लिए यह एक राष्ट्रीय कार्यक्रम है जिसकी परिकल्पना छात्रों में वैज्ञानिक योग्यता वाले प्रतिभाशाली बच्चों की पहचान करने के लिए की गई है। इसका मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में शुद्ध विज्ञान के प्रति रुचि पैदा करना, स्कूली बच्चों को पारंपरिक से आधुनिक तक, विज्ञान और प्रौद्योगिकी की दुनिया में भारत के योगदान के बारे में शिक्षित करना, वैज्ञानिक सोच रखने वाले छात्रों की पहचान करने के लिए प्रतियोगी परीक्षाएं आयोजित करना, कार्यशालाओं और अन्य आयोजनों के माध्यम से छात्रों को व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान करना, छात्रों को विज्ञान के क्षेत्र में अपनी शिक्षा को आगे बढ़ाने के लिए तैयार करने के लिए सलाहकार प्रदान करना, राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर सफल विद्यार्थियों की पहचान कर उन्हें सम्मानित करना तथा विजेताओं के लिए देश के विभिन्न अनुसंधान एवं विकास संस्थानों में एक्सपोज़र विजिट आयोजित करना है।

**दशहरा पर्व** धनघटा तहसील के हैंसर बाजार गांव में 10 दिनों से चल रही रामलीला, बेहतरीन मंचन देख रोमांचित हुए दर्शक

# रावण वध होते ही जय श्रीराम के उद्घोष से गूंज उठा पंडाल



शक्ति बाण लगने पर लक्ष्मण का सिर गोद में रखकर विलाप करते श्रीराम।

संवाददाता, धनघटा, संतकबीरनगर

**अमृत विचार।** धनघटा तहसील के हैंसर बाजार गांव में 10 दिनों से चल रही रामलीला मेला का समापन दशहरे के दिन किया गया। इस दौरान श्रीराम ने रामेश्वरम पुल का निर्माण कर लंका पर चढ़ाई किया और असत्य पर सत्य की जीत के लिए, उन्होंने रावण का वध किया। रावण का वध होते ही जय श्रीराम के उद्घोष से पूरा पंडाल गूंज उठा।

हैंसर गांव विगत पांच दशकों से 10 दिवसीय रामलीला मेले का आयोजन होता आ रहा है। शनिवार को दशहरे के दिन भगवान श्री राम ने वह लंका पर चढ़ाई के लिए रामेश्वरम पुल की स्थापना किया। पूरी लंका को हनुमान ने अपनी पूंछ से जलाकर तहस-नहस कर दिया। जब पूरी लंका धू धू जलने लगी तो रावण को कुछ सूझ नहीं रहा था। उसके बाद भी वह घमंड में चूर था बार-बार भगवान राम के आग्रह के बाद भी सीता माता को वापस कर नहीं किया।

अंत में श्रीराम ने पूरी सेना समेत रावण का वध किया और सीता को वापस अपने साथ ले आए। राम की भूमिका उमेश गोस्वामी, लक्ष्मण की भूमिका सूरज कुमार, रावण की भूमिका फागू, कुंभकरण की भूमिका शिवनाथ, मेघनाथ की भूमिका जय राम, अहिरावण की भूमिका राम अवतार सिंह, सत्यनारायण ने हनुमान की भूमिका ने निभाई। इस मौके पर अपनी पूरी टीम के साथ नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि नीलमणि, बबलू अग्रहरि, टिंकू सैनी, शिव प्रसाद मद्धेशिया, रंजीत, दिलीप कुमार, अजीत कुमार, राहुल मद्धेशिया, अभिषेक अग्रहरी, मिंटू जायसवाल, गगनदीप, मुकेश कुमार, शुभम सिंह, अवधेश उपाध्याय, सुशील कुमार सहित तमाम लोग मौजूद रहे।



पडरौना के ऐतिहासिक रामलीला मैदान में रावण का पुतला दहन करते राज्यसभा सांसद कुंवर आरपीएन सिंह।

### रामलीला मैदान में रावण का पुतला दहन

**कुशीनगर, अमृत विचार:** विजयादशमी के पावन अवसर पर शनिवार की शाम पडरौना के ऐतिहासिक रामलीला मैदान में रावण के पुतले का दहन राज्यसभा सांसद कुंवर आरपीएन सिंह ने किया। यहां रावण दहन की परंपरा सदियों से चली आ रही। कुंवर आरपीएन सिंह ने कहा कि चाहे चुनौतियां कितनी भी बड़ी क्यों न हों, अंत में जीत सत्य, धर्म और न्याय की ही होती है। तमकुही राज में भी रावण के पुतले का दहन किया गया। वहीं हाटा के ढाढा में वर्षो से चली आ रही परंपरा के अनुसार रावण का पुतला दहन कर भव्य मेले का आयोजन किया गया।

# बुनियादी ढांचे में बदलाव लाने वाली पहल

## पीएम गतिशक्ति : प्रधानमंत्री मोदी बोले- विकसित होने के लक्ष्य की ओर तेजी से बढ़ रहा भारत

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि पीएम गतिशक्ति नेशनल मास्टर प्लान भारत के बुनियादी ढांचे में क्रांतिकारी बदलाव लाने के उद्देश्य से परिवर्तनकारी पहल के रूप में उभरा है तथा इससे विभिन्न क्षेत्रों में तेज और प्रभावी विकास हुआ है। पीएम गतिशक्ति नेशनल मास्टर प्लान (पीएमजीएस-एनएमपी) विभिन्न आर्थिक क्षेत्रों को मल्टी-मॉडल कनेक्टिविटी उपलब्ध कराने को 13 अक्टूबर 2021 को शुरू किया गया था। पीएम गतिशक्ति सात इंजनों - रेलवे, सड़क, बंदरगाह, जलमार्ग, हवाईअड्डे, बड़े पैमाने पर परिवहन और लॉजिस्टिक्स बुनियादी ढांचे द्वारा संचालित है।



- इसमें रेलवे, सड़क, बंदरगाह, जलमार्ग हवाईअड्डे, परिवहन आदि
- 13 अक्टूबर 2021 को नेशनल मास्टर प्लान हुआ था शुरू

मोदी ने एक्स पर कहा कि पीएम गतिशक्ति नेशनल मास्टर प्लान भारत के बुनियादी ढांचे में क्रांति लाने के उद्देश्य से परिवर्तनकारी पहल के रूप में उभरा है। इसने मल्टीमॉडल कनेक्टिविटी को महत्वपूर्ण रूप से बढ़ाया है, जिससे विभिन्न क्षेत्रों में तेज और अधिक प्रभावी विकास हुआ है। उन्होंने कहा कि विभिन्न हितधारकों के निर्बाध एकीकरण से लॉजिस्टिक्स को बढ़ावा मिला है, विलंब कम हुआ है और कई लोगों के लिए नए अवसर उत्पन्न हुए हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि गतिशक्ति के कारण भारत विकसित भारत के हमारे सपने को पूरा करने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। यह प्रगति, उद्यमशीलता और नवाचार को प्रोत्साहित करेगा। मोदी ने एक्स पर पोस्ट में केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल को भी टैग किया। गोयल ने इस पहल के तीन साल पूरे होने पर इसकी सराहना की।

### योजना निभा रही महत्वपूर्ण भूमिका : गोयल



गोयल ने कहा कि आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा मल्टीमॉडल कनेक्टिविटी के लिए पीएम गतिशक्ति नेशनल मास्टर प्लान शुरू किए तीन साल पूरे हो गए हैं। लॉजिस्टिक्स को सुव्यवस्थित करने और कनेक्टिविटी को आगे बढ़ाकर, यह अग्रणी पहल तेजी से और अधिक कुशल परियोजना कार्यान्वयन सुनिश्चित करती है। उन्होंने कहा कि यह एक आधुनिक, परस्पर जुड़े बुनियादी ढांचे के नेटवर्क को विकसित करने, विकसित भारत के निर्माण के दृष्टिकोण को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

## हड़ताली लोगों को हिरासत में लेना लोकतंत्र पर धब्बा

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने रविवार को लद्दाख भवन के बाहर केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख को संविधान की छठी अनुसूची में शामिल करने की मांग को लेकर जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक के नेतृत्व में छह अक्टूबर से भूख हड़ताल कर रहे 20 प्रदर्शनकारियों को हिरासत में ले लिया। एक प्रदर्शनकारी ने बताया कि प्रदर्शनकारियों को मंदिर मार्ग पुलिस थाना ले जाया गया है। सोनम वांगचुक ने वीडियो संदेश जारी कर लोगों को हिरासत में लिए जाने की घटना को लोकतंत्र पर धब्बा बताया है।



- छह अक्टूबर से भूख हड़ताल कर रहे 20 लोगों को दिल्ली पुलिस ने हिरासत में लिया

पुलिस ने इससे पहले कहा था कि हिरासत में लिए गए लोगों में सोनम वांगचुक भी शामिल है लेकिन बाद में नई दिल्ली पुलिस उपायुक्त ने स्पष्ट किया कि हिरासत में लिए लोगों में जलवायु कार्यकर्ता शामिल नहीं हैं। पुलिस उपायुक्त (नयी दिल्ली) देवेश महाला ने कहा कि हमने कुछ छात्रों को लद्दाख भवन के बाहर से हिरासत में लिया है। सोनम वांगचुक उनमें शामिल नहीं हैं।

## एक सैनिक की जिंदगी दूसरे से अधिक मूल्यवान क्यों : राहुल

नई दिल्ली, एजेंसी



- अग्निपथ योजना पर फिर प्रधानमंत्री और रक्षा मंत्री से पूछे सवाल दो अग्निवीरों की मौत पर सरकार को घेरा

महाराष्ट्र के नासिक में प्रशिक्षण के दौरान दो अग्निवीरों की मौत के बाद विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने सरकार को घेरते हुए रविवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से पूछा कि एक सैनिक की जिंदगी दूसरे सैनिक की तुलना में अधिक मूल्यवान क्यों है। उन्होंने पूछा कि अग्निवीर के रूप में शहीद हुए दो सैनिकों के परिवारों को अन्य शहीद सैनिकों के समान पेंशन और लाभ क्यों नहीं मिलेंगे? उन्होंने कहा कि वह इस अन्याय के खिलाफ लड़ते रहेंगे।

गांधी ने कहा कि नासिक में प्रशिक्षण के दौरान दो अग्निवीर गोहिल विश्वराजसिंह और सैफत शित की मौत एक दर्दनाक घटना है। उनके परिवारों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं हैं। राहुल ने एक्स पर एक पोस्ट में पूछा कि यह घटना एक बार फिर अग्निवीर योजना पर गंभीर सवाल उठाती है, जिनका जवाब देने में भाजपा सरकार असफल रही है। क्या गोहिल और सैफत के परिवारों को समय पर मुआवजा मिलेगा, जो किसी अन्य जवान की शहादत के बराबर हो? उन्होंने पूछा कि अग्निवीरों के परिवारों को पेंशन और अन्य सरकारी सुविधाओं का लाभ क्यों नहीं मिलेगा? जब दोनों ही सैनिकों की जिम्मेदारियां और बलिदान समान हैं, तो उनकी शहादत के बाद यह भेदभाव क्यों? गांधी ने कहा कि अग्निपथ योजना सेना के साथ अन्याय और जवानों की शहादत का अपमान है। प्रधानमंत्री और रक्षा मंत्री को जवाब देना चाहिए कि क्यों एक सैनिक की जिंदगी दूसरे सैनिक से अधिक मूल्यवान है? आइए इस अन्याय के खिलाफ खड़े हों।

### एक नजर

#### आबकारी घोटालाः व्यवसायी की जमानत पर सुनवाई आज

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय सोमवार को कथित दिल्ली आबकारी नीति घोटाले से संबंधित धनशोधन मामले में हैदराबाद के व्यवसायी अभिषेक बोइनपल्ली की जमानत पर सुनवाई करेगा। वाद सूची के अनुसार न्यायमूर्ति एमएम सुन्दरेश और न्यायमूर्ति अरविंद कुमार की पीठ द्वारा इस मामले पर सुनवाई किये जाने की संभावना है।

#### हेलीकॉप्टर क्रैशः 40 दिन बाद अरब सागर में मिला शव

**धर्मशाला।** गुजरात के पोरबंदर में देश सेवा के दौरान शहीद हुए हिमाचल के कांगड़ा के पायलट राकेश राणा का शव 40 दिन बाद बरामद हो गया है। राकेश (38) अरब सागर में लापता हो गए थे। राणा, कांगड़ा के चढ़ियार क्षेत्र के बरवाल खड्ड गांव के निवासी थे। उनका हेलीकॉप्टर दो सितंबर को गुजरात में भारी बारिश के बीच राहत कार्यों के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हो गया था।

#### गुजरात के उप-जेल में कैदी ने आत्महत्या की

**हिम्मतनगर।** गुजरात के साबरकांठा जिले के हिम्मतनगर उप-जेल में 24 वर्षीय विचाराधीन कैदी ने बैरक के शौचालय में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने रविवार को बताया कि घटना शनिवार सुबह को हुई है। हिम्मतनगर जिला कारागार के अधीक्षक जेजी चावड़ा ने बताया कि विपुल मथासूलिया ने शनिवार सुबह आत्महत्या कर ली है।

## सोशल मीडिया पोस्ट को लेकर पत्नी और सास की कर दी हत्या

अगरतला, एजेंसी

- शुक्रवार की देर रात यात्री ट्रेन खड़ी मालगाड़ी से टकरा गई थी

पश्चिम त्रिपुरा में एक व्यक्ति ने सोशल मीडिया पोस्ट को लेकर पत्नी और सास की हत्या कर दी। पुलिस ने रविवार को बताया कि आरोपी एक साल से पत्नी से अलग रह रहा था। इसने बताया कि सिपाहीजाला जिले के मधुपुर निवासी 51 वर्षीय आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

पुलिस ने बताया कि आरोपी दो बेटों के साथ मधुपुर में रह रहा था जबकि उसकी पत्नी डेढ़ साल से पश्चिमी त्रिपुरा जिले के नेताजीनगर में मां के साथ थी। आरोपी की पत्नी ने उसके खिलाफ तलाक का मामला दायर किया हुआ था। एसपी किरण कुमार ने बताया कि रविवार को उसकी पत्नी ने दुर्गा पूजा के दौरान अपने दो पुरुष मित्रों के साथ खींची तस्वीरें सोशल मीडिया पर अपलोड की थीं, जिसके बाद आरोपी ने इस वारदात को अंजाम दिया।

## 4.5 करोड़ की हेरोइन जब्त, चार गिरफ्तार

**गुवाहाटी।** असम के करीमगंज जिले से रविवार को 4.5 करोड़ मूल्य का मादक पदार्थ जब्त कर चार लोगों को गिरफ्तार किया गया। अभियान का नेतृत्व करने वाले करीमगंज के एसपी पार्थ प्रोतिम दास ने बताया कि सूचना के बाद मिजोरम से आ रहे एक वाहन को चेवली बील क्षेत्र में रोका गया। गहन तलाशी के बाद वाहन से 548.82 ग्राम (48 साबुन के डिब्बे) हेरोइन बरामद हुई। हमने इस संबंध में चार लोगों को गिरफ्तार भी किया है।वाहन मिजोरम में पंजीकृत था और आइजोल से आ रहा था।

## राव इंद्रजीत सिंह ने बगावत की खबरों को किया खारिज

**चंडीगढ़।** केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के खिलाफ उनके बगावत करने की खबरों को रविवार को खारिज किया और कहा कि वह अपनी पार्टी के साथ मजबूती से खड़े हैं।

- केंद्रीय मंत्री बोले- वह भाजपा के साथ मजबूती से खड़े हैं

सिंह ने एक्स पर कहा कि कुछ चैनल पर निराधार खबरें चलाई जा रही हैं, जिनमें मुझे नौ विधायकों के साथ बगावती दिखाया जा रहा है। यह सब तथ्यहीन, निराधार है। मैं और मेरे सभी साथी विधायक भाजपा के साथ मजबूती से खड़े हैं। हाल में संपन्न हरियाणा विधानसभा चुनाव में भाजपा ने 48 सीट जीतकर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया, जो कांग्रेस द्वारा जीती गईं सीट से 11 अधिक है। वहीं, जजपा और आप जैसे दलों का सफाया हो गया और इनेलो को सिर्फ दो सीट मिलीं।

## जम्मू-कश्मीर जैसे आधे राज्य को चलाने में उमर ले सकते हैं सलाह : केजरीवाल

डोडा (जम्मू-कश्मीर), एजेंसी



- बोले- दिल्ली को आधा राज्य इसलिए कहा जाता है क्योंकि मुख्यमंत्री के पास सीमित शक्तियां हैं

आप नेता अरविंद केजरीवाल ने रविवार को नेशनल कॉन्फ्रेंस के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला को विधानसभा चुनाव जीतने पर बधाई दी और कहा कि अगर जम्मू-कश्मीर जैसे आधे राज्य को चलाने में समस्या आती है तो उमर उनसे सलाह ले सकते हैं।

केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली को आधा राज्य इसलिए कहा जाता है कि मुख्यमंत्री के पास सीमित शक्तियां हैं। अब भाजपा ने जम्मू-कश्मीर को भी आधा राज्य बना दिया है, जिसका मतलब है कि निर्वाचित सरकार के पास न्यूनतम, जबकि उपराज्यपाल के पास अधिक शक्तियां हैं। केजरीवाल ने कहा कि मैं उमर से कहना चाहता हूं कि अगर उन्हें कोई कठिनाई आती है, तो मुझसे सलाह ले सकते हैं, क्योंकि मैंने दिल्ली में 10 साल तक सरकार चलाई है। केजरीवाल आप के मेहराज मलिक को जम्मू-कश्मीर में सदस्य चुने जाने पर डोडा में थे।

## महाराष्ट्र की जनता परिवर्तन को लेकर उत्सुक : शरद पवार

**मुंबई।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) प्रमुख शरद पवार ने रविवार को कहा कि महाराष्ट्र के लोग राजनीतिक बदलाव को उत्सुक हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि आगामी राज्य विधानसभा चुनाव के नतीजों में यह भावना प्रतिबिंबित होगी। महा विकास आघाडी (एमवीए) के अन्य घटकों के नेताओं के साथ संवाददाता सम्मेलन में पवार ने दावा किया कि महायुति शासन के तहत राज्य प्रशासन का मनोबल गिर गया है जबकि महाराष्ट्र प्रशासन को देश में सर्वश्रेष्ठ माना जाता था। उन्होंने कहा कि हम लोगों को वर्तमान सरकार से मुक्ति दिलाना चाहते हैं और मुझे विश्वास है कि वे हमारा समर्थन करेंगे। उन्होंने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में एमवीए लोकसभा चुनाव जैसा प्रदर्शन दोहराएगा।

- पवार ने कहा- हम वर्तमान सरकार से लोगों को मुक्ति दिलाना चाहते हैं

## असम में 4.2 तीव्रता के भूकंप के झटके महसूस किए गए

**गुवाहाटी।** असम के उत्तर-मध्य हिस्से में रविवार सुबह 4.2 तीव्रता के भूकंप के झटके महसूस हुए। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र ने बताया कि ब्रह्मपुत्र के उत्तरी किनारे पर उदलगुडी जिले में सुबह सात बजकर 47 मिनट पर भूकंप के झटके महसूस किए गए। भूकंप का केंद्र गुवाहाटी से 105 किमी उत्तर और असम-अरुणाचल सीमा के पास तेजपुर से 48 किमी पश्चिम में स्थित था। आसपास के दरांग, तामुलपुर, सोनितपुर, कामरूप और बिश्वनाथ जिलों में भूकंप के झटके लगे।

## 77 चिकित्सकों ने दी सामूहिक इस्तीफे की चेतावनी

### आरजी कर मामला

कोलकाता, एजेंसी

प. बंगाल में कल्याणी जेएनएम हॉस्पिटल के 75 से अधिक वरिष्ठ चिकित्सकों ने मृतक चिकित्सक के लिए न्याय की मांग करते हुए सामूहिक इस्तीफा देने की चेतावनी दी और मांगों को लेकर आमरण अनशन पर बैठे चिकित्सकों के प्रति एकजुटता व्यक्त की।

अस्पताल के कुल 77 चिकित्सकों ने 14 अक्टूबर से काम बंद करने के फैसले के बारे में बंगाल स्वास्थ्य विश्वविद्यालय के पंजीयक को ईमेल से सूचित किया है। उन्होंने इस कदम के पीछे मानसिक अशांति और वर्तमान मनः स्थिति में काम करने में असमर्थता की वजह बतायी है। चिकित्सकों ने कहा कि वे आमरण अनशन कर रहे कनिष्ठ चिकित्सकों के प्रति एकजुटता जताते हैं, जिनकी सेहत बिगड़ रही है।

### चिकित्सकों की भूख हड़ताल का आज नौवां दिन

**कोलकाता।** आरजी कर अस्पताल की घटना के बाद मांगों को लेकर जूनियर चिकित्सकों का आमरण अनशन रविवार को नौवें दिन भी जारी है। राज्य के कई हिस्सों में लोग अनशनकारियों के साथ एकजुटता दिखाने के लिए सांकेतिक उपवास कर रहे हैं। कोलकाता और राज्य के उत्तरी हिस्से में स्थित सिलीगुड़ी शहर में आमरण अनशन कर रहे चिकित्सकों में से अब तक तीन को हालत बिगड़ने के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### भाजपा ने चिकित्सकों को दिया समर्थन दिया

भाजपा की पश्चिम बंगाल इकाई ने रविवार को जारी चिकित्सकों के विरोध प्रदर्शन को समर्थन देने की घोषणा की और कार्यकर्ताओं से प्रदर्शन में शामिल होने का आह्वान किया। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री सुकांत मजूमदार ने प्रदर्शन कर रहे चिकित्सकों का समर्थन करने का वादा करते हुए आरोप लगाया कि राज्य सरकार मुख्यमंत्री ममता बनर्जी संग हुई बैठक में बनी सहमति से पीछे हट रही है।

## डीयू के 12 कॉलेजों के लिए 100 करोड़ जारी

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार ने उसके द्वारा वित्तपोषित डीयू के 12 कॉलेजों के लिए 100 करोड़ जारी किए हैं। आप ने रविवार को कहा कि सरकार ने 2024-25 के लिए कॉलेजों के वास्ते लगभग 400 करोड़ रुपये का बजटीय प्रावधान किया है। 100 करोड़ रुपये का कोष तीसरी तिमाही के लिए है। मुख्यमंत्री आतिशी ने कहा कि अरविंद केजरीवाल के मार्गदर्शन में शिक्षा हमेशा आप सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता रही है। दिल्ली में केजरीवाल सरकार बनने के बाद से हर साल बजट का बड़ा हिस्सा शिक्षा को समर्पित किया गया है।

# कारोबार/कृषि

### लखनऊ मंडी

अनाज प्रति कुन्तल गेहूँ (आरआर 21) 2360-2800 गेहूँ (के 65) 3500-3800 बाजरा 2200-2300 मक्का 2700-2800 जौ 2900-3000 चावल प्रति कुन्तल चावल सेल्हा 2800-3100 चावल बासमती 7000-8000 चावल मोटा 2800-3000 चावल मन्सूरी 3200-3500 चावल शक्कर चीनी 4800-5200 चावल गोल्डन सेल्हा 5600-8600 चावल राजरानी 7000-7500 दाल दलहन चना देशी 6800-7000 चना फार्मी 7200-7500 चना काबली 14500-17000 मटर हरा 6000-620 मटर सफेद 6100-6500 दाल चना 8000-8400 दाल मटर 6400-6500 उड़द हरा 12000-12500 उड़द काला 9000-9500 दाल उड़द हरी 15500-16000 दाल उड़द काली 10500-11000 दाल उड़द धोवा 12000-12500 मूँग खड़ा 10000-10500 मूँग दाल 10500-11000 मूँग धोवा 12000-13000 मसूर 8800-9000 मलका 9000-9500 दाल अरहर फूल 16000-17000 दाल स्पेशल 13000-14000 राज्मा सफेद 13000-14000 राज्मा काला 11500-12500 मूँगफली का दाना 11000-12000 तेल तिलहन अलसी 5310-5510 लाही 4800-5200 काली सरसों 4900-5300 पीली सरसों 5600-5800 तेल सरसों (प्रति 15) 1475-1900 तेल अलसी 2600-2700 तेल तिल्ली 2600-2700 तेल मूँगफली रिफाइन्ड 3400-3500 तेल नारियल 2700-2800 तेल सोयाबीन 1650-1700 वनस्पति बावर्ची 1900 रथ 1950 चीनी (एम 30) 4250 चीनी (एस 30) 4100 गुड़ पंसेरा 5000 गुड लड्डू 5200 मैदा 3000-3100 आटा 2700-2900

### सर्राफा

लखनऊ

| | |
|---|---|
| सोना स्टैंडर्ड | 77,950 |
| सोना रवा | 77,800 |
| सोना गिन्नी (प्रति नग) | 42,500 |
| चांदी तैयार | 93,100 |
| चांदी (999) | 93,000 |
| चांदी सिक्के (100 नग) | 80,000 |

# कंपनियों के वित्तीय परिणाम पर होगी बाजार की नजर

## निवेशक सीपीआई और डब्ल्यूपीआई के आंकड़ों पर भी करेंगे विचार

- वैश्विक स्तर पर तनावों, कच्चे तेल की कीमतों और विदेशी कोषों पर होगा मंथन

नई दिल्ली, एजेंसी

कंपनियों के वित्तीय परिणाम, विदेशी निवेशकों का रुख और मुद्रास्फीति के आंकड़े इस सप्ताह शेयर बाजार की दिशा तय करेंगे। वहीं, वैश्विक स्तर पर जारी संकट के बीच कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव पर भी बाजार की नजर रहेगी।

रेलिगेयर ब्रोकिंग लि. के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) अजीत मिश्रा ने कहा कि आने वाले सप्ताह में बाजार की दिशा काफी हद तक कंपनियों के वित्तीय परिणाम पर निर्भर करेगी। इस दौरान रिलायंस इंडस्ट्रीज, इन्फोसिस, एचडीएफसी बैंक, एक्सिस बैंक और एचसीएल टेक्नोलॉजीज जैसी प्रमुख कंपनियां अपने परिणाम जारी करने वाली हैं। वृहद आर्थिक मोर्चे पर निवेशक सोमवार को जारी होने वाले सितंबर के सीपीआई (उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति) और डब्ल्यूपीआई (थोक मूल्य सूचकांक आधारित) मुद्रास्फीति के आंकड़ों पर नजर रखेंगे। निवेशक वैश्विक स्तर पर जारी तनावों, विशेष रूप से कच्चे तेल की कीमतों और विदेशी कोषों के रुख पर भी करीबी नजर रखेंगे। मिश्रा ने कहा कि इस सप्ताह सीपीआई और डब्ल्यूपीआई मुद्रास्फीति सहित प्रमुख घरेलू आर्थिक आंकड़े भी जारी होने वाले हैं। उन्होंने कहा कि विदेशी निवेशकों की बिकवाली के दबाव के कारण बीते सप्ताह की शुरुआत गिरावट के साथ हुई, लेकिन बाद के सत्रों में नुकसान को सीमित करने में मदद मिली।

### विदेशी निवेशकों ने 58,711 करोड़ रुपये निकाले

**नई दिल्ली।** विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक अक्टूबर में शुद्ध बिकवाल रहे और इस महीने अब तक 58,711 करोड़ रुपये बाजार से निकाले। इजराइल और ईरान के बीच बढ़ते संघर्ष, कच्चे तेल की कीमतों में तेज वृद्धि और चीनी बाजार के मजबूत प्रदर्शन से विदेशी निवेशकों ने बिकवाली की। इससे पहले, विदेशी निवेशकों ने सितंबर में 57,724 करोड़ रुपये का निवेश किया था। यह नौ महीने का उच्चतम स्तर था। डिपोजिटरी के अनुसार अप्रैल-मई में 34,252 करोड़ निकालने के बाद, जून से विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने इक्विटी बाजार में पैसा लगाया। कुल मिलाकर, जनवरी, अप्रैल और मई को छोड़कर, एफपीआई इस साल शुद्ध खरीदार रहे हैं। मॉर्निंगस्टार इन्वेस्टमेंट रिसर्च इंडिया के हिमांशु श्रीवास्तव ने कहा कि आने वाले समय में वैश्विक स्तर पर होने वाली गतिविधियां और ब्याज दर को लेकर स्थिति जैसे वैश्विक कारक भारतीय शेयर बाजारों में विदेशी निवेश के प्रवाह को निर्धारित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।



### देश की 10 में से सात प्रमुख कंपनियों की पूंजी 1.22 लाख करोड़ घटी

**नई दिल्ली।** देश की शीर्ष 10 मूल्यवान कंपनियों में से सात का बाजार पूंजीकरण पिछले सप्ताह संयुक्त रूप से 1,22,107.11 करोड़ रुपये घट गया। इसमें सबसे ज्यादा नुकसान टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज और रिलायंस इंडस्ट्रीज को हुआ। शेयर बाजार में कमजोर रुख के अनुरूप प्रमुख कंपनियों के बाजार पूंजीकरण पर इसका असर दिखा। आईटी कंपनी टीसीएस का बाजार मूल्यांकन 35,638.16 करोड़ कम होकर 15,01,723.41 करोड़, रिलायंस इंडस्ट्रीज 21,351.71 करोड़ घटकर 18,55,366.53 करोड़, आईटीसी 18,761.4 करोड़ घटकर 6,10,933.66 करोड़, हिंदुस्तान यूनिलीवर लि. 16,047.71 करोड़ घटकर 6,53,315.60 करोड़, एलआईसी 13,946.62 करोड़ घटकर 6,00,179.03 करोड़, आईसीआईसीआई बैंक 11,363.35 करोड़ घटकर 8,61,696.24 करोड़, एचडीएफसी बैंक 4,998.16 करोड़ घटकर 12,59,269.19 करोड़ रुपये रहा। हालांकि, भारती एयरटेल का बाजार मूल्यांकन 26,330.84 करोड़ बढ़कर 9,60,435.16 करोड़, इन्फोसिस 6,913.33 करोड़ बढ़कर 8,03,440.41 करोड़ और भारतीय स्टेट बैंक का बाजार पूंजीकरण 3,034.36 करोड़ रुपये बढ़कर 7,13,968.95 करोड़ रुपये रहा। बाजार पूंजीकरण के लिहाज से रिलायंस इंडस्ट्रीज सबसे मूल्यवान घरेलू कंपनी रही। इसके बाद टीसीएस, एचडीएफसी, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई, इन्फोसिस, एसबीआई, हिंदुस्तान यूनिलीवर, आईटीसी और एलआईसी का स्थान रहा।

- टीसीएस और रिलायंस इंडस्ट्रीज को सबसे ज्यादा नुकसान

# एनएफओ : म्यूचुअल फंड में निवेश के नए मौके

एनएफओ, यानी न्यू फंड ऑफर, एक नई म्यूचुअल फंड स्कीम है, जिसे म्यूचुअल फंड कंपनियां सीमित अवधि के लिए प्रस्तुत करती हैं। इसका मुख्य उद्देश्य निवेशकों से धन जुटाना होता है, जिसका उपयोग विभिन्न वित्तीय उपकरणों जैसे कि स्टॉक्स और बांड्स में किया जाता है। एनएफओ में निवेश करने से निवेशक उच्च संभावित रिटर्न प्राप्त कर सकते हैं, लेकिन इसके साथ ही मार्केट रिस्क और फंड मैनेजर की निर्णय क्षमता पर निर्भरता जैसे जोखिम भी जुड़े हुए होते हैं। इस लेख में हम एनएफओ के लाभ और जोखिमों पर विस्तृत से चर्चा करेंगे....



### एनएफओ का म्यूचुअल फंड से संबंध

- **नई स्कीम :** एनएफओ नई म्यूचुअल फंड स्कीम है। यह तब शुरू होती है जब म्यूचुअल फंड कंपनी पोर्टफोलियो में नए एसेट्स जोड़ना चाहती है।
- **इक्विटी और डेट फंड्स :** इसमें निवेश का तरीका इस पर निर्भर करता है कि यह इक्विटी, डेट या हाइब्रिड फंड है।
- **प्रारंभिक निवेश :** एनएफओ के दौरान, निवेशक एक निश्चित अवधि (आमतौर पर कुछ सप्ताह) के लिए फंड में निवेश कर सकते हैं।

### लाभ का सुनहरा अवसर

- **उच्च संभावित रिटर्न :** यदि फंड अच्छी कंपनियों में निवेश करता है, तो यह दीर्घकालिक में उच्च रिटर्न दे सकता है। खासकर इक्विटी फंड्स में।
- **डाइवर्सिफिकेशन :** एनएफओ के माध्यम से विभिन्न कंपनियों या एसेट्स में निवेश कर सकते हैं, जिससे पोर्टफोलियो का रिस्क कम होता है।
- **कम प्रारंभिक निवेश :** एनएफओ में न्यूनतम निवेश की आवश्यकता कम होती है, जिससे नए निवेशकों के लिए प्रवेश करना आसान होता है।
- **प्रोफेशनल मैनेजमेंट :** म्यूचुअल फंड में पेशेवर फंड मैनेजर्स द्वारा फंड का प्रबंधन किया जाता है, जो निवेश के निर्णय लेते हैं।

### जोखिम को लेकर रहे सचेत

- **मार्केट रिस्क :** निवेश के समय, यदि बाजार में गिरावट है तो आपके निवेश का मूल्य कम हो सकता है। मार्केट की अस्थिरता महत्वपूर्ण जोखिम है।
- **फंड मैनेजर पर निर्भरता :** फंड का प्रदर्शन काफी हद तक फंड मैनेजर के निर्णय पर निर्भर होता है। गलत निर्णय से नुकसान हो सकता है।
- **परिवर्तनशीलता :** एनएफओ में विभिन्न प्रकार के एसेट्स हो सकते हैं, जिससे उनका मूल्य उतार-चढ़ाव कर सकता है।

# कोल इंडिया का सरकारी खजाने में योगदान 0.6 प्रतिशत घटा

नई दिल्ली, एजेंसी

कोल इंडिया का चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही में सरकारी खजाने में योगदान सालाना आधार पर 0.6% की गिरावट के साथ 28,930.27 करोड़ रुपये रहा। कोयला मंत्रालय के अस्थायी आंकड़ों के अनुसार, कोल इंडिया ने वित्त वर्ष 2023-24 की अप्रैल-सितंबर अवधि में सरकारी खजाने में 29,122.13 करोड़ रुपये का योगदान दिया था।

सितंबर में सरकार को भुगतान किये शुल्क भी आलोच्य अवधि में 11.1% घटकर 4,335.24 करोड़ रुपये रहा। एक साल पहले 2023-24 के इसी महीने में यह 4,878.84 करोड़ रुपये था। चालू वित्त वर्ष में अप्रैल-सितंबर में सरकारी खजाने को भुगतान किये गये कुल 28,930.27 करोड़ रुपये में से, सबसे ज्यादा 6,452.30 करोड़ रुपये झारखंड सरकार को मिले। इसके बाद ओडिशा का स्थान रहा जिसे 6,383.14 करोड़ रुपये मिले। छत्तीसगढ़ को 5,432.02 करोड़, मध्य प्रदेश को 5,177.41 करोड़ तथा महाराष्ट्र को 2,782.25 करोड़ रुपये प्राप्त हुए।



- सालाना आधार पर की मामूली गिरावट के साथ 28,930.27 करोड़ रुपये रहा

## कॉल सेंटर के बिना काम कर रही फ्लाई91, डिजिटल पर जोर

**नई दिल्ली।** सात महीने पहले उड़ान सेवा शुरू करने वाली फ्लाई91 अपने परिचालन को आगे बढ़ा रही है। हालांकि इस क्षेत्रीय एयरलाइन के पास यात्रियों के लिए कॉल सेंटर नहीं है। गोवा स्थित कंपनी का जोर डिजिटल तकनीक पर है और उसने परिचालन शुरू करने से पहले प्राथमिकताओं की एक सूची तैयार की।

फ्लाई91 ने कुछ चीजों को खत्म करने का फैसला किया, जो पारंपरिक रूप से एयरलाइन करती हैं। फ्लाई91 के मुख्य प्रौद्योगिकी अधिकारी प्रसन्ना सुब्रमण्यम ने कहा कि हम जानबूझकर उस रास्ते (कॉल सेंटर न होने) पर जाना चाहते थे। उन्होंने कहा कि कॉल सेंटर न होने से लागत में भारी बचत होती है और यह लाभ भी देता है, क्योंकि बचत का इस्तेमाल कहीं और नए डिजिटल एप्लिकेशन बनाने के लिए किया जा रहा है। फ्लाई91 ने 18 मार्च को उड़ान भरना शुरू किया था और इस समय यह दो एटीआर72 - 600 विमानों का संचालन करती है।

# सिनर ने जीता शंघाई मास्टर्स का खिताब

**शंघाई, एजेंसी**



● शीर्ष रैंकिंग पर काबिज यानिक ने जोकोविच को सीधे सेटों में हराया

‹‹ ट्रॉफी के साथ यानिक सिनर और नोवाक जोकोविच।

शीर्ष रैंकिंग पर काबिज यानिक सिनर ने रविवार को यहां 24 बार के ग्रैंडस्लैम चैंपियन नोवाक जोकोविच को सीधे सेटों में हराकर शंघाई मास्टर्स टेनिस टूर्नामेंट का खिताब अपने नाम किया। इटली के इस खिलाड़ी ने आठ ऐस और 22 विनर लगाकर जोकोविच को 7-6 (4), 6-3 से शिकस्त दी। जोकोविच ने चार ऐस और 12 विनर लगाये जबकि सिनर ने एक भी ब्रेक प्वाइंट का सामना नहीं किया।

जोकोविच यहां टूर स्तर के अपने 100वें खिताब की कोशिश में जुटे थे। जिमी कोनोर्स और रोजर फेडरर ही पुरुष टेनिस में शतक के खिताबी आंकड़े को पार कर पाये हैं। कोनोर्स ने 109 जबकि फेडरर ने 103 टूर स्तर के खिताब जीते हैं। वहीं महिलाओं के वुहान ओपन फाइनल में दूसरी रैंकिंग की आर्यना सबालेका का सामना सातवीं रैंकिंग पर काबिज झेंग किनवेन से होगा। सबालेंका इस सत्र में चौथा खिताब हासिल करने का प्रयास कर रही हैं जिसमें उन्होंने आस्ट्रेलियाई ओपन और अमेरिकी ओपन ग्रैंडस्लैम भी जीते हैं। सबालेंका ने सेमीफाइनल में फॉर्म में चल रही कोको गॉफ को 1-6, 6-4, 6-4 से शिकस्त देकर जबकि पेरिस ओलंपिक की चैंपियन किनवेन ने 51वीं रैंकिंग की वांग जिन्यु को 6-3, 6-4 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया।

# इमर्जिंग टीम एशिया कप में तिलक वर्मा करेंगे इंडिया ए की अगुवाई

**मुंबई, एजेंसी**

● 18 से शुरु होगा पुरुष टी-20 इमर्जिंग एशिया कप

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने ओमान में होने वाले पुरुष टी-20 इमर्जिंग एशिया कप के लिए 15 सदस्यीय इंडिया ए टीम की घोषणा कर दी गई है। 18 अक्टूबर से शुरु होने वाले पुरुष टी-20 इमर्जिंग एशिया कप में तिलक वर्मा इंडिया ए का नेतृत्व करेंगे।

अब तक भारत के लिए चार एकदिवसीय और 16 टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैच खेल चुके तिलक के अलावा टीम में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेल चुके अभिषेक शर्मा और राहुल चाहर भी टीम में जगह दी गई हैं। टीम में इंडियन प्रीमियर लीग में शानदार प्रदर्शन करने वालो खिलाड़ियों को शामिल किया गया हैं। भारत 19 अक्तूबर को पाकिस्तान के खिलाफ अपना पहला मैच खेलेगा। इस ग्रुप में ओमान और यूएई भी शामिल है। यह पहली बार होगा जब यह टूर्नामेंट टी-20 प्रारूप में खेला जाएगा। पांच संस्करण एकदिवसीय प्रारूप में खेले गए थे। भारत ने 2013 में इसका प्रथम संस्करण अपने नाम किया था जबकि पिछले दो बार से पाकिस्तान यह ट्रॉफी जीतता आ रहा है। 2023 में भारत को फाइनल में पाकिस्तान से हार का सामना करना पड़ा था।

# शाहबाज-मुकेश ने यूपी को सस्ते में समेटा

**कार्यालय संवाददाता, लखनऊ**

**रणजी ट्राफी -तीसरा दिन**



अर्धशतक लगाकर बल्ला उठाए पश्चिम बंगाल के बल्लेबाज सुदीप।

**अमृत विचार :** मुकेश कुमार व शाहबाज अहमद की शानदार गेंदबाजी की बदौलत पश्चिम बंगाल ने उत्तर प्रदेश के खिलाड़ियों को विकेट पर ज्यादा देर तक नहीं टिकने दिया और पूरी पारी 293 रन पर समाप्त कर दी। पश्चिम बंगाल ने पहली पारी में 311 रन बनाए थे। तीसरे दिन का खेल खत्म होने तक पश्चिम बंगाल ने दूसरी पारी में बिना विकेट खोकर 141 रन बना लिये। इसके साथ ही अब उसकी कुल बढ़त को 160 रन पहुंच गई है। मुकेश व शाहबाज ने 4-4 विकेट लिए।

इकाना स्टेडियम में उत्तर प्रदेश ने आज तीन विकेट पर 198 रन से आगे का खेल शुरू किया। कप्तान आर्यन जुयाल महज दो रन और जोड़कर मुकेश कुमार की गेंद पर एलबीडब्ल्यू हुए। पांचवा विकेट 207 रन के योग पर गिरा। लखनऊ के अनुभवी बल्लेबाज अक्शदीप नाथ बिना खाता खोले ही लौट गए। इसके बाद सिद्धार्थ ने एक छोर तो संभाल लिया लेकिन दूसरे छोर से विकेट नियमित अंतराल पर गिरते रहे। 292 रनों के योग पर यूपी टीम सिमट गई।

सिद्धार्थ यादव ने 127 गेंदों में 73 रनों की शानदार पारी खेली। बंगाल की ओर से मुकेश ने 43 और शाहबाज ने 96 रन देकर 4-4 विकेट लिए। दूसरी पारी में पश्चिम बंगाल के लिए सुदीप चटर्जी और अभिमन्यु ईश्वरन ने शानदार शुरुआत की। खेल खत्म होने तक 36 ओवर के खेल में बिना विकेट खोए दोनों ने 141 रन बना लिए थे। अभिमन्यु 107 गेंदों पर 78 रन बना चुके हैं। वहीं सुदीप चटर्जी 109 गेंदों 59 रन बनाकर विकेट पर बने हुए हैं।

## खेल डायरी

### अदिति शंघाई टूर्नामेंट में संयुक्त 55वें स्थान पर

**शंघाई।** भारत की अदिति अशोक अंतिम दौर में तीन ओवर 75 के स्कोर के साथ रविवार को यहां एलपीजीए बुइक शंघाई गोल्फ टूर्नमेंट में संयुक्त रूप से 55वें स्थान पर रहीं। अदिति ने टूर्नामेंट के चार दौर में 71, 72, 69 और 75 के स्कोर से कुल एक अंडर का स्कोर बनाया। चीन की रुओनिंग यिन ने अंतिम दौर में आठ अंडर 64 के स्कोर से खिताब जीता। उनका कुल स्कोर 25 अंडर 263 रहा। एलपीजीए पर यह यिन के करियर की चौथी जीता है। यिन तीसरे दौर के बाद जापान की माओ सेइगो से एक शॉट पीछे थी लेकिन चौथे और अंतिम दौर में शानदार प्रदर्शन की बदौलत खिताब जीतने में सफल रही। सेइगो ने अंतिम दौर में 71 का स्कोर बनाया और वह दक्षिण कोरिया की सेई यंग किम (68) के साथ संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर रहीं। ये दोनों 19 अंडर 269 के स्कोर के साथ यिन से छह शॉट पीछे रहीं।

### शुभंकर फ्रांस में कट में जगह बनाने से चूके

**पेरिस।** भारतीय गोल्फर शुभंकर शर्मा दूसरे दौर में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाने के कारण फ्रांस ओपन गोल्फ टूर्नामेंट में कट में जगह बनाने से चूक गए। शुभंकर ने पहले दौर में 72 का कार्ड खेला था लेकिन दूसरे दौर में उन्होंने 75 का स्कोर बनाया और इस तरह से कट में जगह बनाने से नाकाम रहे। यह टूर्नामेंट ले गोल्फ नेशनल में खेला जा रहा है जहां दो महीने पहले इस भारतीय खिलाड़ी ने ओलंपिक में भाग लिया था। पहले दौर में चार बर्डी और पांच बोगी करने वाले शुभंकर ने दूसरे दौर में दो बर्डी, तीन बोगी और एक ट्रिपल बोगी की और इस तरह बड़े अंतर से कट में जगह नहीं बना पाए। कट एक अंडर पर गया। इस बीच स्वीडन के जेस्पर स्वेन्सन ने अंतिम दौर से पहले एक स्ट्रोक की बढ़त लेकर खिताब जीतने की अपनी उम्मीदों को बढ़ा दिया।

### युवराज 13वें स्थान के साथ मकाऊ ओपन में शीर्ष भारतीय

**मकाऊ।** युवराज संधू रविवार को यहां 10 लाख डॉलर इनामी एसजेएल मकाऊ ओपन में संयुक्त 13वें स्थान के साथ भारतीय गोल्फरों के बीच शीर्ष पर रहे। चंडीगढ़ के युवराज ने पहले दो दौर में 71 और 67 का स्कोर बनाने के बाद अंतिम दो दौर में 64 और 68 का स्कोर बनाया। उनका कुल स्कोर 10 अंडर 270 रहा। अंतिम दौर में संधू ने तीन बर्डी की लेकिन वह एक बोगी भी कर गए जिससे उनका स्कोर दो अंडर रहा। अन्य भारतीयों में अजितेष संधू (71-67-70-66) छह अंडर के कुल स्कोर से संयुक्त 29वें जबकि सपतक तलवार (70-68-72-68) और खलिन जोशी (68-72-70-68) दोनों दो अंडर के स्कोर से संयुक्त रूप से 42वें स्थान पर रहे। एसएसपी चौरसिया (69-68-69-74) ने के स्कोर से संयुक्त 50वां स्थान हासिल किया। थाईलैंड के रतानोन वानारिचन ने अंतिम दौर में 66 के स्कोर से कुल 20 अंडर के स्कोर से दो शॉट की बढ़त के साथ खिताब जीता।

### टेबल टेनिस चैंपियनशिप में भारत ने जीते तीन पदक

**अस्ताना (कजाकिस्तान)।** भारत ने एशियाई टेबल टेनिस चैंपियनशिप में रविवार को यहां अपना अभियान तीन पदकों के साथ समाप्त किया, जिसमें महिला युगल में ऐतिहासिक कांस्य पदक भी शामिल है। पिछले साल एशियाई खेलों में चीन की मौजूदा विश्व चैंपियन जोड़ी को हराकर कांस्य पदक जीतने वाली अयहिका मुखर्जी और सुतीर्था मुखर्जी की विश्व में 15वें नंबर की भारतीय जोड़ी सेमीफाइनल में जापान की मिवा हरिमोतो और मियु किहारा से 30 मिनट से भी कम समय में 4-11, 9-11, 8-11 से हार गई। भारतीय जोड़ी को इस तरह से कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा लेकिन यह पहला अवसर है जबकि भारत ने महिला युगल में पदक जीता। भारतीय जोड़ी ने इससे पहले क्वार्टर फाइनल में दक्षिण कोरिया की किम नायॉन्ग और ली यून्हे को हराकर पदक पक्का किया था। मनिका बत्रा, अयहिका मुखर्जी और सुतीर्था मुखर्जी की भारतीय टीम सेमीफाइनल में जापान से 1-3 से हार गईं थी लेकिन अंतिम चार में पहुंचकर उसने अपने लिए कांस्य पदक पक्का कर लिया था। पुरुष वर्ग में अचंता शरथ कमल, मानव ठक्कर और हरमीत देसाई की भारतीय टीम सेमीफाइनल में चीनी ताइपे से 0-3 से हार गई लेकिन अंतिम चार में पहुंचने से वह लगातार तीसरी बार पदक हासिल करने में सफल रही। पुरुष एकल में मानव ठक्कर और मानुष शाह प्री-क्वार्टर फाइनल में हारकर बाहर हो गए।

# ऑस्ट्रेलिया ने भारत को 9 रन से हराया

**महिला टी-20 विश्वकप : हार नहीं टाल सका हरमनप्रीत का अर्धशतक**

**शारजाह, एजेंसी**



जीत के बाद जश्न मनातीं ऑस्ट्रेलिया की टीम। ● एजेंसी

ग्रेस हैरिस (40), कप्तान तालिया मैक्ग्रा (32) और एलिस पेरी (32) की शानदार पारियों के बाद गेंदबाजों के आखिरी ओवरों में बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने रविवार को महिला टी-20 विश्वकप के 18वें मैच में भारत को रोमांचक मुकाबले में नौ रनों से हार का सामना करना पड़ा। सोफी मोलिन्यू को उनकी बेहतरीन गेंदबाजी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच से नवाजा गया।

ऑस्ट्रेलिया के 151 रनों के जवाब में भारत की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने चौथे ओवर में शेफाली वर्मा (20) का विकेट गवां दिया। शेफाली को एश्ली गार्डनर ने आउट किया। इसके बाद छठें ओवर में सोफी मोलिन्यू ने स्मृति मंधाना (छह) को पगबाधा आउट किया। दीप्ति शर्मा ने 25 गेंदों में 29 रनों की जूझारू पारी खेली। ऋचा घोष (एक) पर रनआउट हुई। कप्तान हरमनप्रीत कौर की ने 47 गेंदों में (नाबाद 54) की अर्द्धशतकीय पारी खेली। आखिरी ओवर में यह अलाम था कि हरमनप्रीत कौर एक छोड़ पर खड़ी रह गयी और विकेट गिरते गये। भारत निर्धारित 20 ओवरों में नौ विकेट पर 142 रन ही बना सका और नौ रन से मैच हार गया। ऑस्ट्रेलिया की ओर से सोफी मोलिन्यू और ऐनाबेल सदरलैंड ने दो- दो विकेट लिये। मेगन शूट और एश्ली गार्डनर ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

इससे पहले आज यहां ऑस्ट्रेलिया की कप्तान तालिया मैक्ग्रा ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी ऑस्ट्रेलिया की शुरुआत अच्छी नहीं रही और तीसरे ही ओवर में 17 के स्कोर पर रेणुका सिंह ने एक के बाद एक दो विकेट झटके। बेथ मूनी (2) और जॉर्जिया वेयरहम (शून्य) पर आउट हुई। इसके बाद कप्तान तालिया मैक्ग्रा ने ग्रेस हैरिस के साथ पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों ने तीसरे विकेट के लिय 62 रन जोड़े। दीप्ति ने ऐलिस पेरी (32) को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। एश्ली गार्डनर (6) वस्त्रकर का शिकार बनी। ग्रेस हैरिस 40 को दीप्ति शर्मा ने आउट किया। ऐनाबेल सदरलैंड (10) और सोफी मोलिन्यू (शून्य) पर आउट हुई। फीबी लिचफील्ड (15) रन बनाकर नाबाद रही। ऑस्ट्रेलिया ने निर्धारित 20 ओवर में आठ विकेट पर 151 रन बनाये। भारत की ओर से रेणुका सिंह और दीप्ति शर्मा ने दो-दो विकेट लिये। श्रेयंका पाटिल, पूजा वस्त्रकर और राधा यादव ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

## स्कोर बोर्ड

**ऑस्ट्रेलिया महिला : 151/8** (20 ओवर)

| | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| ग्रेस हैरिस का मंधाना बो दीप्ति | 40 | 41 | 5/0 |
| बेथ मूनी का राधा बो रेणुका | 2 | 7 | 0/0 |
| जॉर्जिया वारेहैम पगबाधा बो रेणुका | 0 | 1 | 0/0 |
| तहलिया मैकग्रा स्ट ऋचा बो राधा | 32 | 26 | 4/0 |
| एलिसे पैरी का सब बो दीप्ति | 32 | 23 | 2/1 |
| एशले गार्डनर का राधा बो पूजा | 6 | 6 | 1/0 |
| फोबे लिचफील्ड नाबाद | 15 | 9 | 1/1 |
| अनाबेल सदरलैंड बो श्रेयंका | 10 | 6 | 2/0 |
| सोफी मोलिनू रन आउट | 0 | 1 | 0/0 |
| मेगान शट नाबाद | 0 | 0 | 0/0 |

अतिरिक्त : 14, गेंदबाजी : रेणुका सिंह 4-0-24-2, श्रेयंका पाटिल 4-0-32-1, पूजा वस्त्राकर 3-0-22-1, अरूंधति रेड्डी 3-0-24-0, दीप्ति शर्मा 4-0-28-2, राधा यादव 2-0-14-1

**भारत महिला : 142/9** (20 ओवर)

| | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| शेफाली कैच सदरलैंड बोल्ड गार्डनर | 20 | 13 | 2/1 |
| स्मृति मंधाना पगबाधा मोलिन्यू | 6 | 12 | 0/0 |
| जेमिमाह रॉड्रिग्स कैच गार्डनर बोल्ड शूट | 16 | 12 | 3/0 |
| हरमनप्रीत कौर नाबाद | 54 | 47 | 6/0 |
| दीप्ति शर्मा कैच वेयरहम बोल्ड मोलिन्यू | 29 | 25 | 3/0 |
| ऋचा घोष रन आउट (लिचफील्ड) | 1 | 3 | 0/0 |
| पूजा वस्त्रकर बोल्ड सदरलैंड | 9 | 6 | 1/0 |
| अरुंधति रेड्डी रन आउट | 0 | 1 | 0/0 |
| श्रेयंका पाटिल रन आउट (मूनी) | 0 | 0 | 0/0 |
| राधा यादव पगबाधा सदरलैंड | 0 | 1 | 0/0 |
| रेणुका सिंह नाबाद | 1 | 1 | 0/0 |

अतिरिक्त : 6, गेंदबाजी : मेगन शूट 4-0-25-1, एश्ली गार्डनर 4-0-32-1, सदरलैंड 4-0-22-2, सोफी मोलिन्यू 4-0-32-2, वेयरहम 3-0-22-0, डार्सी ब्राउन 1-0-8-0

# टेक्सास में युवाओं को गुर क्रिकेट के सिखाएंगे सचिन

**ह्यूस्टन (अमेरिका), एजेंसी**



भारत के दिग्गज बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर टेक्सास में राष्ट्रीय क्रिकेट लीग फाइनल के दौरान एक विशेष क्रिकेट क्लीनिक में युवा क्रिकेटरों को इस खेल के गुर सिखाएंगे। यह क्रिकेट क्लीनिक डलास में टेक्सास विश्वविद्यालय में आयोजित किया जाएगा जिसका उद्देश्य युवा क्रिकेटरों को प्रेरित करना और अमेरिका में जमीनी स्तर पर इस खेल को बढ़ावा देना है।

तेंदुलकर ने रविवार सुबह होने वाले कार्यक्रम से पहले कहा क्रिकेट ने मुझे बहुत कुछ दिया है और अब इसे वापस देने की मेरी बारी है। मैं इन युवा खिलाड़ियों से मिलने और उन्हें यह बताने को लेकर उत्साहित हूं कि कड़ी मेहनत और जुनून से कुछ भी हासिल किया जा सकता है। राष्ट्रीय क्रिकेट लीग (एनसीएल) के अध्यक्ष अरुण अग्रवाल ने तेंदुलकर की भागीदारी के महत्व के बारे में कहा यह क्रिकेट से भी कहीं अधिक महत्वपूर्ण है। यह अपनी उम्मीदों और सपनों को साकार करने के लिए प्रेरित करने से जुड़ा है। सचिन जैसे व्यक्ति का इन युवा खिलाड़ियों को मार्गदर्शन देना बहुत मायने रखता है। एनसीएल से कई दिग्गज क्रिकेटर जुड़े रहे हैं जिनमें सुनील गावस्कर, वसीम अकरम और सर विवियन रिचर्ड्स भी शामिल हैं। राष्ट्रीय क्रिकेट लीग के इस सत्र में शाहिद अफरीदी, सुरेश रैना, शाकिब अल हसन और क्रिस लिन जैसे खिलाड़ियों ने भी अपनी सेवाएं दी। राष्ट्रीय क्रिकेट लीग को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद का समर्थन हासिल है।

# सूरमा हॉकी क्लब ने भारतीय कप्तान हरमनप्रीत सिंह को 78 लाख में खरीदा

**नई दिल्ली, एजेंसी**



● हॉकी इंडिया लीग के हुई नीलामी टूर्नामेंट में उतरेंगी आठ फ्रेंचाइजी

हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) की नीलामी के पहले दिन रविवार को भारतीय पुरुष टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह सबसे महंगे खिलाड़ी बन गए जबकि सूरमा हॉकी क्लब ने इस स्टार ड्रैग फ्लिकर को 78 लाख रुपये में खरीदा। सभी आठ फ्रेंचाइजी ने भारतीय पुरुष हॉकी टीम के मुख्य खिलाड़ियों की सेवाएं हासिल करने के लिए मोटी रकम खर्च की।

अभिषेक दूसरे सबसे महंगे खिलाड़ी बने जिन्हें श्राची राढ़ बंगाल टाइगर्स ने 72 लाख रुपये में खरीदा जबकि हार्दिक सिंह के लिए यूपी रुद्रास ने 70 लाख रुपये खर्च किए। अमित रोहिदास के लिए तमिलनाडु ड्रैगन्स ने सबसे अधिक 48 लाख रुपये की बोली लगाई जबकि जुगराज सिंह को भी बंगाल टाइगर्स ने इसी राशि में खरीदा। हैदराबाद तूफान्स ने सुमित को 46 लाख रुपये में अपने साथ जोड़ा। विदेशी गोलकीपर में आयरलैंड के डेविड हार्टे सबसे अधिक राशि में बिके। उन्हें तमिलनाडु ड्रैगन्स ने 32 लाख रुपये में खरीदा। जर्मनी के जीन-पॉल डैनबर्ग (हैदराबाद तूफान्स, 27 लाख रुपये), नीदरलैंड के पिरमिन ब्लैक (बंगाल टाइगर्स, 25 लाख रुपये) और बेल्जियम के विन्सेंट वानाश (सूरमा हॉकी क्लब, 23 लाख रुपये में) पर भी टीमों ने मोटी रकम खर्च की। भारतीय गोलकीपर सूरज करकेरा और पवन को टीम गोनासिका और दिल्ली एसजी पाइपर्स ने क्रमशः 22 लाख रुपये और 15 लाख रुपये में खरीदा।

# महिला अंतर-विभागीय हॉकी राष्ट्रीय चैंपियनशिप आज से

**नई दिल्ली।** चौथी हॉकी इंडिया सीनियर महिला अंतर-विभागीय राष्ट्रीय चैंपियनशिप सोमवार से यहां मेजर ध्यानचंद स्टेडियम में खेली जाएगी। टूर्नामेंट में 12 टीमें भाग लेंगी जिन्हें चार पूल में बांटा गया है। यह टूर्नामेंट 21 अक्टूबर तक खेला जाएगा।

लीग चरण में प्रत्येक टीम अपने पूल में अन्य सभी टीमों के खिलाफ खेलेगी। प्रत्येक पूल से शीर्ष पर रहने वाली दो टीमें क्वार्टर फाइनल में जगह बनाएंगी जो 18 अक्टूबर को खेले जाएंगे। सेमीफाइनल 20 को, जबकि फाइनल और तीसरे-चौथे स्थान के मैच 21 को खेले जाएंगे। पूल ए में गत चैंपियन इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन, सेंट्रल सिविल सर्विसेज कल्चरल एंड स्पोर्ट्स बोर्ड और सेंट्रल रिजर्व पुलिस फोर्स जबकि पूल बी में रेलवे स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड, तमिलनाडु पुलिस और गुजरात स्पोर्ट्स अथॉरिटी - हॉकी अकादमी शामिल हैं। पूल सी में भारतीय खेल प्राधिकरण, यूको बैंक महिला हॉकी अकादमी और केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड जबकि पूल डी में सशस्त्र सीमा बल, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया और स्टील प्लांट स्पोर्ट्स बोर्ड शामिल हैं।

# जयवर्धने फिर बने मुंबई इंडियंस के मुख्य कोच

**मुंबई।** पांच बार की आईपीएल चैंपियन मुंबई इंडियंस ने मेगा नीलामी से पहले बड़ा बदलाव करते हुए श्रीलंका के पूर्व कप्तान महेला जयवर्धने को अपना मुख्य कोच नियुक्त किया है। जयवर्धने 2017-2022 तक मुंबई इंडियंस के साथ इसी भूमिका में जुड़े हुए थे। फ्रेंचाइजी ने 2017, 2019 और 2020-21 में इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) खिताब जीता था।

जयवर्धने इस तरह दक्षिण अफ्रीका के पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज मार्क बाउचर की जगह लेंगे जो दो साल तक मुंबई इंडियंस के मुख्य कोच थे। मुंबई इंडियंस ने 2023 चरण में नॉकआउट के लिए क्वालीफाई किया लेकिन इस साल उसका प्रदर्शन काफी खराब रहा जिसमें टीम 14 मैच में से केवल चार में ही जीत दर्ज कर पाई। जयवर्धने ने फ्रेंचाइजी द्वारा जारी एक विज्ञप्ति में कहा मुंबई इंडियंस परिवार में मेरी यात्रा हमेशा विकास करने की रही है। 2017 में ध्यान सर्वश्रेष्ठ क्रिकेट खेलने के लिए प्रतिभाशाली खिलाड़ियों का एक ग्रुप बनाने पर था और हमने बहुत अच्छा प्रदर्शन किया।

## बॉलीवुड हलचल



# परिवार के साथ श्रीलंका में जन्मदिन मनाएंगी पूजा हेगड़े

**मुंबई।** जानीमानी अभिनेत्री पूजा हेगड़े श्रीलंका में अपने परिवार के साथ जन्मदिन मनाएंगी। पूजा हेगड़े आज 34 वर्ष की हो गई हैं। अपने खास दिन को यादगार बनाने के लिए, पूजा अपने व्यस्त शूटिंग शेड्यूल से एक अच्छी छुट्टी लेकर श्रीलंका जा रही हैं। मुंबई में अपने परिवार के साथ दशहरा मनाने के बाद पूजा हेगड़े अपना जन्मदिन मनाने के लिए श्रीलंका जा रही हैं। वर्ष 2025 पूजा हेगड़े के लिये महत्वपूर्ण वर्ष है। वह फिल्म देवा में शाहिद कपूर और सूर्या 44 में सूर्या के साथ नजर आएंगी। इसके अलावा पूजा हेगड़े, अभिनेता थलपति विजय के साथ थलपति 69 में भी नजर आएंगी।

### वरूण-जैकी की फिल्म बेबी जॉन का टीजर रिलीज



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता वरूण धवन और जैकी श्राफ की फिल्म बेबी जॉन का टीजर रिलीज हो गया है। एक्शन से भरपूर बेबी जॉन में वरुण धवन मुख्य भूमिका में है, जबकि जैकी श्रॉफ नेगेटिव रोल में दिखाई देंगे। जैकी श्रॉफ के किरदार का नाम बब्बर शेर है। वरुण धवन ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर बेबी जॉन का टीजर शेयर किया है। टीजर में जैकी श्रॉफ खूंखार अंदाज में नजर आ रहे हैं। उनके किरदार के लंबे भूरे बाल है, जबकि उन्होंने अपने हाथों में अंगूठियां और गले में जंजीर पहन रखी है। वीडियो में वह जेल में बंद दिखाई देते हैं और उनके खून से सने हाथ में एक हथियार दिखता है। वरुण धवन ने टीजर शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा, उस अंधेरे से मिलने के लिए तैयार हो जाओ, जिसके बारे में आपने कभी नहीं सोचा था। बब्बर शेर आपके लिए आ रहा है। फिल्म बेबी जॉनका निर्देशन कलीस ने किया है। कीर्ति सुरेश इस फिल्म से बॉलीवुड में डेब्यू करने जा रही हैं। इसके अलावा इस फिल्म में वामिका गब्बी और राजपाल यादव भी मुख्य भूमिकाओं में दिखाई देंगे। बेबी जॉन को जियो स्टूडियो ने एटली और सिने1 स्टूडियो के साथ मिलकर बनाया है। बेबी जॉन 25 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

### महानायक रजनीकांत की फिल्म वेट्टैयन ने पहले वीकेंड पर कमाए 81 करोड़ रुपये

**मुंबई।** दक्षिण भारतीय फिल्मों के महानायक रजनीकांत की फिल्म वेट्टैयन ने अपने पहले वीकेंड में तीन दिनों में भारतीय बाजार में 81 करोड़ रूपये से अधिक की कमाई कर ली है। टीजे ज्ञानवेल के निर्देशन में बनी फिल्म वेट्टैयन में रजनीकांत की मुख्य भूमिका है। इस फिल्म में अमिताभ बच्चन की भी अहम भूमिका है। अमिताभ और रजनीकांत ने अंधा कानून, गिरफ्तार और हम जैसी सुपरहिट फिल्मों में काम किया है। यह जोड़ी 33 साल के बाद साथ नजर आयी है। इस फिल्म को फैंस का जबरदस्त रिस्पॉन्स मिल रहा है। सैकनिल्क की रिपोर्ट के अनुसार वेट्टैयन ने रिलीज के पहले दिन 31 .7 करोड़, दूसरे दिन 24 करोड़ और तीसरे दिन 26 .1 करोड़ रूपये की कमाई की है। इस इस फिल्म ने भारतीय बाजार में 81 करोड़ रूपये से अधिक की कमाई कर ली है। लाइका प्रोडक्शंस के बैनर तले बनी फिल्म वेट्टैयन में रजनीकांत और अमिताभ बच्चन के अलावा राणा दग्गुबाती, फहद फाजिल, मंजू वारियर, दुशारा विजयन, रितिका सिंह, जीएम सुंदर, रोहिणी, राव रमेश, रमेश थिलक, रक्षण और अन्य सितारे शामिल हैं। इस फिल्म में संगीत अनिरुद्ध रविचंदर का है।

# रोनाल्डो ने पुर्तगाल की जीत में फिर दागा गोल, स्पेन ने डेनमार्क को हराया

**बार्सिलोना, एजेंसी**



● स्पेन ने नेशंस लीग के मैच में मार्टिन ज़ुबिमेन्डी के 79वें मिनट में किए गए गोल की मदद से डेनमार्क को 1-0 से हराया

यूईएफए नेशंस लीग ग्रुप 4 फुटबॉल मैच के दौरान गेंद के लिए संघर्ष करते स्पेन के लैमिन यामल, दाएं और डेनमार्क के विक्टर क्रिस्टियनसेन। ● एजेंसी

क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने अपना रिकार्ड 133वां अंतर्राष्ट्रीय गोल दागकर पुर्तगाल को नेशंस लीग फुटबाल टूर्नामेंट में पोलैंड पर 3-1 से जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई जबकि एक अन्य मैच में स्पेन ने डेनमार्क को 1-0 से हराया। रोनाल्डो ने 37वें मिनट में राफेल लेओ के शॉट के पोस्ट से टकराने के बाद रिबाउंड पर गोल किया। इससे पहले बर्नार्डो सिल्वा ने 26वें मिनट में पुर्तगाल की तरफ से पहला गोल किया था।

रोनाल्डो इस साल के शुरू में यूरोपीय चैंपियनशिप में पुर्तगाल की तरफ से पांच मैचों में एक भी गोल नहीं कर पाए थे लेकिन नेशंस लीग में उन्होंने अभी तक जो तीन मैच खेले हैं उन सभी में वह गोल करने में सफल रहे। पोलैंड की तरफ से एकमात्र गोल मिडफील्डर पियोत्र जिलिंस्की ने 78वें मिनट में किया लेकिन डिफेंडर जान बेडनारेक ने खेल समाप्त होने से दो मिनट पहले आत्मघाती गोल करके पुर्तगाल की बड़ी जीत सुनिश्चित की। पुर्तगाल ग्रुप ए1 में तीन मैचों में नौ अंकों के साथ शीर्ष पर है। क्रोएशिया के छह अंक हैं और वह दूसरे स्थान पर है। उसने ज़गरेब में खेले गए मैच में स्कॉटलैंड को 2-1 से हराया। स्पेन ने नेशंस लीग के एक अन्य मैच में मार्टिन ज़ुबिमेन्डी के 79वें मिनट में किए गए गोल की मदद से डेनमार्क को 1-0 से हराया। डेनमार्क दूसरे स्थान पर है। सर्बिया ने एक अन्य मैच में स्विट्ज़रलैंड को 2-0 से पराजित किया। लीग सी में कोसोवो ने लिथुआनिया को 2-1 से, जबकि रोमानिया ने साइप्रस को 3-0 से हराया।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शशि भूषण सिंह द्वारा 1224, देवकाली रोड, निकट यश पेट्रोल पंप अयोध्या-224001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
संपादक-**शंभू दयाल वाजपेयी**, कार्यकारी संपादक- विवेक सक्सेना* 05278-352045 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharayodhya@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/84450, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अयोध्या होगा)।

# साईबाबा का पार्थिव शरीर मेडिकल कॉलेज को दान करेंगे परिजन

हैदराबाद, एजेंसी

दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) के पूर्व प्रोफेसर जीएन साईबाबा के परिजनों ने रविवार को बताया कि साईबाबा की इच्छा के अनुसार उनका पार्थिव शरीर सरकारी मेडिकल कॉलेज को दान कर दिया जाएगा। पार्थिव शरीर 14 अक्टूबर को गांधी मेडिकल कॉलेज को सौंपा जाएगा।

माओवादियों से कथित संबंधों के मामले में सात महीने पहले बरी किए गए साईबाबा का ऑपरेशन के बाद की समस्याओं के कारण शनिवार को सरकारी अस्पताल में निधन हो गया था। वह 58 वर्ष



के थे। परिवार ने बताया कि निम्स के शवगृह में रखे गए साईबाबा के पार्थिव शरीर को 14 अक्टूबर को गन पार्क ले जाया जाएगा और वहां से उनके भाई के आवास पर ले जाया जाएगा तथा सार्वजनिक रूप से श्रद्धांजलि देने के लिए रखा जाएगा।

### जेल में अपर्याप्त चिकित्सा देखभाल के चलते हुई मौत

**नई दिल्ली।** गैर सरकारी संगठन नेशनल प्लेटफॉर्म फॉर द राइट्स ऑफ द डिसेबल्ड (एनपीआरडी) ने दावा किया है कि लंबे समय तक कारावास और अपर्याप्त चिकित्सा देखभाल के कारण साईबाबा की पहले से मौजूद स्वास्थ्य समस्याएं और बढ़ गईं जो उनकी मृत्यु का कारण बनीं। एनजीओ ने साईबाबा के कारावास के दौरान सामने आई चुनौतियों और उनके स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभाव को रेखांकित किया।

# गुजरात में पांच हजार करोड़ मूल्य की 518 किलो कोकीन बरामद

नई दिल्ली, एजेंसी


- एक पखवाड़े में 13,000 करोड़ मूल्य की कोकीन और 40 किलो मारिजुआना हुई है जब्त

गुजरात के अंकलेश्वर में दिल्ली और गुजरात पुलिस ने रविवार को संयुक्त अभियान में पांच हजार करोड़ रुपये मूल्य की 518 किलोग्राम कोकीन जब्त की। साथ ही दिल्ली और गुजरात में एक पखवाड़े के भीतर कानून प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा 13,000 करोड़ रुपये मूल्य की 1,289 किलोग्राम कोकीन और 40 किलोग्राम हाइड्रोपोनिक थाईलैंड मारिजुआना जब्त की गई है।

दिल्ली पुलिस के विशेष प्रकोष्ठ और गुजरात पुलिस ने रविवार को अंकलेश्वर में एक दवा कंपनी में तलाशी के दौरान 518 किलोग्राम कोकीन बरामद करने का दावा किया। जब्त कोकीन की कीमत अंतर्राष्ट्रीय बाजार में लगभग पांच हजार करोड़ रुपये बताई जा रही है। विशेष प्रकोष्ठ ने एक अक्टूबर को दिल्ली के महिपालपुर में एक गोदाम पर छापा मारकर 562 किलो कोकीन और 40 किलो हाइड्रोपोनिक मारिजुआना की खेप जब्त की थी।

जांच के दौरान 10 अक्टूबर को दिल्ली के रमेश नगर की दुकान से 208 किलो अतिरिक्त कोकीन बरामद की गई थी। पुलिस को पता चला कि यह मादक पदार्थ एक कंपनी का था, जिसने इसे अंकलेश्वर की दवा कंपनी से प्राप्त किया था।

## तकनीक से कदमताल



रविवार को नई दिल्ली में भारत मंडपम में पीएम गतिशक्ति अनुभूति केंद्र के दौरे के दौरान तकनीक को करीब से जानने और समझने की कोशिश में लगे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।

## एक नजर

### मादक पदार्थ गिरोह के सरगना शाही महात्मा के चार सहयोगी गिरफ्तार

**शिमला।** अंतर्राज्यीय मादक पदार्थ गिरोह के सरगना शाही महात्मा के चार सहयोगियों को विभिन्न स्थानों से गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने रविवार को बताया कि आरोपियों में आशीष (33), सिकंदर ठाकुर (24), कुलवंत (42) और नारेह कुमार (36) है। सभी आरोपी शिमला जिले के रोहड़ू के निवासी हैं। शिमला एसपी संजीव कुमार गांधी ने कहा कि ये आरोपी महात्मा के मादक पदार्थ गिरोह में सक्रिय रूप से लिप्त थे। पुलिस के मुताबिक महात्मा को इस साल सितंबर में गिरफ्तार किया गया था और उसके 40 से अधिक सहयोगी हैं। पुलिस के मुताबिक वह साथियों के साथ मिलकर पांच-छह सालों से सेब के कारोबार की आड़ में मादक पदार्थ की आपूर्ति कर रहा था और इसके तार दिल्ली में नाइजीरियाई मादक पदार्थ गिरोह और हरियाणा के दूसरे गिरोहों के साथ जुड़े हुए हैं।

### अमेरिका में विवि के पास गोलीबारी से एक की मौत

**वाशिंगटन।** अमेरिका में टेनेसी स्टेट यूनिवर्सिटी के पास हुई गोलीबारी में एक व्यक्ति की मौत हो गई और नौ अन्य घायल हो गए। एबीसी न्यूज ने पुलिस का हवाला देते हुए यह जानकारी दी। पहले बताया गया था कि गोलीबारी में कई लोग घायल हुए हैं, लेकिन पीड़ितों या शूटरों की संख्या के बारे में कोई जानकारी नहीं थी। पुलिस के अनुसार, यह संभवत: एक गोलीबारी थी, जिसमें कई पीड़ित शामिल थे। सभी घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करा दिया गया है।

### जम्मू में हेरोइन के साथ तीन तस्कर गिरफ्तार

**जम्मू।** जम्मू में रविवार को मादक पदार्थों के तीन कथित तस्करों को 50 ग्राम हेरोइन के साथ गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि तीनों तस्कर मोटरसाइकिल पर सवार थे। पुलिस ने उन्हें मीरां साहिब के निकट वाहन जांच के दौरान रोका। गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ स्वापक औषधि एवं मन:प्रभावी पदार्थ (एनडीपीएस) अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है और आगे की जांच जारी है।

### चटगांव बंदरगाह के पास जहाज में लगी आग

**ढाका।** बांग्लादेश के चटगांव बंदरगाह पर विस्फोट के बाद रविवार तड़के बंगाल की खाड़ी में तरलीकृत पेट्रोलियम गैस (एलपीजी) ले जा रहे हल्के जहाज में आग लग गई। ढाका ट्रिब्यून ने कहा कि फिलहाल किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। रिपोर्ट के अनुसार कुतुबदिया उपजिला के कार्यवाहक निर्बाही अधिकारी (उप-विभागीय कार्यकारी अधिकारी) मुहम्मद शहादत हुसैन ने कुतुबदिया प्वाइंट के पास हुई दुर्घघटना की पुष्टि की है। हुसैन ने कहा कि बंगलादेश नौसेना और तटरक्षक बल को इस घटना के बारे में सूचना दे दी गयी है। नौसेना जहाज में फंसे चालक दल के सदस्यों के निकासी का काम कर रही थी। आग बुझाने के लिए तटरक्षक बल और चटगांव बंदरगाह की नौकाओं ने भी नौसेना की मदद कर रही हैं।

### 25 अफगानिस्तानी कैदियों को इराक ने किया रिहा

**काबुल।** इराक में कैद कुल 25 अफगानिस्तानी कैदियों को रिहा कर दिया गया है और उन्हें उनके वतन वापस भेज दिया गया है। अफगानिस्तान के शरणार्थी एवं प्रत्यावर्तन मंत्रालय ने शनिवार को बताया कि इन कैदियों को कानूनी दस्तावेज नहीं होने के कारण छह महीने तक इराक में कैद रखा गया था। रिहा होने के बाद वे निमरोज सीमा से होते हुए ईरान के रास्ते अफगानिस्तान लौट आए। पिछले सप्ताह पाकिस्तान की जेलों से कम से कम 15 अफगानिस्तानी कैदियों को रिहा कर दिया गया और वे अफगानिस्तान लौट आए।

# लेबनान पर इजराइली हमला तेज एक सदी पुराना बाजार किया ध्वस्त

## हमले में एक ही परिवार के आठ की लोगों की हुई मौत, छह बच्चे भी शामिल

- इजराइली सेना बोली- कोशिश करते हैं हमलों में आम नागरिकों को न पहुंचे नुकसान

दीर अल-बला, एजेंसी

मध्य गाजा पट्टी में इजराइल के हमले में एक ही परिवार के आठ सदस्यों की मौत हो गई। फलस्तीन के चिकित्सा अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। इस बीच, हिजबुल्ला को निशाना बनाकर किए गए इजराइल के हवाई हमलों में लेबनान में एक सदी पुराना बाजार नष्ट हो गया। दीर अल-बला स्थित अल-अक्सा शहीद अस्पताल ने बताया कि गाजा में शनिवार देर रात को नुसरत शरणार्थी शिविर में एक मकान पर हमला किया गया जिसमें माता-पिता और आठ से 23 साल की उम्र के उनके छह बच्चों की मौत हो गई। शवों को इसी अस्पताल में लाया गया था।

एसोसिएटेड प्रेस के एक संवाददाता ने शवों की गिनती की है। हमास के साथ युद्ध को एक साल से अधिक समय होने पर भी इजराइल के हमले जारी हैं और वह गाजा में लगभग हर दिन आतंकवादी ठिकानों को निशाना बना रहा है। इजराइली सेना का कहना है कि वह हमलों में आम नागरिकों को नुकसान पहुंचाने से बचने की कोशिश करती है तथा उनकी मौतों के लिए घनी आबादी वाले क्षेत्रों से काम करने वाले हमास एवं अन्य सशस्त्र समूहों को दोषी ठहराती है। इजराइल अब गाजा में हमास और लेबनान में हिजबुल्ला के साथ युद्ध कर रहा है और इस महीने की शुरुआत में हुए मिसाइल हमले के प्रतिशोध में उसके ईरान पर हमला करने की आशंका है लेकिन उसने यह नहीं बताया है कि वह कैसे या कब हमला करेगा। ईरान इन दोनों चरमपंथी समूहों का समर्थन करता है और उसने कहा है कि वह इजराइली हमले का जवाब देगा।

उत्तरी गाजा में इजराइल के हवाई और जमीनी बल जबालिया पर हमले कर रहे हैं, जहां उसके अनुसार आतंकवादी पुनः संगठित हो गए हैं। इजराइल ने गाजा सिटी समेत उत्तरी गाजा को पूरी तरह खाली करने का आदेश दिया है। युद्ध के शुरूआती सप्ताहों में जारी इन आदेश के बाद अनुमानतः 4,00,000 लोग उत्तरी गाजा में रह गए हैं। फलस्तीनियों को डर है कि इजराइल उत्तरी गाजा में आबादी को स्थायी रूप से खत्म करके वहां सैन्य अड्डे बनाना या यहूदी बस्तियां बसाना चाहता है। संयुक्त राष्ट्र का कहना है कि एक अक्टूबर से उत्तरी गाजा में कोई खाद्य सामग्री नहीं पहुंची है। सेना ने शनिवार को पुष्टि की कि अस्पतालों को भी खाली करने का आदेश दिया गया है, लेकिन उसने इसके लिए कोई समयसीमा तय नहीं की है।

### अब तक मारे गए हैं 42 हजार से ज्यादा फिलिस्तीनी

गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, गाजा में इजराइल की बमबारी और उसके जमीनी आक्रमण में 42,000 से अधिक फिलिस्तीनी मारे गए हैं और अधिकतर क्षेत्र बर्बाद हो गया है। इस बीच, इजराइल के हवाई हमलों में लेबनान में तुर्क काल का एक बाजार तबाह हो गया है। इजराइली हवाई हमलों ने रात भर दक्षिण नेबातियेह शहर में तुर्क काल का एक बाजार ध्वस्त कर दिया जिसमें एक से कम एक व्यक्ति की मौत हो गई और चार अन्य घायल हो गए। लेबनान के सिविल डिफेंस ने कहा कि 1910 के बाजार में 12 रिहायशी इमारतों और 40 दुकानों पर लगी आग पर काबू पा लिया गया है। एक अन्य घटना में लेबनानी रेड क्रॉस ने बताया कि अर्द्ध चिकित्सक दक्षिणी लेबनान में रविवार को इजराइली हवाई हमले में ध्वस्त एक मकान के मलबे में दबे लोगों की तलाश कर रहे हैं।

### थाड तोपखाना, सैनिक भेजेगा अमेरिका

**वाशिंगटन।** अमेरिकी रक्षा विभाग पेंटागन ने रविवार को कहा कि वह इजराइल को एंटी बैलिस्टिक मिसाइल रक्षा प्रणाली टर्मिनल हाई एल्टीट्यूड एरिया डिफेंस (थाड) और सैनिक भेजेगा, जबकि ईरान ने वाशिंगटन को अमेरिकी सैन्य बलों को इजराइल से बाहर रखने की चेतावनी दी है। पेंटागन के प्रवक्ता मेजर जनरल पैट राइडर ने कहा कि रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन ने राष्ट्रपति जो बाइडन के निर्देश पर थाड तोपखाने की तैनाती को मंजूरी दी है। राइडर ने कहा कि यह वायु रक्षा प्रणाली अप्रैल और अक्टूबर में इजराइल पर किये गए ईरान के मिसाइल हमलों के बाद, इजराइल की हवाई रक्षा को मजबूत करने में मदद करेगी।

# ब्रिक्स की सैन्य संगठन बनने की कोई योजना नहीं: रूस

**मास्को।** रूस ने कहा है कि ब्रिक्स कभी भी सैन्य संगठन नहीं रहा है और न ही बनने की योजना बना रहा है, भले ही इसके विपरीत कोई आरोप क्यों न लगाया गया हो। रूसी विदेश मंत्रालय ने कहा कि ब्रिक्स सैन्य संगठन नहीं है, कभी नहीं रहा है और न ही बनने जा रहा है।

- अंतर्राष्ट्रीय संगठन या एकीकरण संरचना भी नहीं, समान विचार वाला बहुराष्ट्रीय संगठन है

ब्रिक्स एक अंतर्राष्ट्रीय संगठन या एकीकरण संरचना भी नहीं है, बल्कि समान विचार वाले सदस्यों वाला बहुराष्ट्रीय संगठन है। द टाइम्स में सितंबर में प्रकाशित लेख (जिसमें सुझाव दिया गया था कि ब्रिक्स के विस्तार से नाटो को चिंतित होना चाहिए।) पर टिप्पणी करते हुए मंत्रालय ने कहा कि ब्रिक्स एक बहु-विषयक रणनीतिक साझेदारी है, जो तीन स्तंभों (राजनीति और सुरक्षा, अर्थशास्त्र एवं वित्त और संस्कृति एवं मानवीय संबंध) पर टिकी हुई है।

मंत्रालय ने कहा है कि ब्रिक्स भागीदारों के बीच संबंध समानता, आपसी सम्मान, खुलेपन, व्यावहारिकता, एकजुटता और सबसे महत्वपूर्ण बात किसी के विरोध न करने पर आधारित हैं।

# सभी लोग देश के विकास के लिए काम करें : शहाबुद्दीन

ढाका, एजेंसी

- बांग्लादेश के राष्ट्रपति बोले- धार्मिक मूल्यों का उपयोग राष्ट्र कल्याण के लिए होना चाहिए

बांग्लादेश के राष्ट्रपति मोहम्मद शहाबुद्दीन ने रविवार को सभी धर्मों के लोगों से देश को आगे ले जाने के लिए मिलकर काम करने का आग्रह किया। दुर्गा पूजा देशभर में देवी दुर्गा की मूर्तियों के विसर्जन के साथ शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गया। देश को आगे ले जाने के लिए सामूहिक प्रयास किये जाने की आवश्यकता पर बल देते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि धार्मिक मूल्यों का उपयोग राष्ट्र के कल्याण के लिए किया जाना चाहिए।

समाचार पत्र द डेली स्टार के अनुसार दुर्गा पूजा समारोह के मौके पर बंगभवन में आयोजित कार्यक्रम के दौरान शहाबुद्दीन ने जाति या धर्म से परे सभी नागरिकों से एकजुट होकर विकसित और समृद्ध राष्ट्र के निर्माण के लिए मिलकर काम करने का आग्रह किया। हिंदू समुदाय को शुभकामनाएं देते हुए उन्होंने कहा कि हम सभी बांग्लादेशी हैं और एक-दूसरे से जुड़े हैं। हमारे देश में बहुसंख्यक या अल्पसंख्यक के बीच भेदभाव के लिए कोई जगह नहीं है। सरकारी समाचार एजेंसी बीएसएस के अनुसार राष्ट्रपति ने कहा कि बदलती परिस्थितियों में बांग्लादेश को विकसित, समृद्ध और भेदभाव रहित देश बनाने के लिए पूर्ण सहिष्णुता, आपसी



विश्वास और सहयोग के अलावा कोई विकल्प नहीं है। उन्होंने कहा कि बंगाली परंपराएं और संस्कृति दुर्गा पूजा में घुली-मिली हैं, जो न केवल धार्मिक बल्कि सामाजिक त्योहार भी है।

सभी की सामूहिक भागीदारी ने इस त्योहार को सार्वभौमिक बना दिया है। इस बीच, रविवार को देशभर के जलाशयों में देवी दुर्गा की मूर्तियों के विसर्जन के साथ दुर्गा पूजा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गई। ढाका में हजारों की संख्या में श्रद्धालु बुरीगंगा नदी के किनारे एकत्र हुए। पुलिस ने मूर्ति विसर्जन के लिए व्यापक सुरक्षा व्यवस्था की थी। पांच दिवसीय हिंदू धार्मिक उत्सव बुधवार को देवी दुर्गा के आह्वान के साथ शुरू हुआ, जिसे महा षष्ठी कहा जाता है।

# मुंबई में खाली लोकल ट्रेन के दो डिब्बे पटरी से उतरे

**मुंबई।** मुंबई सेंट्रल से कार शेड में प्रवेश करते समय रविवार दोपहर खाली लोकल ट्रेन के दो डिब्बे पटरी से उतर गए, जिससे पश्चिमी रेलवे खंड में ट्रेन सेवाएं प्रभावित हुईं। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पश्चिमी रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी विनीत अभिषेक ने बताया कि दोपहर 12 बजकर 10 बजे हुई दुर्घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं मिली।

उन्होंने बताया कि दुर्घटना से उपनगरीय सेवाएं बुरी तरह प्रभावित हुईं, क्योंकि दादर की ओर जाने वाला रेलमार्ग अवरुद्ध हो गया। अधिकारी ने बताया कि चर्चगेट और मुंबई सेंट्रल के बीच दादर की ओर जाने वाला रेलमार्ग अवरुद्ध हुआ। हालांकि, परिचालन जारी रखने के लिए इन दोनों स्टेशनों के बीच ट्रेनों को फास्ट लाइन पर भेजा गया। पटरी से उतरने के कारण कम से कम 60 ट्रेन रद्द कर दी गईं और कई अन्य के संचालन में देरी हुई। पश्चिमी रेलवे के प्रवक्ता ने बताया कि डिब्बों को पटरी पर लाने में करीब साढ़े तीन घंटे लग गए। दुर्घटना की वजह से डाउन स्लो लाइन और दक्षिणी छोर से महालक्ष्मी कारशेड की ओर जाने वाला रेलमार्ग अवरुद्ध हो गया। डिब्बों को पटरी पर लाने के करीब दो घंटे बाद शाम करीब 5 बजकर 35 मिनट पर डाउन स्लो लाइन पर सेवाएं बहाल कर दी गईं।

# पाकिस्तान के कुर्रम में हुई झड़पें, 15 की मौत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के कुर्रम क्षेत्र में दो गुटों के बीच हुयी झड़प में दो महिलाओं और एक बच्चे सहित पंद्रह लोगों की मौत हो गई और सात घायल हो गए। पुलिस का दावा है कि शनिवार सुबह मकबल आदिवासियों की ओर से गोलीबारी किये जाने के बाद लड़ाई शुरू हुयी।

गोलीबारी से दो कंज अलीजई आदिवासी घायल हो गये। पाकिस्तानी अखबार डॉन के अनुसार घटना के तुरंत बाद यात्रियों और अन्य कारों पर हमले हुए और लड़ाई तेजी से जिले के कई इलाकों तक फैल गई। घायलों को पाराचिनार के जिला अस्पताल लाया गया।

# जगन्नाथ मंदिर के रत्न भंडार की रिपोर्ट जल्द जारी होने की उम्मीद

भुवनेश्वर, एजेंसी

- 46 साल के अंतराल के बाद जुलाई में खोला गया था खजाना, कीमती सामानों की सूची का लिया जायजा

ओडिशा के कानून मंत्री पृथ्वीराज हरिचंदन ने रविवार को कहा कि पुरी के जगन्नाथ मंदिर में रत्न भंडार की तकनीकी सर्वेक्षण रिपोर्ट जल्द जारी होने की संभावना है।

भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) ने सितंबर में यह कवायद की थी, जिसमें रत्न भंडार (भगवान जगन्नाथ के खजाने का कक्ष) का ग्राउंड पेनेट्रेटिंग रेडार (जीपीआर) सर्वेक्षण शामिल था। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार को अगले तीन से चार दिनों में जीपीआर सर्वेक्षण रिपोर्ट मिल जाएगी अगर कीमती सामान का कोई छिपा हुआ भंडार पाया जाता है, तो हम आवश्यक कार्रवाई करेंगे। अन्यथा, एएसआई रत्न भंडार की मरम्मत और जीर्णोद्धार का काम शुरू कर देगा। रत्न भंडार को 46 साल के अंतराल के बाद जुलाई में खोला गया था, ताकि कीमती सामानों की सूची का जायजा लिया जा सके और रत्न भंडार की मरम्मत की जा सके।

खजाने के आंतरिक और बाहरी कक्षों से आभूषण और अन्य मूल्यवान वस्तुओं को मरम्मत कार्य के लिए मंदिर के अंदर एक अस्थायी स्ट्रांग रूम में संग्रहीत किया गया है। हरिचंदन ने कहा कि जीर्णोद्धार कार्य पूरा होने और सूची तैयार होने के बाद कीमती सामान को रत्न भंडार में वापस रखा जाएगा।

# यौन उत्पीड़न के आरोपी चिकित्सा अधीक्षक पर कार्रवाई की मांग

**नई दिल्ली।** दिल्ली के अस्पताल में महिला डॉक्टर का यौन उत्पीड़न करने के आरोपी चिकित्सा अधीक्षक के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर रविवार को विधानसभा उपाध्यक्ष राखी बिड़ला के नेतृत्व में आप की महिला नेताओं का प्रतिनिधिमंडल उपराज्यपाल वीके सक्सेना के आवास पर पहुंचा। सूत्रों के अनुसार उप-राज्यपाल कार्यालय को सूचित करने के बावजूद प्रतिनिधिमंडल को उनसे मुलाकात का समय नहीं दिया गया।

बयान अनुसार बिड़ला, आप विधायक धनवती चंदेला, प्रीति तोमर, वंदना कुमारी, भावना गौर एवं कई आप पार्षदों के साथ उपराज्यपाल के आवास के बाहर घंटों खड़ी रहीं, लेकिन उपराज्यपाल से मुलाकात नहीं हो सकी। बिड़ला ने कहा कि उपराज्यपाल महिला विरोधी हैं। हम महिला डॉक्टर के लिए न्याय की गुहार लेकर आए हैं, जिसका एक साल से उत्पीड़न हो रहा है। आरोपी को गिरफ्तार करने के बजाय, डॉक्टर का तबादला कर दिया गया और उसकी शिकायत को नजरअंदाज कर दिया गया।



# दक्षिणी मिस्र में ट्रेनों की टक्कर में 20 लोग घायल

काहिरा। दक्षिणी मिस्र के मिन्या प्रांत में रविवार तड़के लोकोमोटिव और ट्रेन में हुई टक्कर में 20 लोग घायल हो गये, हालांकि अब तक किसी की मौत नहीं हुई है। मिस्र के स्वास्थ्य मंत्रालय ने यह जानकारी दी। मिस्र के रेलवे प्राधिकरण ने बताया कि यह दुर्घटना तब हुई जब लोकोमोटिव दक्षिणी प्रांत असवान से राजधानी काहिरा की ओर जा रही ट्रेन के पिछले हिस्से से टकरा गया, जिससे ट्रेन के दो डिब्बे अलग हो गए। परिवहन मंत्री कामेल अल-वज़ीर ने टक्कर के तकनीकी कारणों का पता लगाने के लिए एक समिति के गठन का आदेश दिया है।

**मिलेगी सुविधा** बुजुर्गों पर केंद्रित अधिक स्वास्थ्य पैकेज एबी-पीएमजेएवाई में जोड़े जाने की संभावना

# छह करोड़ वृद्धों को मिलेगा स्वास्थ्य पैकेज का लाभ

- एबी-पीएमजेएवाई की कार्यान्वयन एजेंसी एनएचए आवश्यकता का कर रही है आकलन

नई दिल्ली, एजेंसी

सरकार की ओर से 70 वर्ष और उससे अधिक आयु के लोगों के लिए स्वास्थ्य कवरेज शुरू करने की तैयारी के बीच आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (एबी-पीएमजेएवाई) की कार्यान्वयन एजेंसी राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण (एनएचए) बुजुर्गों के लिए और अधिक स्वास्थ्य पैकेज जोड़ने की आवश्यकता का आकलन कर रही है। सूत्रों ने बताया कि विस्तारित योजना इस माह के अंत तक शुरू होने की संभावना है। इससे लगभग 4.5 करोड़ परिवारों के छह करोड़ नागरिकों को लाभ मिलेगा।

आधिकारिक सूत्र ने बताया कि योजना के तहत स्वास्थ्य लाभ पैकेज पर निर्णय लेने वाली समिति और अधिक स्वास्थ्य पैकेज जोड़ने की आवश्यकता पर विचार-विमर्श कर रही है, जो विशेष रूप से वृद्धावस्था देखभाल से संबंधित हैं, क्योंकि योजना के शुरू होने के साथ ऐसे लाभार्थियों की संख्या बढ़ जाएगी। यह योजना वर्तमान में व्यापक कवरेज प्रदान करती है, जिसमें सामान्य चिकित्सा, सर्जरी, कैंसर और हृदयरोग जैसी 27 चिकित्सा विशेषज्ञताओं में 1,949 चिकित्सा प्रक्रियाएं शामिल हैं। लाभार्थियों को अस्पताल की सेवाएं, जिनमें दवाएं (अस्पताल से छुट्टी के बाद 15 दिनों की दवाइयां शामिल हैं), डायग्नोस्टिक सुविधाएं (भर्ती से तीन दिन पहले तक), भोजन और आवास सेवाएं निःशुल्क प्रदान की जाती हैं। सूत्र ने बताया कि अल्जाइमर और डिमेंशिया जैसी कुछ मानसिक स्वास्थ्य स्थितियों के कारण अस्पतालों में भर्ती भी वर्तमान योजना के अंतर्गत आती हैं। सूत्र ने कहा कि जिन लोगों के पास पहले से आयुष्मान कार्ड है, उन्हें नए कार्ड के लिए दोबारा आवेदन करना होगा और अपना ईकेवाईसी दोबारा पूरा करना होगा।

70 वर्ष या उससे अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिक तथा पहले से ही एबी-पीएमजेएवाई के अंतर्गत कवर किए गए परिवारों से संबंधित लोगों को अपने लिए प्रति वर्ष पांच लाख रुपये तक का अतिरिक्त टॉप-अप कवर मिलेगा, जिसे उन्हें 70 वर्ष से कम आयु के अन्य परिवार के सदस्यों के साथ साझा नहीं करना होगा। अधिकारियों ने पूर्व में बताया था कि 70 वर्ष या उससे अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिक जो निजी स्वास्थ्य बीमा पॉलिसियों या कर्मचारी राज्य बीमा योजना के अंतर्गत हैं, वे भी इस योजना के तहत लाभ प्राप्त करने के पात्र होंगे।

हालांकि, जो लोग पहले से ही अन्य सार्वजनिक स्वास्थ्य बीमा योजनाओं, जैसे कि केंद्र सरकार की स्वास्थ्य योजना (सीजीएचएस), पूर्व सैनिक अंशदायी स्वास्थ्य योजना (ईसीएचएस) और आयुष्मान केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) का लाभ उठा रहे हैं, वे या तो अपनी मौजूदा योजना चुन सकते हैं या एबी-पीएमजेएवाई का विकल्प चुन सकते हैं।

### हर वर्ग के वृद्ध होंगे मुफ्त इलाज के लिए पात्र

चाहे वह गरीब हो, मध्यम वर्ग हो, उच्च-मध्यम वर्ग हो या अमीर हो, 70 वर्ष या उससे अधिक आयु का प्रत्येक व्यक्ति आयुष्मान कार्ड प्राप्त करने और विस्तारित योजना के शुरू होने पर एबी-पीएमजेएवाई-सूची वाले किसी भी अस्पताल में पांच लाख रुपये तक के मुफ्त इलाज के लिए पात्र होगा। एक सितंबर तक 12,696 निजी अस्पतालों सहित कुल 29,648 अस्पतालों को इस योजना के तहत सूचीबद्ध किया गया था, जिसे वर्तमान में दिल्ली, ओडिशा और पश्चिम बंगाल को छोड़कर 33 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में लागू किया जा रहा है। एक आधिकारिक सूत्र ने बताया कि आधार कार्ड के अनुसार 70 वर्ष या उससे अधिक आयु का कोई भी व्यक्ति इस योजना के तहत आवेदन करने के लिए पात्र होगा। सूत्रों ने बताया कि यह एक आवेदन आधारित योजना है और लोगों को पीएमजेएवाई पोर्टल या आयुष्मान ऐप पर पंजीकरण कराना होगा।